# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025


## सोना ऑलटाइम हाई, 1.06 लाख पर पहुंचा

### इस साल अब तक 29,859 महंगा हुआ



**नई दिल्ली।** सोने के दाम 3 सितंबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार बुधवार को सोना 1,597 रुपए बढ़कर 1,06,021 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,04,424 रुपए पर था। वहीं चांदी 387 रुपए बढ़कर 1,23,220 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,22,833 रुपए थी। चांदी ने 1 अगस्त को 1,23,250 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### नई दिल्ली में इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटी इन पीएम-मित्रा पार्क

## सीएम डॉ. यादव ने कहा- मप्र में बेहिचक पूंजी लगाएं निवेश आपका, बिजनेस आपका, प्रॉफिट भी आपका और सरकार की सभी सुविधाएं आपके लिए ही हैं

# इंटरैक्टिव सेशन में मिले 12 हजार 508 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

- टैक्सटाइल सेक्टर को नया विजन और नई दिशा देगा मध्यप्रदेश का पीएम-मित्रा पार्क
- प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को करेंगे साकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि निवेशकों से आग्रह किया कि वे बेहिचक मध्यप्रदेश में पूंजी लगाएं। निवेश आपका, बिजनेस आपका, प्रॉफिट भी आपका और सरकार की सभी सुविधाएं भी आपके लिए ही हैं। उन्होंने निवेशकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी अपने कारोबार में आगे बढ़ें, आपके व्यापार-व्यवसाय की सफलता की गारंटी हमारी सरकार है।



### धार पीएम-मित्रा पार्क में 15 कंपनियों ने दिखाई रूचि, दिए निवेश के प्रस्ताव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आज दिल्ली में हुए इंटरैक्टिव सेशन में शामिल उद्योगपतियों ने मप्र में टैक्सटाइल सेक्टर में निवेश की रूचि दिखाई है। इससे 15 बड़ी कंपनियों से 12,508 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनमें लगभग 18 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। निवेश करने वाली कंपनियों में ट्राइडेंट ने 4500 करोड़ रुपए, एबी कॉटस्पिन इंडस्ट्री ने 1300 करोड़ रुपए, अरविंद मिल्स ने 1024 करोड़ रुपए।

### प्रधानमंत्री की पहल पर मप्र को मिली बड़ी सौगात

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर देश का पहला पीएम-मित्रा पार्क धार जिले में स्थापित किया जा रहा है, जिसका भूमि-पूजन शीघ्र ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 5 एफ विजन 'फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन' को मध्यप्रदेश सरकार ने एक मिशन के रूप में अपनाया है। हमारा उद्देश्य है कि स्वदेशी कपड़े की गुणवत्ता को वर्ल्ड क्लास का बनाकर इन्हें वैश्विक बाजारों तक पहुंचाया जाए। इसके लिए संपूर्ण वैल्यू चेन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर स्तर पर किसान, बाजार और परंपराओं को गति प्रदान करने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।*

### फ्लाइट में नशे में धुत वकील ने लगाए नारे

**नई दिल्ली।** दिल्ली से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 6571 में उस समय हंगामा मच गया, जब एक वकील ने कथित तौर पर नशे में धुत होकर 'हर हर महादेव' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। इस घटना ने फ्लाइट में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### बड़ा फैसला : जीएसटी परिषद की बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में जबरदस्त कटौती, दो स्लैब खत्म

# 2500 रुपए तक के शूज और परिधानों पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत किया

फैसलों पर सितंबर के तीसरे सप्ताह तक अधिसूचनाएं जारी होने की उम्मीद

- टैक्सटाइल, फर्टिलाइजर, रिन्यूवल एनर्जी, मोटर वाहन, हैंडीक्राफ्ट, एग्री, हेल्थ और इश्योरेंस समेत कम से कम 8 सेक्टर्स को दरों में बदलाव से सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद ने 2,500 रुपए तक के शूज और परिधानों पर जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, 1,000 रुपए तक के शूज और परिधानों पर 5 प्रतिशत कर लगता है। इस सीमा से अधिक पर 12 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 56वीं जीएसटी परिषद की बैठक में राज्य के वित्त मंत्रियों की उपस्थिति में 5 प्रतिशत स्लैब में शूज और परिधान के लिए सीमा को 1,000 प्रति पीस से बढ़ाकर 2,500 रु. प्रति पीस करने का निर्णय लिया गया। जीएसटी परिषद ने बुधवार को 12 और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त करने तथा अधिकांश वस्तुओं को इन स्लैब से हटाकर क्रमशः 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का निर्णय लिया। जीएसटी काउंसिल ने व्यापारियों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए अनुपालन को आसान बनाने और टाइम बाउंड रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने वाले उपायों को मंजूरी दी।

12 और 28% के स्लैब को समाप्त करने का फैसला

स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर कटौती पर भी विशेष ध्यान



जीएसटी परिषद ने बुधवार को अधिकांश वस्तुओं को क्रमशः 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब में लाने का निर्णय लिया

### मकसद उपभोक्ताओं पर टैक्स का बोझ कम करना

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक में कर दरों के समेकन पर गहन चर्चा शुरू हो गई है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं पर टैक्स का बोझ कम करना और टैक्स सिस्टम को सरल बनाना है। इसके साथ ही बैठक में जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर कटौती पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि बीमा पॉलिसियों की लागत कम हो और लोगों के लिए उन्हें लेना आसान बने। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी काउंसिल ने कारोबारियों और कंपनियों के लिए कंप्लायंस को आसान बनाने वाले कई उपायों को मंजूरी दी है।

### कर्नाटक के वित्त मंत्री ने की अतिरिक्त शुल्क की मांग

कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने जीएसटी स्लैब में बदलाव के कारण राज्य के राजस्व नुकसान की रक्षा के लिए अतिरिक्त शुल्क की मांग की है। इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने कहा था कि उनके अनुमान के अनुसार, राज्य को अपने रेवन्यू में सालाना 15,000 करोड़ की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कर्नाटक, पंजाब और पश्चिम बंगाल राज्यों ने जीएसटी काउंसिल से स्लैब में बदलाव के कारण होने वाले अपने राजस्व नुकसान का अनुमान मांगा है। तेलंगाना और सिक्किम जैसे अन्य राज्यों ने भी अपने राज्यों के राजस्व घाटे का अनुमान मांगा है।

### शेयर बाजार में बहार... सेंसेक्स-निफ्टी में शानदार तेजी, 18% तक चढ़े स्टॉक्स!

जीएसटी काउंसिल की बैठक के नतीजों का ऐलान होगा, जिसमें उम्मीद की जा रही है कि बहुत सी वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। इसी उम्मीद को लेकर शेयर बाजार में फैसले से पहले शानदार तेजी आई है। बुधवार को सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,567 पर क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी 135 अंक चढ़कर 24715 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक में भी 406 अंकों की उछाल देखने को मिली। बीएसएफ टॉप 30 के 22 शेयरों को छोड़कर 8 शेयर ही गिरावट पर बंद हुए।

### क्या भारत को बातचीत का सिग्नल दे रहे हैं ट्रंप?



## मोदी-पुतिन व जिनपिंग की मुलाकात के बाद ट्रंप बोले- हम भारत के साथ अच्छे से घुल मिल जाते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एससीओ शिखर सम्मेलन के बाद घबराए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप क्या भारत को बातचीत का सिग्नल दे रहे हैं? हाल के उनके बयान से तो ऐसा ही लगता है। ट्रंप ने काफी सकारात्मक अंदाज में कहा कि भारत के साथ हम बहुत अच्छे तरीके से घुल मिल जाते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह रिश्ता एकतरफा था और भारत अमेरिका पर भारी टैरिफ लगा रहा था। अमेरिकी बाइक कंपनी हार्लि डेविडसन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ये कंपनी इंडिया में अपने बाइक नहीं बेच पाती थी क्योंकि भारत 200 फीसदी टैरिफ चार्ज करता था।

तो क्या होता था। अब हार्लि डेविडसन भारत में आया, उन्होंने अपने प्लांट लगाए, अब उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ता है। जैसा कि हम भी चाहते हैं। ट्रंप के बयानों में एक दोहरा रुख दिखता है। वे भारत पर उच्च टैरिफ और रूसी तेल खरीदने का आरोप लगाते हैं, लेकिन साथ ही बातचीत और समझौते की संभावना को भी खुला रखते हैं। ट्रंप ने इस रणनीति को जापान और ब्रिटेन के साथ आजमाया है। इधर, भारत ने दृढ़ता दिखाते हुए कहा है कि वह अपने हितों जैसे- कृषि, डेयरी, और ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा। लेकिन भारत बातचीत के लिए तैयार है।

- ***ट्रंप इस रणनीति को जापान और ब्रिटेन के साथ आजमा चुके***
- ***लेकिन, भारत दृढ़, कहा- अपने हितों से कोई समझौता नहीं होगा***

### भारत को उम्मीद नवंबर तक ट्रेड डील संभव

इस बीच भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक और सकारात्मक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीजें जल्द ही पटरी पर आ जाएंगी और हम पतझड़ मौसम या नवंबर तक या उसके आसपास द्विपक्षीय व्यापार समझौता कर लेंगे, जैसा कि फरवरी में हमारे दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई थी।

### उल्टा पड़ा ट्रंप का दांव... रूसी तेल पर पुतिन दे रहे तगड़ा ऑफर

रूस की ओर से भारत को तेल पर भारी छूट का ऑफर भी दिया जा रहा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, सितंबर के अंत और अक्टूबर में भारत को रूसी यूराल क्रूड की आपूर्ति ब्रेंट क्रूड से 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल कम पर की जाने का ऑफर है। ट्रंप का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होने के बाद यानी 27 अगस्त से 1 सितंबर के बीच भारत में सरकारी और प्राइवेट रिफाइनरियों ने 11.4 मिलियन बैरल रूसी तेल का आयात किया है। वहीं ऐसा अनुमान भी जताया जा रहा है कि रूस से ऑफर की जा रही छूट के चलते अगले महीने भारत में रूसी तेल के आयात में 10-20% या 1,50,000 से 3,00,000 बैरल प्रतिदिन की अतिरिक्त वृद्धि देखने को मिल सकती है।

### खबर संक्षेप


### आज साढ़े 12 से डेढ़ बजे तक योनो रहेगा बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि 4 सितंबर को मोबाइल बैंकिंग सर्विस कुछ घंटे बंद रहेगी। दोपहर 12:30 बजे से लेकर 01:30 बजे तक यानी कुल 1 घंटे के लिए बैंक की योनो सर्विस काम नहीं करेंगी। बता दें, देश में एसबीआई के 44 करोड़ ग्राहक हैं, जिन पर इसका असर होगा। हालांकि यूपीआई के जरिए पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। साथ ही, एटीएम से कैश निकासी की सुविधा भी पहले की तरह उपलब्ध रहेगी।




### 5 लाख को फ्री लाइसेंस देगी ओपन एआई

**नई दिल्ली।** ओपन एआई ने हाल ही में भारत में शिक्षा क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह 5 लाख छात्रों और शिक्षकों को छह महीने के लिए मुफ्त चैट जीपीटी लाइसेंस उपलब्ध कराएगी। यह कार्यक्रम सरकारी स्कूलों (कक्षा 1 से 12 तक), इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों और के-12 एजुकेटर्स को कवर करेगा। इसे ओपन एआई लर्निंग एक्सेलेटर नाम दिया गया है और यह भारत के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है।



### *गोल्ड लोन के बदले रखा था सोना, दो अफसर भी सस्पेंड*

## बैंक से 2 करोड़ का सोना और 8 लाख कैश चुराने वाले 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में एसबीआई बैंक की ब्रांच से 2 करोड़ रुपए कीमत के सोने के जेवरात और 8 लाख रुपए कैश की चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार रात को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया गया है। इससे पहले इस मामले में बैंक के सेवा प्रबंधक और कैश अधिकारी की लापरवाही सामने आने के बाद दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।



### कुछ दिन पहले बैंक में लगी थी आग

वारदात को लेकर बैंक अधिकारियो की लापरवाही भी सामने आ रही है। बैंक में गार्ड मौजूद रहता है। ऐसे में रात में गार्ड क्यों नहीं था। एक भी अलार्म नहीं बजा, जबकि सभी बैंक में एंटी थेफ्ट कैमरे लगे होते हैं। पिछले माह ही इसी बैंक में देर रात आग लगने की घटना हुई थी। उसके बाद भी अधिकारियो ने सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया।

### *पहले 10 लाख की रिश्वत का लग चुका आरोप*

## डीईओ के घर ईडी का छापा, हाल में हुआ था उनका तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

पूर्व जिला आबकारी अधिकारी (डीईओ) बद्री लाल डांगी के यश नगर स्थित आवास पर बुधवार सुबह ईडी ने छापा मारा है।

हाल ही में बद्री लाल डांगी डांगी का तबादला दतिया हुआ था और सोमवार को उन्होंने दतिया जिला आबकारी अधिकारी के रूप में ज्वॉइनिंग ली है। जानकारी के मुताबिक, ईडी के छापे के समय पूर्व जिला आबकारी अधिकारी के घर में कोई मौजूद नहीं था। इंदौर और भोपाल की 2 टीमों ने यहां दबिश दी। बीएल डांगी मंदसौर में नौकरी के दौरान काफी विवादों में रहे, उनके ऊपर पिपलिया मंडी शराब दुकान से 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था, जिसका वीडियो भी सामने आया था। इसके साथ ही मंदसौर शहर प्रतिबंध के बावजूद शहर से लगातार शराब बिक्री की खबरें भी सामने आती रही ऐसे में उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठे।



## माता के दर्शन करने जुटे हजारों श्रद्धालु साल में एक बार खुलता है मंदिर

भरत भारद्वाज ▶▶ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के आलोर झाटीबन की पहाड़ियों पर विराजमान साल में एक बार खुलने वाले लिंगेश्वरी माता के मंदिर की गुफा के द्वार बुधवार की सुबह 4 बजे पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना व श्रृंगार के पश्चात खोल दिए गए। जिसके बाद कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने बारी बारी से माता के दर्शन किए। इस वर्ष मंदिर खुलने से दो दिन पहले ही से श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया। सोमवार की शाम तक 500 से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। वहीं मंगलवार की शाम 15000 से अधिक श्रद्धालु पहुंच गए थे। देर रात तक श्रद्धालुओं के आने का शिलशिला जारी था, बुधवार की सुबह मंदिर खुलने से पहले हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच चुके थे, जो कतार में खड़े होकर मंदिर के खुलने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर खुलने के बाद श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। इस सम्बंध में मंदिर समिति के पुजारियों ने बताया कि प्रतिवर्ष गुफा के द्वार खोलने पर रेत पर किसी न किसी वन्य जीव के पदचिह्न नजर आते हैं। प्रत्येक जीव के पदचिन्हों का अपना अलग महत्व होता है। इसी क्रम में इस बार दक्षिण दिशा में जाती हुई बिल्ली के पदचिह्न मिले हैं, जो कि अशुभ हैं और भय का संकेत देते हैं।

### आयकर छापों में बड़ा खुलासा: मिला विदेशी कनेक्शन, 20 लॉकर सील, 1 करोड़ नकद भी मिले

फर्जी कंपनियां बनाकर की बोगस बिलिंग

## छापे में मिली डायरी ला सकती है भूचाल...कुछ नौकरशाहों ने नियम विरुद्ध ऑर्डर देकर अपने खातों में डलवाए करोड़ों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग के छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं।

इन कारोबारियों के रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों से लिंक भी सामने आए हैं, जिनके जरिए इन्हें नियम विरुद्ध सप्लाई ऑर्डर मिलते रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के भी कुछ अफसरों की भूमिका जांच के दायरे में आ रही है।

***जितेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य ने यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया***




### पूरी जांच रिपोर्ट सीबीडीटी को सौंपी जाएगी

इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं। जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। कंपाइल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को अलग से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

### जांच में होगी ईडी की एंट्री

आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है। विदेश में उनकी संस्था और कारोबार की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में ईडी की प्रवर्तन निदेशालय (एंट्री) भी तय मानी जा रही है। यह भी पता चला है कि जितेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य ने यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया गया है। जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन कई शेल कंपनियों में डायरेक्टर हैं। बोगस बिलों पर भुगतान लेने के लिए फर्जी कंपनियों को आधार बनाया गया। इनके नाम पर सप्लाई दिखाकर पेमेंट लेने का काम किया गया है।

## पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री, किसानों से भी करेंगे मुलाकात, जानेंगे मैदानी हालात

# पहाड़ से मैदान तक बाढ़-बारिश ने बढ़ाई आफत, कई राज्यों में लोग हलाकान, शिवराज आज करेंगे पंजाब में 'समाधान'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। वे किसानों से मुलाकात करेंगे।अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। बुधवार को उन्होंने पंजाब के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से फोन पर चर्चा भी की। शिवराज प्रातः अमृतसर पहुंचेंगे और सीधे बाढ़ पीड़ित किसान भाई-बहनों से मिलेंगे। वे अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक भी करेंगे। जिसमें मौजूदा स्थिति को लेकर बातचीत और किसानों को मदद पहुंचाने के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी।



### केंद्र सरकार किसानों और भाई बहनों के साथ

सोमवार को भी चौहान ने दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक कर पंजाब के कई इलाकों में बाढ़ के हालात और फसलों के नुकसान को लेकर चिंता जताई थी। साथ ही कहा था कि वे स्वयं स्थिति का जायजा लेने पंजाब जाएंगे। शिवराज ने कहा था कि पंजाब के किसान भाई-बहन चिंता न करें, इस मुश्किल घड़ी में केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है।



### यहां अब तक 30 की मौत, 3.5 लाख लोग प्रभावित

पंजाब में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 23 जिलों के कुल 3.5 लाख लोग बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। गुरदासपुर सबसे ज़्यादा प्रभावित है, जहां 324 गांव प्रभावित हुए हैं, इसके बाद अमृतसर (135 गांव) और होशियारपुर (119 गांव) का स्थान है। आलम यह है कि लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ और सेना तक मैदान में हैं। हालांकि, स्थितियां अभी सुधरती नहीं दिख रही।



### दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात

यहां राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिनों से बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दूसरी तरफ उत्तर भारत के कुछ और राज्यों में भी स्थितियां बिगड़ी हैं। मौसम विभाग इन क्षेत्रों में बारिश को लेकर रेड और यलो अलर्ट जारी कर रहा है। भारी बारिश के कारण यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। यमुना बाजार के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। यमुना बाजार इलाके में एनडीआरएफ की टीम तैनात है। सेना बचाव अभियान चला रही है।

### भाखड़ा और पौंग डैम से छोड़ा पानी

सतलुज, रावी और ब्यास नदियों में आई बाढ़ से जूझ रहे पंजाब की चिंता बुधवार को और बढ़ गई। बड़े पैमाने पर भाखड़ा नांगल डैम और पौंग डैम से पानी छोड़ा गया है। भाखड़ा नांगल बांध से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो आमतौर पर 65 हजार रहा करता है। बाढ़ के हालात हैं।

### कई राज्यों और शहरों में स्कूल बंद

भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर कई राज्यों और शहरों ने छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। रिपोर्ट्स के अनुसार नोएडा, गाजियाबाद, चंडीगढ़ में स्कूलों में छुट्टी दे दी गई है।

## खबर संक्षेप

### कोलकाता मेट्रो में एक दिन में 8 लाख लोगों ने की यात्रा, रिकार्ड बना

**कोलकाता।** कोलकाता को पीएम नरेंद्र मोदी का उपहार खूब रास आ रहा है। हाल ही में शुरू हुई नई मेट्रो लाइनों पर रोज़ाना ताबड़तोड़ भीड़ उमड़ रही है।



उद्घाटन के बाद से ही रिकॉर्ड तोड़ यात्री संख्या दर्ज की जा रही है। 1 सितंबर 2025 को कोलकाता मेट्रो ने अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया। एक ही दिन में 8,07,030 यात्रियों ने मेट्रो से यात्रा की। नई मेट्रो लाइनों पर रोज़ाना लोगों की ताबड़तोड़ भीड़ उमड़ रही है।

### 51 दिन जेल में रहे शख्स को कोर्ट ने किया रिहा पत्नी ने गलती मानी

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने बलात्कार के एक मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया, क्योंकि शिकायतकर्ता महिला ने दावा किया कि उसने किसी गलतफहमी के कारण शिकायत दर्ज कराई थी। 24 नवंबर, 2020 को दर्ज मामले में उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था और अदालत की ओर से जमानत मिलने तक उसे 51 दिन जेल में बिताने पड़े।



## यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2025 में दूसरे दिन प्रधानमंत्री ने कहा

# उत्पादों को करीब से देखा और कहा-कागजी कार्रवाई घटने से चिप उत्पादन का होगा तेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली स्थित यशोभूमि (इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर) में चल रहे सेमीकॉन इंडिया 2025 के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों से बातचीत की और टेक्नोलॉजी से बने प्रोजेक्ट्स और उत्पादों को करीब से देखा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह भारत में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गति के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "फाइल से फैक्टरी तक का समय जितना कम होगा और कागजात जितनी कम होंगे। वेफर का काम उतनी ही जल्दी शुरू हो सकेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है. मंगलवार को पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि दुनिया भारत पर भरोसा करती है और सेमीकंडक्टर के भविष्य को भारत के साथ मिलकर बनाना चाहती है। उन्होंने इस मौके पर चिप्स को 21वीं सदी का 'डिजिटल डायमंड' बताया था।

### वैश्विक सेमीकंडक्टर मार्केट 1 ट्रिलियन डॉलर को पार करेगा



प्रधानमंत्री ने बताया कि वैश्विक सेमीकंडक्टर मार्केट पहले ही 600 अरब डॉलर का हो चुका है और आने वाले वर्षों में यह 1 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। उनका विश्वास है कि भारत जिस गति से इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, उसमें इस 1 ट्रिलियन डॉलर मार्केट का बड़ा हिस्सा भारत के पास होगा।

### देश में 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा

पीएम ने याद दिलाया कि 2021 में सेमिकॉन इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। 2023 तक भारत का पहला सेमीकंडक्टर प्लांट मंजूर हुआ, 2024 में कई और प्लांट्स को मंजूरी मिली और 2025 में 5 नए प्रोजेक्ट्स को भी हरी झंडी दी गई। वर्तमान में देश में 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है, जिनमें 18 अरब डॉलर यानी 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हो रहा है।

### बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रमाण

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत पर बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने इस क्षेत्र में गति की अहमियत बताते हुए कहा कि फाइल से फैक्ट्री तक का समय जितना कम होगा और कागजी कार्रवाई जितनी घटेगी, चिप उत्पादन उतनी तेजी से शुरू होगा।

### निवेशकों के नियम किए आसान

सरकार इसी दृष्टिकोण पर काम कर रही है। इसके लिए नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है, जिससे निवेशकों को केंद्र और राज्यों की सभी मंजूरियां एक ही प्लेटफॉर्म पर मिल जाती हैं। इससे उद्योगपतियों को कागजी झंझट से मुक्ति मिली है।

### खुशखबर

### देशभर में विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर पार्क

*पीएम मोदी ने यह भी बताया कि देशभर में सेमीकंडक्टर पार्क्स विकसित किए जा रहे हैं। प्लग-एंड-प्ले मॉडल पर तैयार हो रहे इन पार्क्स में जमीन, बिजली, पोर्ट और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी, साथ ही स्किल्ड वर्कफोर्स तक आसान पहुंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जब मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर को पीएलआई इंसेंटिव और डिजाइन-लिंक्ड ग्रांट जैसी नीतियों से जोड़ा जाता है, तो औद्योगिक विकास स्वाभाविक रूप से होता है। यही वजह है कि भारत में लगातार विदेशी निवेश आ रहा है और देश सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर बढ़ रहा है। इसके अलावा, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली लागू की गई है। इससे केंद्र और राज्य दोनों से सभी मंजूरियां एक ही मंच पर प्राप्त की जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, निवेशकों को लंबी कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिल गई है।*

### देशभर में सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किए जा रहे

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल के तहत देश भर में सेमीकंडक्टर पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जो भूमि, बिजली आपूर्ति, बंदरगाह और हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी और कुशल श्रमिकों तक पहुंच जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

### बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहनों के साथ जोड़ा जा रहा

उन्होंने कहा कि जब इस तरह के बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहनों के साथ जोड़ा जाता है, तो औद्योगिक विकास अवश्यंभावी है। चाहे पीएलआई प्रोत्साहनों के माध्यम से हो या डिजाइन से जुड़े अनुदानों के माध्यम से, भारत संपूर्ण क्षमताएं प्रदान कर रहा है।

## 'वोट चोरी' पर कांग्रेस खुद घिरी

# पवन खेड़ा के बाद पत्नी के पास भी मिले दो वोटर आईडी कार्ड



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं। भाजपा ने कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए राहुल गांधी को भी घेरा है। भाजपा ने कहा है कि राहुल गांधी अपनी ही पार्टी के नेताओं के आपराधिक कारनामों से खुद को अलग नहीं कर सकते।

### नीलिमा ने फिलहाल कुछ नहीं कहा

भाजपा के नए आरोपों पर कांग्रेस, पवन खेड़ा या उनकी पत्नी कोटा नीलिमा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। नीलिमा तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सक्रिय नेता हैं। इससे पहले मंगलवार को भाजपा के आरोपों के बाद दिल्ली निर्वाचन कार्यालय ने खेड़ा को नोटिस जारी कर दिया है। पवन खेड़ा को मतदाता सूची में 2 बार नाम दर्ज कराने को लेकर छह दिन के अंदर अपना जवाब देने के लिए कहा गया है।

### यह संयोग नहीं, कांग्रेस नेतृत्व जिम्मेदार

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना के खैरताबाद (60) विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार और पवन खेड़ा की पत्नी, एक दूसरी कांग्रेस नेता कोटा नीलिमा के पास भी दो मतदाता फोटो पहचान पत्र हैं, एक खैरताबाद में पंजीकृत है और दूसरा नई दिल्ली में। मालवीय ने कहा कि अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं के पास कई एपिक नंबर हैं।



### वोट चोरी में शामिल लोग लोकतंत्र को बदनाम कर रहे

मालवीय ने कहा कि वोट चोरी में लिप्त लोग ही लोगों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बदनाम कर रहे हैं। संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी अपने ही खेमे के भीतर, खासकर सार्वजनिक पद के इच्छुक लोगों की आपराधिक गतिविधियों से खुद को मुक्त नहीं कर सकते। मालवीय ने चुनाव आयोग से जांच शुरू कराए जाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक

# ई-वेस्ट से निकाले जाएंगे कीमती खनिज इससे 70 हजार रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई अहम फैसलों पर केंद्रीय कैबिनेट ने मुहर लगाई है। इसमें मंत्रिमंडल ने देश में महत्वपूर्ण खनिजों के रिसाइकिलिंग को बढ़ावा देने 1,500 करोड़ की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक 6वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी। इस योजना के तहत2 तरह की सब्सिडी मिलेगी। जिसमें पहली कैपेक्स सब्सिडी है, इसके तहत प्लांट और मशीनरी लगाने के लिए 20 फीसदी सब्सिडी मिलेगी।



### हजारों नौकरियां सृजित होने की उम्मीद

यह महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण के लिए बैटरी अपशिष्ट और ई-कचरे को रिसायकल करने की क्षमता के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह योजना नई इकाइयों में निवेश के साथ-साथ मौजूदा इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण या विविधीकरण पर भी लागू होगी। प्रति इकाई कुल प्रोत्साहन (कैपेक्स प्लस ओपेक्स सब्सिडी) बड़ी इकाइयों के लिए 50 करोड़ और छोटी इकाइयों के लिए 25 करोड़ रुपये की समग्र सीमा के अधीन होगा। इस योजना से लगभग 8,000 करोड़ का निवेश आने तथा लगभग 70,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

## गिरिराज ने की समीक्षा बैठक

# एमएसपी पर कपास खरीद 550 केंद्रों पर बिना बाधा, पारदर्शी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कपास की एमएसपी को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दिल्ली में वस्त्र विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की है। बैठक का उद्देश्य 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के दौरान कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य के कार्यान्वयन की तैयारियों का आकलन करना था। कपास किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सिंह ने आश्वासन दिया कि एमएसपी दिशानिर्देशों के तहत कपास की सभी खरीद बिना किसी व्यवधान की जाएगी, जिसमें समय पर, पारदर्शी और किसान-केंद्रित सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### खरीद केंद्र स्थापित करने एक समान मानदंड तय किए

उन्होंने कपास किसानों के हितों की रक्षा करने और डिजिटल रूप से सशक्त इकोसिस्टम की दिशा में परिवर्तन को गति देने के सरकार के दृष्टिकोण की पुष्टि की। सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप सभी प्रक्रियाएं पूरी तरह से फेसलेस और पेपरलेस हैं, जिससे किसानों और अन्य हितधारकों का एमएसपी संचालन में विश्वास और भरोसा मजबूत हो रहा है।



## निलंबन के एक दिन बाद कविता ने छोड़ी बीआरएस

# पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और एमएलसी पद से दिया इस्तीफा

## पिता को किया सचेत, पार्टी व परिवार में किया जा रहा मतभेद

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस ) द्वारा निलंबित किए जाने के एक दिन बाद पार्टी के संस्थापक व प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया। बुधवार को हैदराबाद में एक पत्रकार वार्ता में कविता ने अपने पिता और भाई के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर कहा कि विरोधी चाहते हैं कि हमारा परिवार बिखर जाए।

### बीआरएस को नियंत्रित करने की साजिश हो रही



कविता ने निलंबन को पूरी बीआरएस को नियंत्रित करने की साजिश का हिस्सा बताया। कविता ने पिता केसीआर से अपने आसपास हो रही गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कहा। कविता ने यह भी कहा कि तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद से वे विभिन्न मुद्दों के लिए लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरे खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया गया तो भाई रामा राव ने मेरा समर्थन नहीं किया।

### भाई रामा राव को किया आगाह, उनसे सचेत रहे, वे शुभचिंतक नहीं

कविता ने रिश्तेदारों हरीश राव और जे. संतोष कुमार के खिलाफ तीखा हमला करते हुए अपने भाई रामा राव को आगाह किया कि वे उनके शुभचिंतक नहीं हैं। हरीश और संतोष के भ्रष्टाचार के कारण केसीआर के खिलाफ सीबीआई जांच हो रही है, वे भरोसा करने लायक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हरीश और अन्य लोग कांग्रेस- भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और बीआरएस को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## मराठा आंदोलन हो गया खत्म, लेकिन पीछे छोड़ गया 'जख्म'

# सरकारी संपत्ति के नुकसान पर अदालत ने मांगा हलफनामा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में बताया कि मराठा आरक्षण को लेकर उनका आंदोलन अब खत्म हो चुका है, क्योंकि मामला सरकार के साथ सुलझ गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति आरती साठे की खंडपीठ ने उनकी बात को स्वीकार किया, लेकिन यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान हुई अन्य घटनाओं और शिकायतों पर जवाब देना होगा। कोर्ट ने पूछा कि सरकारी संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है, उसका जिम्मेदार कौन है? जरांगे के वकील सतीश मानशिंदे और वीएम थोराट ने कोर्ट में दलील दी कि आंदोलन शांतिपूर्ण था और सिर्फ आम जनता को असुविधा हुई, संपत्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। कोर्ट ने कहा कि जरांगे और आंदोलन से जुड़ी संस्थाओं को हलफनामा दाखिल करना होगा, जिसमें यह साफ लिखा हो कि वे किसी भी तरह की हिंसा या तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

### जरांगे 4 सप्ताह में जवाब पेश करें और चेतावनी भी दी



पीठ ने कहा कि अगर हलफनामे में इनकार नहीं किया गया, तो जरांगे और उनकी टीम को उपद्रव का भड़काने वाला माना जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर सही तरीके से हलफनामा दाखिल हो जाता है, तो कोई सख्त आदेश नहीं दिया जाएगा, बल्कि याचिकाएं निपटा दी जाएंगी। कोर्ट ने जरांगे और उनकी टीम को चार सप्ताह का समय दिया है।

### समर्थकों से शांति की अपील की

जरांगे ने कहा कि मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के मराठा समाज को अब आरक्षण मिलेगा। उन्होंने अपने समर्थकों से शांति बनाए रखने और उनके फैसले पर भरोसा रखने की अपील की। मुंबई में हड़ताल खत्म करने के बाद छत्रपति संभाजीनगर लौटे जरांगे अब एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

### आजाद मैदान में 125 टन कचरा नियम तोड़ने पर 9 मामला दर्ज

मुंबई के आजाद मैदान में हुए मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान पांच दिन में 125 टन से ज्यादा कचरा इकट्ठा हुआ। बीएमसी (बृहन्मुंबई नगर निगम) के अनुसार इस दौरान हजारों लोग मैदान और आसपास के इलाकों में डटे रहे, जिससे कचरे का ढेर लग गया। 9 लोगों पर केस दर्ज किया है। आंदोलनकारियों ने सड़कों और फुटपाथों पर रहकर खाना पकाया, खाया, सोए और नहाए। अधिकारी ने बताया कि 29 अगस्त को आंदोलन की शुरुआत में 4 टन कचरा इकट्ठा हुआ। 30 अगस्त को 7 टन जमा हुआ, जबकि 31 अगस्त और 1 सितंबर को 30-30 टन जमा हुआ। वहीं 2 सितंबर को सबसे ज्यादा 57 टन कचरा उठाया गया। इस कचरे की सफाई के लिए 466 कर्मी, दर्जनों गाड़ियां और मशीनें तैनात की गईं।

## बंगाल सरकार ने दी सुप्रीम कोर्ट में दलील

# विधेयकों की विधायी क्षमता राज्यपाल नहीं जांच सकते, ऐसा मामला नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय-सीमा तय करने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि विधेयकों की विधायी क्षमता की जांच राज्यपाल नहीं कर सकते। बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ये भी कहा कि आजादी के बाद से शायद ही कोई ऐसा उदाहरण हो जहां राष्ट्रपति ने संसद द्वारा पारित किसी विधेयक को जनता की इच्छा के कारण रोका हो।



### बंगाल सरकार ने दी ये दलील

राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई के 7वें दिन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की पीठ के सामने सिब्बल ने कहा कि किसी विधेयक की विधायी क्षमता का परीक्षण अदालतों में किया जाना चाहिए। किसी कानून को नागरिक या कोई अन्य व्यक्ति अदालत में चुनौती दे सकता है। राज्यपाल यह कहें कि मैं विधेयकों को मंजूरी नहीं दे सकता तो ये अत्यंत दुर्लभ और विरलतम मामला है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



श्योपुर में बाढ़ के हालात

## प्रदेश में भोपाल सहित कई जिलों में रुक-रुककर बारिश का दौर जारी

# हरदा में नदियां उफान पर, 100 से ज्यादा गांवों का संपर्क टूटा श्योपुर में चूड़ी मार्केट डूब गया, पांच डैमों के गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सहित राजधानी में बुधवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। हरदा में बारिश के चलते अजनाल, मटकुल, देदली, माचक और गंजाल नदियां उफान पर हैं। जिले में औसतन 2.93 इंच बारिश दर्ज की गई है। मटकुल नदी में उफान के कारण रहटा खुर्द के पास पुल पर 4-5 फीट पानी भर गया है। कनारदा, बालागांव और कुकरावद के पास भी नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है।

पचमढ़ी, रतलाम-नरसिंहपुर में 1 इंच, इंदौर, खरगोन, भोपाल, ग्वालियर-शिवपुरी में पौन इंच, उज्जैन, दमोह और रायसेन में आधा इंच से अधिक पानी गिरा

### बरगी डैम के 9 गेट खुले

जबलपुर में दोपहर करीब 12 बजे बरगी बांध के 9 गेट खोले गए। डैम में कुल 21 गेट हैं। उमरिया में संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के तीन गेट, शिवपुरी में अटल सागर बांध मडीखेड़ा के दो, ग्वालियर में तिघरा डैम के 7 जबकि तवा डैम के 5 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। बुधवार को शिवपुरी के गांव की एक बीमार महिला को इलाज के लिए ग्रामीणों ने ट्यूब पर बैठाकर नदी पार कराया। तब जाकर वह अस्पताल पहुंच सकी। शहडोल के सोहागपुर के वार्ड नंबर 2 में एक कच्चा मकान गिर जाने से उसमें सो रहा परिवार बाल-बाल बच गया।




हरदा में पुल के ऊपर पानी

### आज यहां अति भारी बारिश

गुरुवार तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, देवास, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में कुछ जगह अति भारी बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, श्योपुरकलां, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर जिलों में अधिकांश जगह मध्यम बारिश होगी।

## खबर संक्षेप

### एसएससी सीजीएल परीक्षा 12 सितंबर से



**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएल) टियर 1 परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। एसएससी सीजीएल टियर 1 परीक्षा देश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 12 सितंबर से आयोजित होगी। एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in के माध्यम से नोटिस देख सकते हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती के मामले पर जवाब देने के लिए मोहलत मांगी गई । चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष बुधवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखने के लिए समय मांगा। आग्रह स्वीकार कर कोर्ट ने चार सप्ताह का समय दे दिया। अगली सुनवाई 28 अक्टूबर तय की गई।

### ई-वेस्ट से निकाले जाएंगे कीमती खनिज



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई अहम फैसले हुए। देश में महत्वपूर्ण खनिजों के रिसायक्लिंग को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। यह महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण के लिए बैटरी अपशिष्ट और ई-कचरे को रिसायकल करने की क्षमता के विकास को प्रोत्साहित करता है।

## सीएम डॉ. यादव की साफ चेतावनी : जो अफसर जिला नहीं चला पा रहे हैं वे हटेंगे

# मप्र में खाद वितरण में गड़बड़ी पर कलेक्टर ही होंगे जवाबदार

उर्वरक वितरण व्यवस्था की हो सघन मॉनीटरिंग और अनुचित गतिविधियों पर करें कठोर कार्रवाई



### खाद वितरण में कालीबाजारी पर 53 एफआईआर और 88 लाइसेंस किए निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिलों में खाद वितरण को लेकर आ रही शिकायतों पर संबंधित जिलों के कलेक्टरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने कहा कि जो कलेक्टर खाद वितरण से लेकर जिले की अन्य प्रशासनिक व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे हैं, किसानों का गुस्सा कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें हटाना पड़ेगा। उन्होंने कलेक्टरों से कहा कि जहां भी खाद वितरण ठीक से नहीं हो रहा है, इसका मतलब कलेक्टर जिला नहीं चला पा रहे। मुख्यमंत्री ने ऐसे कलेक्टरों पर अल्टीमेटम देते हुए खासी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को प्रदेश के अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में खाद वितरण की स्थिति की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की अतिवृष्टि तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और जिलों में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा। इसमें सभी जिलों के कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी वर्चुअली जुड़े

» *रीवा में पिछले दिनों खाद वितरण के दौरान किसानों पर लाठीचार्ज पर मुख्यमंत्री खासे नाराज हुए*

» *अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत के लिए हो तत्काल इंतजाम*

**जनहानि और पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे में राहत उपलब्ध कराई जाए, सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ**



### जिले में उपलब्ध उर्वरक की वास्तविक स्थिति से निरंतर करावाएं अवगत

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में उर्वरक उपलब्धता की सघन समीक्षा की जाए। साथ ही जिले में उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक की जानकारी जनप्रतिनिधियों से भी साझा करें, इससे किसानों को जिले में उर्वरक उपलब्धता की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने में मदद मिलेगी। जिला प्रशासन डबल लॉक, पैक्स और निजी विक्रय केंद्रों का आकस्मिक सत्यापन और उनकी मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से करें। अतिरिक्त विक्रय केन्द्र की आवश्यकता होने पर उनका संचालन तत्काल शुरू किया जाए।

### उर्वरक की बेहतर वितरण व्यवस्था में हुए नवाचारों का करें अनुसरण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में धार, दमोह, जबलपुर और रीवा के कलेक्टरों से चर्चा की। दमोह कलेक्टर ने बताया कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर वितरण व्यवस्था में उनका सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही टोकन वितरण और उर्वरक वितरण को अलग-अलग किया गया है। टोकन तहसील कार्यालय से बांटे जा रहे हैं।*

### बाढ़ और अतिवृष्टि में जनहानि और पशु हानि पर 24 घंटे में राहत उपलब्ध कराएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जिन-जिन क्षेत्रों में भी अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलों को क्षति हुई है, वहां राहत के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की जाए। साथ ही जनहानि और पशु हानि की स्थिति में 24 घंटे में राहत उपलब्ध कराई जाए। बाढ़ के दौरान अस्थाई कैम्प व्यवस्था, राशन वितरण, भोजन वितरण आदि की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सामग्री सभी संभावित स्थानों पर उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि बाढ़ और अतिवृष्टि में कुल 394 जनहानि हुई और 5 हजार से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए। बाढ़ से 1814 पशुहानि भी दर्ज की गई। शिवपुरी, बुरहानपुर, दमोह, अशोकनगर, धार, छतरपुर, रायसेन, उमरिया, बड़वानी, मंडला और कटनी जिलों का कुल 12 हजार हेक्टेयर रकबा अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित हुआ है। प्रभावित 17 हजार 500 कृषकों के लिए 20 करोड़ रुपए से अधिक की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

## अरबपति निवेशक मार्क मोबियस का दावा

# विकास दर में भारत को पछाड़ना चीन के लिए अब तो 'नामुमकिन'



» *भारतीय व्यवसाय अफ्रीका जैसे अन्य बाजारों में मैन्युफैक्चरिंग को स्थानांतरित करके अनुकूलन कर सकते हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा है कि भारत एक उभरता हुआ प्रमुख बाजार है और चीन लंबे समय में भारत की वृद्धि दर में पीछे नहीं छोड़ सकता है। मोबियस ने कहा कि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क और अल्पकालिक अस्थिरता के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सरकारी सुधार के कारण अन्य उभरते बाजारों पर अपनी बढ़त बनाए रखेगा। मोबियस ने अपने पोर्टफोलियो का लगभग 20 प्रतिशत भारत में निवेश किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने से फार्मा, जेम्स और परिधान जैसे क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं।

### निर्यात से आर्थिक विकास में 0.75 प्रतिशत तक की कमी

मोबियस ने कहा कि भारतीय उद्यमी बहुत रचनात्मक हैं। निर्यात से आर्थिक विकास में ज्यादा से ज्यादा 0.5 प्रतिशत से 0.75 प्रतिशत की कमी आ सकती है। लेकिन भारत का घरेलू बाजार बहुत बड़ा है और अभी भी तेजी से बढ़ रहा है। अगर विकास दर का अनुमान 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत भी हो जाए, तो भी यह कोई बड़ी बात नहीं है। अरबपति निवेशक ने कहा कि अमेरिकी सरकार को रूस से तेल आयात के लिए भारत को अलग से ट्रीट नहीं करना चाहिए।


### भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता

इससे पहले दिग्गज निवेशक ने कहा था कि भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। भारत की जनसंख्या अब चीन से काफी ज्यादा है। कुछ ही वर्षों में, भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 2025 तक, कुल सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे रहेगा।

## चूहे के कुतरने से दूसरे नवजात की भी मौत

# लापरवाही से गई मासूमों की जान हाईलेवल कमेटी करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



शहर के सबसे बड़े सरकारी एमवाय अस्पताल के एनआईसीयूमें भर्ती एक और नवजात की बुधवार को मौत हो गई। चूहों ने सोमवार को उसके हाथ-पैर कुतरे थे।

इससे पहले मंगलवार को भी एक नवजात बच्ची ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने अस्पताल अधीक्षक को पत्र लिखकर एक महीने में जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डीन से स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया और अन्य को शोकॉज नोटिस दिया है। मामले की जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई गई है। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने चूहे के काटने से मौत होने की बात से इनकार किया है।

## फौजी की पत्नी से ठगे 5 लाख

# अब मछली और कछुए ने भी कराया डिजिटल 'अरेस्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

50 वर्षीय महिला को फर्जी क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बनकर 5.09 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने 40 घंटे तक महिला को डिजिटल अरेस्ट कर धमकाया। शिकायत पर साइबर सेल की मदद से तीन आरोपियों राजेश, बलराम और युक्ति को गिरफ्तार कर नकदी व मोबाइल जब्त किए गए। बिरला ग्राम थाना क्षेत्र पुलिस ने ऐसे मामले का खुलासा किया है, जिसमें 21 दिनों पहले एक महिला को डिजिटल अरेस्ट रखा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयूर खंडेलवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक नागदा विक्रम अहिरवार ने बताया कि सरोज माली पति कुंदनलाल माली (50) निवासी वसंत विहार कॉलोनी, नानाखेड़ा उज्जैन ने थाना बिरलाग्राम पर 15 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।

■ ठग 21 दिन तक डराते रहे



## डोल ग्यारस: पालकी पर निकले भगवान काल भैरव

### सशस्त्र पुलिस जवानों ने सलामी दी



### गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू

*हरिभूमि न्यूज। उज्जैन*

*बुधवार को डोल ग्यारस पर उज्जैन समेत कई शहरों में डोल निकाले गए। शाम चार बजे से भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित बाबा महाकाल के सेनापति श्रीकाल भैरव मंदिर से बाबा काल भैरव की सवारी राजसी वैभव के साथ धूमधाम से निकली। सवारी शुरू होने से पहले कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने बाबा कालभैरव का पूजन किया। वही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन भी हुए।*

## खंडवा में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# दो युवक गिरफ्तार, प्रतिबंधित संगठन सिमी में शामिल होने की आशंका, पिस्टल बरामद

सिमी के पूर्व पदाधिकारी के बेटे व एक अन्य युवक से महाराष्ट्र पुलिस ने की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



शहर में दो स्थानों से अवांछनीय गतिविधियों और प्रतिबंधित संगठन सिमी की गतिविधियों में लिप्त होने की शंका में पुलिस ने मंगलवार रात दो युवकों को पकड़ा था। यह कार्रवाई महाराष्ट्र एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ( एटीएस) से मिले इनपुट पर की गई है। पकड़े गए जलील पुत्र मोहम्मद खिलजी और एक अन्य युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा जांच व पूछताछ की गई। इस दौरान जलील के पास से एक देशी पिस्टल और मैग्जिन जब्त होने पर उसके विरूद्ध आम्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। जलिल खिलजी के पिता अकील खिलजी प्रतिबंधित संगठन सिमी का सक्रिय पदाधिकारी था। वर्ष 2011,2012 और 2015 में आरोपी के विरूद्ध शासकीय कार्य में बाधा,विस्फोटक एक्ट और मारपीट के प्रकरण दर्ज है। देश में सिमी का स्लीपर सेल फिर सक्रिय होने से देश भर की जांच ऐजेंसियां इस नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। खंडवा सिमी का पहले गढ़ रहने से आईबी,एनआईए और विभिन्न प्रदेशों की एटीएस की पैनी नजर ऐसी गतिविधियों पर है।

## गांव वालों ने मुनादी कराई- जो ढूंढेगा उसे देंगे इनाम

# रीवा में रातों-रात चोरी हो गए एक साथ तीन 'तालाब'!

संभवतः ऐसी चोरी की शिकायत संबंधित थाने में पहली बार दर्ज हुई होगी, पुलिस भी उधेड़बुन में है कि जांच करे तो कैसे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

अलग खबर

यह मामला रीवा का है, यहां के ग्रामीणों ने थाने में पूरे तालाब की ही चोरी का मामला दर्ज कराया है वो भी एक नहीं बल्कि तीन-तीन। संभवतः ऐसी चोरी की शिकायत संबंधित थाने में पहली बार दर्ज हुई होगी।पुलिस भी उधेड़बुन में है कि जांच करे तो कैसे? परेशान गांव वालों ने बाकायदा इलाके में मुनादी भी करवा दी कि जो भी चोरी हुए तालाब को ढूंढ कर लाएगा उसे उचित इनाम दिया जाएगा। मामला रीवा कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के भी संज्ञान में पहुंचा।

» कागजों में तो तालाब बन गया लेकिन हकीकत की जमीन पर वो था ही नही



### तालाब को बनाने में खर्च हुए 24.94 लाख

मामला पूर्वा मनीराम पंचायत और उसके बगल के पंचायत अमिलिया का है। यहां ग्रामीणों ने सेचाकघट थाने में तालाब की चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। तालाब के निर्माण में 24.94 लाख रुपए का खर्च भी पंचायत की ओर से दिखाया गया है।


### आखिर तालाब चोरी की सच्चाई क्या है?

मामले में राजस्व विभाग का एक पत्र भी सामने आया है जिसे कलेक्टर को भेजा गया है। इस पत्र के मुताबिक ग्राम पंचायत पुर्वामनीराम में अमृत सरोवर का निर्माण शासकीय भूमि पर नहीं बल्कि निजी भूमि पर किया गया था। यहां एक नाला बहता था जिसकी एक शाखा को इस भूमि की ओर मोड़ा गया और फिर इसके किनारों पर मेढ़ (बांध) तैयार करके तालाब बताया गया। इस एवज में पैसे भी निकाले गए।

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर लगाम कसना समय की जरूरत

दुनियाभर में सोशल मीडिया को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसमें दोराय नहीं होनी चाहिए कि अनेक मौकों पर सोशल मीडिया में समाज में एकजुटता लाने में अहम भूमिका निभाई है। नागरिक अधिकारों को लेकर अनेक देशों में छिड़े आंदोलनों में इसी मीडिया का महती योगदान रहा। ट्यूनीशिया से लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को गति देने में सोशल मीडिया ने बड़ी भूमिका थी। दुनिया ही नहीं, भारत में भी अण्णा आंदोलन की सफलता की जड़ में सोशल मीडिया ही था। इसका इतना प्रचार हुआ कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन की जड़ें देश के गांव-देहात तक पहुंचने में महज कुछ ही दिन लगे। इतना ही नहीं, दिल्ली के निर्भया कांड को कौन भूल सकता है। यह सोशल मीडिया पर इतना चर्चित हुआ कि सरकार को आधी आबादी की सुरक्षा के लिए कानून में बदलाव करना पड़ा। देश से लेकर विदेशों तक के लोगों को एक साथ जोड़ने में सोशल मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह रही कि सोशल मीडिया को वैश्विक इतिहास का सबसे क्रांतिकारी आविष्कार कहा जाने लगा, लेकिन बीते कुछ बरसों में ऐसा बहुत कुछ हुआ जिससे यही सोशल मीडिया दैत्याकार और विनाशक के रूप में देखा जाने लगा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि सोशल मीडिया में बहुत कुछ अच्छा प्रसारित हो रहा है, लेकिन इस अच्छे की तुलना में फेक न्यूज, भ्रामक सामग्री और किसी की भी इज्जत उछालने वाला कटेंट अधिक फैलाया जा रहा है। इससे न सिर्फ लोगों का भ्रम बढ़ा है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की चुनौती भी बढ़ी है। फेक न्यूज को ऐसे फैलाया जाता है कि सामान्य यूजर तक उसकी सच्चाई नहीं समझ पाता। इसी संदर्भ में सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने तो यहां तक कह दिया कि वे सोच रहे हैं कि एंड्रॉयड फोन की बजाय फीचर फोन ले लें, ताकि नकारात्मकता से बचे रह सकें। सोशल मीडिया समाज में नकारात्मकता का जहर घोल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 तक भारत में लगभग 491 मिलियन (59.1 करोड़) सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे, जो देश की कुल जनसंख्या का 33.7 फीसदी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि हर साल इनमें में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश में 56.6 करोड़ से अधिक फेसबुक उपयोगकर्ता हैं। 491 मिलियन (करीब 49.1 करोड़) लोग यूट्यूब और 414 मिलियन (41.4 करोड़) इंस्टाग्राम चलाते हैं। हालांकि इनमें एक बड़ी भीड़ महज मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया पर है। इन्हें जो परोसा जा रहा है, उस पर भी विचार किया जाना बहुत जरूरी है। यही टिप्पणी बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट ने की। हाईकोर्ट ने कहा कि आजकल यूट्यूब पर झूठी और आपत्तिजनक बातें इतनी आसानी से फैल रही हैं कि इन्हें रोकने के लिए मानहानि का कानून काफी नहीं है। लोग बेझिझक किसी को भी बदनाम कर रहे हैं और उनकी निजी जिंदगी में दखल दे रहे हैं, इस पर काबू पाने के लिए एक ठोस नीति बनाने की जरूरत है। हाईकोर्ट कन्नड़ प्रभा के एडिटर-इन-चीफ रवि हेगडे की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अदालत ने ऐसी टिप्पणी की हो। सरकार को चाहिए कि सोशल मीडिया को लेकर एक कानून बनाए, जिसमें एक लक्ष्मण रेखा तय की जाए ताकि कोई उसे पार करने की हिम्मत न करें। आम जनमानस को भी चाहिए कि भ्रामक प्रचार करने वाले सोशल मीडिया चैनलों का बहिष्कार करें। तभी उन पर लगाम लग सकेगी। यही समय की जरूरत है।



## एसआईआर
शशिधर खान

# तूल पकड़ रहा बिहार में घुसपैठिया विवाद

> चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिर दोहराया है कि असम के साथ पूरे देश को अवैध विदेशी घुसपैठियों से मुक्त कराने का वादा निभाएंगे। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने असम से ही यह वादा किया था, जिसे 10 साल में पूरा नहीं कर पाए, लेकिन वादा निभांएगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर भाषण में घोषित केन्द्र का उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिसन घुसपैठियों की पहचान दिशा में एक निर्णायक कदम है। केन्द्रीय गृह मंत्री उस समय यह बात कर रहे थे, जब सुप्रीम कोर्ट घुसपैठियों को निकाल बाहर करने का आधार और बंगला भाषा को इसका जरिया बनाने के आरोपों पर केंद्र सरकार को जवाब-तलब कर रही थी। जस्टिस सूर्यकान्त और जस्टिस जोयमाल्या बागची की सुप्रीम कोर्ट पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार से कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अधिसूचना को स्पष्ट करें, जिसमें अधिकारियों को अवैध आप्रवासियों की देशव्यापी पहचान अभियान चलाने और उन्हें निकाल बाहर करने को अधिकृत किया गया है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने केंद्र से इन आरोपों पर भी जवाब मांगा कि बंगला-भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके यह अभियान चलाया जा रहा है।

29 अगस्त को ही अमित शाह असम के मतदाताओं से अपना वादा याद दिला रहे थे। उसी दिन चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 'संदिग्ध नागरिकता' को लेकर लगभग 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनके बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और यहां तक कि अफगानिस्तान से भी आने का संदेह है। ये मतदाता पश्चिम बंगाल और नेपाल की सीमा से सटे पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मधुबनी, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल के हैं। उनमें ज्यादातर बंगला भाषी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं। किशनगंज जिले से रिपोर्ट है कि नेपाल से आयी बहुओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ रहा है। बंगला भाषी अल्पसंख्यकों को लक्ष्य करके एसओपी अभियान चलाने का केंद्र सरकार पर आरोप पश्चिम बंगाल से निकलकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है और सबसे ज्यादा इसको लेकर विवाद पश्चिम बंगाल में ही तूल पकड़ा है । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य के साथ-साथ असम में भी बड़ी तादाद में बंगलाभाषी अल्पसंख्यकों के समर्थन में केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। केंद्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब देने पहुंचे अटोर्नी जनरल तुषार मेहता ने पीठ के दोनों जजों को यह कहकर आश्वस्त करना चाहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया (एसओपी) अभियान को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता संगठन के पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समर्थन किया जाना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने शीर्ष कोर्ट पीठ को बताया कि 'भारत अवैध आप्रवासियों की विश्व राजधानी नहीं है। घुसपैठ की समस्या संसाधन चटकर जाती है,जो भारतवासी नागरिकों के लिए है।' एसओपी अधिसूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 02 मई को जब जारी की और विदेशी घुसपैठियों की पहचान निकाल-बाहर अभियान शुरू हुआ, उसी समय सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गयी। याचिका दायर करने वाले पश्चिम बंगाल आप्रवासी



कामगार कल्याण बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि 'बांग्लादेशी' होने के संदेह में बंगाली बोलने वाले पश्चिम बंगाल के मुसलमानों को लक्ष्य करके उन्हें हिरासत में रखा जा रहा है। बंगाल आप्रवासी कामगार बोर्ड की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक गर्भवती महिला सोमाली बीबी का मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश किया और बताया कि उसकी नागरिकता निर्धारित किए बगैर सोनाली बीबी को कथित रूप से बांग्लादेश भेज दिया गया। उन्होंने दलील दी कि इस तरह निकाल-बाहर करना अवैध है, क्योंकि इसके लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गयी और इस बात के भी सबूत नहीं हैं कि ऐसे लोगों को स्वीकार करने के लिए बांग्लादेश से कोई समझौता हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले 28 अगस्त को भारत और बांग्लादेश के बीच घुसपैठ पर रोक लगाने के संबंध में सहमति बनी है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपदस्थ किए जाने के बाद 5 अगस्त को भारत आ गयीं। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़े हुए हैं  लेकिन घुसपैठ पर अंकुश लगाने के मामले पर सीमा सुरक्षा बल के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने ढाका जाकर बातचीत की। ढाका ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल पर अवैध रूप से आप्रवासियों को भेजने का आरोप लगाया। बांग्लादेशी सीमा सुरक्षा बल का आरोप था कि भारतीय और म्यांमार राष्ट्रीयता वालों को गैरकानूनी तरीके से बांग्लादेश भेजा जा रहा है। जबकि भारतीय अधिकारियों का कहना था कि आपसी सहमति से अपनायी गयी प्रक्रिया के तहत घुसपैठियों को निकाला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने माना कि यह 'जटिल मुद्दा' है और विभिन्न देशों ने इस पर अलग-अलग नीतियां अपना रखी है। संयोग कुछ ऐसा है कि बिहार के मतदाता सूची विवाद की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट पीठ के एक जज जस्टिस सूर्यकान्त ने ही नागरिकता कानून के सेक्शन 6ए पर फैसला लिखा था, जो बांग्लादेश से आए आप्रवासियों को नागरिकता देने से जुड़ा है। अगले वर्ष असम और पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव है। इसलिए दोनों राज्यों के लिए एसओपी मायने रखता है। घुसपैठियों वाले मुद्दे पर पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अच्छी खासी विधान सभा और लोकसभा सीटें जीती हुई हैं। बिहार में इसी साल नवंबर में चुनाव है। भाजपा को यहां सरकार का नेतृत्व संभालने का अवसर नहीं मिला है। भाजपा मशहूर पलटू राम नीतीश कुमार के सहारे सत्ता में शामिल हुई है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 2 मई को जारी एसओपी अधिसूचना और उसके अनुसार चुनाव आयोग की कार्रवाई बिहार को ही लेकर विवाद में है। संयोग कुछ ऐसा रहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के एसआईआर अभियान और घुसपैठ वाला विवाद एक साथ सुर्खियों में आया । इस पर संसद के मानसून सत्र में हंगामा, बिहार में मतदाता सूची विवाद और पश्चिम बंगाल में एसओपी के तहत अधिकारियों द्वारा घुसपैठियों की पहचान तथा निकाल-बाहर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई लगभग साथ-साथ थोड़े-थोड़े समय के अंतर से चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बिहार में विपक्षी दलों के रवैए पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने से कई गुना ज्यादा आवेदन चुनाव आयोग को नाम काटने के लिए मिला है ,जबकि उन्हीं दलों ने एसआईआर पर रोक लगाने की अर्जी चुनाव आयोग पर सत्यापन के बहाने वोटरों के नाम हटाने का आरोप लगाकर दायर की थी । सुप्रीम कोर्ट पीठ ने कहा कि सूची से हटाए गये जिन 65 लाख मतदाताओं को चुनाव आयोग ने दावा दाखिल करने का नोटिस दिया है उनकी सहायता कोई भी राजनीतिक दल नहीं कर रहे हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य
डॉ. नीलू तिवारी




# महिलाओं में भी तेजी से घर कर रहा अवसाद

हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक दिल को छूने वाली घटना घटी, जब मानसिक अवसाद से ग्रस्त रानी देवी 17 साल बाद अपने परिवार से मिलीं। रानी देवी की यह घटना समाज के लिए एक बड़ी सीख है। उत्तर प्रदेश के झांसी की रहने वाली रानी देवी वर्ष 2008 में घर से अचानक लापता हो गईं। परिवार ने हर जगह तलाश की, पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और अखबारों में गुमशुदगी का विज्ञापन छपवाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। धीरे-धीरे परिवार को यह यकीन हो गया कि वह शायद कभी लौटकर नहीं आएंगी। असल में रानी देवी गंभीर मानसिक अवसाद से जूझ रही थीं। घरेलू दबाव, आर्थिक तंगी और पारिवारिक उपेक्षा ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। इसी मानसिक स्थिति में उन्होंने घर छोड़ दिया और अजनबी शहरों में भटकती रहीं। साल 2025 में एक पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों की नजर उन पर पड़ी। आधार कार्ड और स्थानीय पुलिस की मदद से उनकी पहचान की गई। खबर मिलते ही परिवार को विश्वास नहीं हुआ कि 17 साल से बिछड़ी रानी देवी सचमुच मिल गई हैं। अब बात करते हैं मूल समस्या की। असल में देश में महिलाओं का मानसिक अवसाद केवल स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि यह एक बहुआयामी सामाजिक समस्या है। भारत जैसे देश में जहां पारंपरिक सोच और आधुनिक जीवनशैली आपस में टकराती हैं, वहां महिलाएं दोहरी चुनौतियों से गुजरती हैं। एक ओर उनसे पारंपरिक भूमिकाएं निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं दूसरी ओर आधुनिक प्रतिस्पर्धी समाज में बराबरी साबित करने का दबाव उन पर होता है। यह द्वंद्व की स्थिति उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक गंभीर सामाजिक मुद्दा भी है। पारंपरिक समाज में अक्सर महिलाओं की भावनाओं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसके कारण वे अवसाद, चिंता और तनाव जैसी बीमारियों का सामना करती हैं। हाल के शोध बताते हैं कि भारत में अवसाद से पीड़ित कुल मरीजों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। प्राथमिक देखभाल स्तर पर महिलाओं में अवसाद की व्यापकता औसत 41 प्रतिशत है, जो सामाजिक और आर्थिक दबाव, घरेलू हिंसा और शिक्षा की कमी जैसी वजहों से और बढ़ जाती है। वृद्ध महिलाओं में स्थिति और गंभीर होती है, 50 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं में अवसाद की दर 21.7 प्रतिशत पाई गई, जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु में यह दर 9.5 प्रतिशत थी, जो पुरुषों की तुलना में अधिक है।

मानसिक स्वास्थ्य की कमी और अवसाद का परिणाम आत्महत्या की घटनाओं में भी दिखाई देता है। एनसीआरबी के अनुसार, 2021 में भारत में 164,033 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें 48,172 महिलाएं शामिल थीं। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि परिवार, समाज और स्वास्थ्य संस्थाओं की मदद के बिना महिलाएं अवसाद के प्रभाव से उबरने में सक्षम नहीं हो पातीं। 2025 के हालिया आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में अनुमानित रूप से लगभग 41.9 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में अवसाद का सामना कर रही हैं। प्रजनन आयु की महिलाओं में मानसिक संकट की दर और भी अधिक पाई गई है। प्रसवोत्तर महिलाओं में भी 19-23 प्रतिशत की दर से अवसाद की घटनाएं दर्ज की गई हैं। शहरी महिलाएं नौकरी, परिवार और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश में मानसिक दबाव झेलती हैं। ग्रामीण भारत में मानसिक अवसाद से ग्रस्त महिलाओं की स्थिति और भी जटिल हो जाती है, क्योंकि वे समय पर सही इलाज तक नहीं पहुंच पातीं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, अशिक्षा, गरीबी और समाज में मानसिक रोगों को लेकर व्याप्त अंधविश्वास इसके मुख्य कारण हैं। महिलाओं में अवसाद की समस्या का समाधान केवल दवाओं या काउंसलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। योग, ध्यान, प्राणायाम और नियमित व्यायाम महिलाओं की मानसिक स्थिति को काफी हद तक संतुलित कर सकते हैं। सरकारी स्तर पर भी कई कदम उठाए जा रहे हैं जैसे टेली-मानस हेल्पलाइन, मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष योजनाएं और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। अवसाद से निपटने के लिए केवल चिकित्सकीय इलाज ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज, परिवार और सरकार को मिलकर ऐसा माहौल बनाना होगा, जहां महिलाएं बिना डर और संकोच के अपने मानसिक स्वास्थ्य की बात कर सकें। इससे वे अधिक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और स्वस्थ जीवन जी पाएंगी। हम सभी को मिलकर महिलाओं के लिए स्वस्थ माहौल का निर्माण करना होगा, तभी देश और समाज आगे बढ़ पाएंगे।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# आनंद आपके भीतर है, खोजने की जरूरत नहीं



संकलित
## दर्शन

कल्पना क्या है और सच्चाई क्या है! इसे समझने के लिए आपकी जड़ का मजबूत होना जरूरी है। सारी कल्पनाएं आपके अंदर हैं। यह कल्पना नहीं है, यह सच है। कल्पना में डूबना बड़ा आसान है, सच्चाई को जानना बहुत मुश्किल है। जिसको आप खोज रहे हैं, वह आपके अंदर है। उसे जानिए, पहचानिए, उसके साथ थोड़ा समय बिताइए, क्योंकि उसमें सबकुछ है। जो आपके भीतर है, वह है शांति। किसी चीज का न होना शांति नहीं है। किसी चीज का होना शांति है। जब मनुष्य खुद को जानेगा, खुद को समझेगा, तब उसके जीवन में शांति होगी। जैसे भोजन खा लेने पर भूख खत्म होती है, उसी प्रकार खुद को जान लेने पर तृष्णा मिट जाती है। शांति मिल जाती है। सोचें कि यह शरीर आपको क्यों मिला है? जिन तत्त्वों से शरीर बना है, वे सारे तत्त्व वहीं वापस चले जाएंगे जहां से ये आये थे। जिस तरह पानी, पानी में मिल जाता है। सारी चीजें प्रकृति में घुल जाएंगी। क्या समझते हैं आप कि जब बच्चा पैदा होता है तो इस धरती का वजन बढ़ता है! या जब कोई मर जाता है तो इस धरती का वजन कम होता है! वजन न तो बढ़ता है न कम होता है। क्योंकि जिन चीजों से आप बने हुए हैं वे तो अभी यही हैं। परंतु क्या आपने उस चीज को जाना, समझा जो आपके शरीर के अंदर है? इसे जान गए, पहचान गए, फिर आनंद ही आनंद है। आपका नाम आपके शरीर का नाम है। नाम कमाने से क्या

# ह्रदय से जो जाओगे, सबल समझूंगा तोहे



संकलित
## प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगे: सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## सटाका




## आज की पाती

### राष्ट्रभाषा का विचार अधर में लटका

दक्षिणी राज्यों में हिंदी के विरोध की खबरें प्रधानमंत्री शास्त्री के समय से आज की भाजपा सरकार के वक्त भी सुनी जा रही हैं। तीन  भाषाई फार्मूला सबके ध्यान में है, मगर उसकी व्याख्या अलग-अलग ढंग से की  जाती है। जिन उत्तरी राज्यों में हिंदी मातृभाषा हो, तो तीसरी भाषा तेलुगू  या तमिल होना तय था। मगर ऐसा न करके संस्कृत पढ़ाई गई। दक्षिणी  राज्यों में हिंदी का यूं ही सुझाव था। फार्मूला सरल रास्ते ढूंढने के  चक्कर में बिखर गया। कभी हिंदोस्तानी राष्ट्रभाषा का विचार भी रहा। नेता जी  सुभाषचंद्र बोस के विचार को अधर में छोड़ दिया गया। राष्ट्रभाषा का सवाल  भी अधर में लटका रहा। - *ललित शुक्ला, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### सुरक्षाबलों का समर्पण



जब तक सारे नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। इस संकल्प को पूरा करने में हमारे सुरक्षाबलों के त्याग और समर्पण पर पूरे देशवासियों को गर्व है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### राहत कार्य जारी



भारी बारिश और अधिप्रवाह से मुंगेशपुर ड्रेन में दिल्ली सीमा से लगभग 1 किलोमीटर आगे झज्जर, हरियाणा क्षेत्र से लगते किनारे के कटाव से उत्पन्न हुई आपदा पर दोनों राज्यों के अधिकारी प्रभावित इलाकों से स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचा रहे हैं और राहत कार्यों में जुटे हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### शिवालय पार्क विवाद



कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का अति-विवादित प्रस्ताव रद्द करने का स्वागत है। उम्मीद है कि यूपी सरकार आगे कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षड्यंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख्ती करेगी।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### सरकार का अभियान



वर्तमान सरकार नाम बदल कर गांव चलो और शहर चलो अभियान लाना चाहती है। बेहतर होता कि हमारे समय शुरू किए गए अभियान को पहले ही नाम बदलकर जारी रख लेती और इतना विलंब न करती।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# पश्चिम एशिया की निगरानी बढ़ाने के लिए उपग्रह प्रक्षेपित


इजराइल ने एक नया जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित किया है, जिसके बारे में रक्षा अधिकारियों का कहना है कि यह आने वाले वर्षों में पश्चिम एशिया में उनकी निगरानी क्षमता को मजबूत करेगा।सैन्य अधिकारियों और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने बुधवार को कहा कि मंगलवार देर रात प्रक्षेपित किया गया यह उपग्रह इजराइल की उस क्षमता को बढ़ाएगा, जिसके जरिए उसने इस साल की शुरुआत में हुए 12 दिनों के युद्ध के दौरान ईरान से जुड़ी 12,000 तस्वीरें जुटाई थीं। काट्ज ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह हमारे सभी दुश्मनों के लिए भी एक संदेश है, चाहे वे कहीं भी हों- हम हर समय और हर परिस्थिति में आप पर नज़र रख रहे हैं।' ईरान की निगरानी के अलावा, इज़राइल ने पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में भी खुफिया जानकारी जुटाने की क्षमता हासिल की है, क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे 'सात मोर्चों पर लड़े जाने वाला युद्ध' कहा है। इसी के तहत इज़राइली बलों ने 23 महीनों से जारी ग़ाज़ा युद्ध के दौरान लेबनान, सीरिया, यमन और इराक में भी निशाने साधे हैं। मेजर जनरल अमीर बाराम ने कहा कि 'ओफेक-19' नामक यह उपग्रह उस व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसका मकसद है 'पश्चिम एशिया के किसी भी बिंदु पर लगातार और एक साथ निगरानी बनाए रखना।'



## ऑफ बीट

# हर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ नुकसानदायक नहीं

सभी प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ एक जैसे नहीं होते और न ही सभी हानिकारक होते हैं। यदि आप सुविधाजनक लेकिन सुरक्षित विकल्प चुनना चाहते हैं, तो खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर लेबल पढ़ते समय कुछ बातों का ध्यान रखा जा सकता है। प्रसंस्करण की श्रेणियां क्या हैं? शोधकर्ता नोवा (एनओवीए) वर्गीकरण प्रणाली का उपयोग करके खाद्य पदार्थों को चार प्रसंस्करण स्तरों में बांटते हैं: समूह 1 : अप्रसंस्कृत या न्यूनतम रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्ज़ियां, दूध, अंडे, मांस, दालें, साधारण दही, अनाज आदि। इन्हें घर पर सीधे खाया या न्यूनतम पकाया जा सकता है। समूह 2 : प्रसंस्कृत पाक सामग्री जैसे तेल, चीनी, शहद, जो समूह 1 के खाद्य पदार्थों से प्राप्त होती हैं और स्वाद बढ़ाने के लिए उपयोग की जाती हैं। समूह 3 : पारंपरिक विधियों से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ जैसे डिब्बाबंद फल, चीज़, टमाटर पेस्ट, अचार, साधारण ब्रेड आदि। इन्हें घर पर भी तैयार किया जा सकता है। समूह 4 : अत्यधिक प्रसंस्कृत (अल्ट्रा प्रॉसेस्ड) खाद्य पदार्थ जैसे स्नैक्स, इंस्टैंट नूडल्स, मीठे पेय, बिस्किट, जमी हुई मिठाइयां, फास्ट फूड आदि। इनमें आमतौर पर ऐसे तत्व होते हैं जो घर के रसोईघर में नहीं मिलते और इन्हें खाने की आदत जल्दी लग जाती है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### चार स्तरीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण समर्पण तथा समन्वय के साथ कर्मयोगी बनकर करें : कलेक्टर

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में होटल डिलाईट में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय जिला प्रोसेस लैब कार्यशाला का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत संपूर्ण भारत में चार स्तरीय रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें राज्य स्तर पर स्टेट प्रोसेस लैब, जिला स्तर पर जिला प्रोसेस लैब, विकासखंड स्तर पर ब्लॉक प्रोसेस लैब,ग्राम स्तर पर विलेज/क्लस्टर प्रोसेस लैब का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जबलपुर जिले में 2, 3 और 4 सितंबर को तीन दिवसीय जिला प्रोसेस लैब कार्यशाला का आयोजन होटल डिलाइट पैलेडियम जबलपुर में किया गया है। कलेक्टर श्री सक्सेना द्वारा प्रोसेस लैब में उपस्थित मास्टर ट्रेनर को पूर्ण समर्पण तथा समन्वय के साथ शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन कर्मयोगी बनकर किए जाने का आव्हान किया गया है। प्रशिक्षण प्रक्रिया लैब में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रोसेस लैब में जिन उद्देश्यों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है, उनमें सकारात्मकता और जिम्मेदारी पर चिंतन, सामूहिक सीखने के लिए सुरक्षित और पवित्र वातावरण निर्माण, आपसी परिचय व मूल्यों की साझेदारी, विभाग की समस्याओं पर चर्चा व समाधान की दिशा में पहल, गांव की समस्याएं व सरकारी अधिकारियों की भूमिका को समझना, सहयोग-समन्वय-टीमवर्क का अभ्यास, परस्पर निर्भरता और समन्वय को



समझना, विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और सहयोग, शासन की भूमिका समझना, ग्राम दृष्टि निर्माण पर विचार, सामूहिक प्रतिबद्धता विकसित करना, प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कौशल व कार्य प्रणालियां सिखाना, ग्राम मानचित्र विजन प्लान एवं क्रियान्वयन के लिए अभ्यास कराना है।

इस प्रोसेस लैब को संपन्न करने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को भोपाल में प्रशिक्षण दिया गया। प्रोसेस लैब से तैयार कर्मयोगी जनजाति विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को सशक्त करेंगे और जनजातीय समुदाय को अंतिम छोर तक सेवा प्रदान कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनेंगे।

## भू-माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें : कलेक्टर

**जबलपुर।** विधायक अशोक रोहाणी ने कलेक्ट्रेट में विधानसभा केंट अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक की। बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, एसडीएम रांझी श्रीमती मोनिका बाघमारे, तहसीलदार सुश्री जानकी उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि उनके विधानसभा में डुमना, तिलहरी क्षेत्र में भू माफियों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर भू-खंड विक्रय की जा रही है, अतः इस पर सख्ती से रोक लगाई जाये। भू-माफियों द्वारा गरीब व्यक्तियों को हटाया जा रहा है और उनकी यह कार्य प्रणाली बर्दाश्त नहीं होगी। इसी प्रकार तिलहरी में भी भू-माफियाओं की लगातार शिकायतें मिल रही है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों से कहा कि इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाये। विधायक श्री रोहाणी ने कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त मकान व प्रभावित लोगों को आरबीसी 6(4) के तहत जो राहत मिलती है उसकी सूची उन्हें प्रदाय की जाये। मोहनिया में औद्योगिक गतिविधियों के लिए भू-खंड के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व लोगों के आवेदन लेने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाये। साथ ही गोकलपुर तालाब के आस-पास निवारत लोगों के संबंध में भी सकारात्मक चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं के निराकरण के लिए तत्परता से सहयोग करेंगे। कलेक्टर श्री सक्सेना ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित किया जाये और जहां कहीं भी अवांछित गतिविधियां होती हैं, उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। उन्होंने भू-माफियाओं के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।



### सांसद आशीष दुबे ने चेरीताल वार्ड में कार्यकताओं के साथ सुनी मन की बात

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुआयामी कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम का 125वां संस्करण

**जबलपुर।** सांसद आशीष दुबे ने आचार्य श्री विद्यासागर मंडल चेरीताल वार्ड क्रमांक 27 में बूथ क्रमांक 117 में पार्षद प्रतिभा भापकर के निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ मन की बात सुनी। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बना हो, रोशनी वही जो भारत की झालर से बना हो।

गर्व से कहो यह स्वदेशी है
गर्व से कहो ये स्वदेशी है
गर्व से कहो यह स्वदेशी है
एक ही मंत्र वोकल फोर लोकल
एक ही रास्ता आत्मनिर्भर भारत
एक ही लक्ष्य विकसित भारत,

का आवाहन किया। आगामी सितंबर में इंजीनियर डे, विश्वकर्मा जयंती की भी शुभकामनाएं दी, इंजीनियर, राजमिस्त्री, सुतार, लुहार, बढ़ई सहित कारीगरों को नये-नये विकास में योगदान देने धन्यवाद दिया। विशेष रूप से मप्र को खेलों में निरंतर उन्नति और पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहने बधाई दी।

मन की बात में मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, पार्षद प्रतिभा भापकर, नरेंद्र साहू, अरविंद गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र खरे, कल्पना तिवारी, अनीता गुप्ता सुहाने, रीता खरे, खुशी सोधिया, प्रिया, गीता मौर्य, शिखा साहू, आशीष चौधरी, सुनील रजक, सुनील श्रीवास्तव, शैलेश पटेल, इंजीनियर आईके अग्रवाल, शंभू राम सोनी, रतन सोधिया, अखिलेश ठाकुर, आशीष नेमा, महेश बागरी, दीपक सोनी, हिममू पटेल, ब्रजेश नेमा, सतीश साहू, नीतेश कुमार, सुरेश जायसवाल सहित बूथ अध्यक्ष अजय पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक विध्येश भापकर व कार्यकर्ता बंधुओं की उपस्थिति रही।

## समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु किसान 15 से करा सकेंगे पंजीयन

**जबलपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में किसानों का पंजीयन 15 सितम्बर से प्रारंभ होगा। समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा का विक्रय करने के लिये किसान अपना पंजीयन 10 अक्टूबर तक करा सकेंगे। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के अनुसार किसान अपना पंजीयन एमपी किसान एप पर स्वयं के मोबाइल से घर बैठे करा सकते हैं अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र तथा सहकारी समितियों या सहकारी विपणन संस्थाओं में जाकर भी पंजीयन कराया सकेगा। इन केंद्रों पर किसानों का पंजीयन निःशुल्क किया जायेगा। जबकि, एमपी ऑनलाइन कियॉस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं साईबर कैफे पर निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकेंगे। सिकमी अथवा बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल निर्धारित सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर ही उपलब्ध होगी।किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज के विक्रय के लिये पंजीयन कराने हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर पंजीयन केंद्र पहुंचना होगा ।

## तक्षशिला के बी.टेक प्रथम वर्ष छात्रों का इंडक्शन कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर।

तक्षशिला इंस्टीट्यूट में एआईसीटीई और राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि के निर्देशानुसार बी.टेक प्रथम वर्ष 2025-26 में प्रवेशित छात्रों हेतु स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देना रहा। इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए व्याख्यान, मोटीवेशन फिल्में, पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण आदि शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के चेयरमेन आरएन पहारिया ने संस्था में प्रवेशित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य डॉ. बीके साहू ने छात्रों को अच्छे इंजीनियर बनकर राष्ट्रहित में कार्य करने प्रेरित किया। एकेडेमिक



कोआर्डिनेटर डॉ. शोभित वर्मा ने बताया अध्ययनरत छात्रों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग, कार्यशाला आदि आयोजन किए जाएंगे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चेयरमेन आरएन पहारिया, सचिव शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आईके खन्ना, प्राचार्य डॉ. बीके साहू, डॉ. अर्पित शुक्ला, डॉ. शोभित वर्मा एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वर्मा, प्रो. धीरज दवे, प्रो. दीपा गोलानी, प्रो. अक्षत खासकलम, टीपीओ प्रो. निति गौर सहित समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## धान खरीदी की तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिये टीम गठित

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में ज्वार, बाजरा एवं धान उपार्जन में किसानों की पंजीयन एवं खरीदी प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के चार सदस्यों के टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप का गठन किया है। टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चंदन ताम्रकार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्रीमती नीलम उपाध्याय, खाद्य शाखा के कम्प्यूटर ऑपरेटर रत्नेश साहू एवं विपणन संघ के कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष पांडेय को शामिल किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में ज्वार, बाजरा और धान के उपार्जन के लिये जिले में किसानों का पंजीयन 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक किया जायेगा।

## कैंट विधानसभा में विकास कार्यों का भूमिपूजन

### सांसद और विधायक ने किया भूमि पूजन, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

जबलपुर।

कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सांसद निधि से लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर लोकसभा के सांसद आशीष दुबे तथा कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी उपस्थित रहे। भूमिपूजन के अवसर पर सांसद श्री दुबे ने कहा कि कैंट क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने विधायक श्री रोहाणी के आग्रह को स्वीकार करते हुए क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम



अध्यक्ष श्री रिंकू बिज, एमआईसी सदस्य श्री दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित पार्षदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में निशांत झरिया, अनुराग दहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## नर्मदा जल परियोजना में फर्जीवाड़ाः घटिया पाइपलाइन, फर्जी टेस्टिंग, अधिकारी मौन

**जबलपुर।** जिले के पनागर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत महगवां टगर में नर्मदा जल परियोजना में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। विक्रम चौबे राकेश पटेल ठेकेदार द्वारा परियोजना में भारी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे शासन की "हर घर नर्मदा जल" योजना पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, परियोजना के तहत जहां चार इंची पाइपलाइन डाली जानी चाहिए थी, वहां कई स्थानों पर मात्र तीन इंची पाइप का उपयोग किया जा रहा है। यही नहीं, इन तीन इंची पाइपों से टेस्टिंग करवाई जा रही है और बाद में इन्हें निकाल भी लिया जा रहा है, जिससे संदेह और अधिक गहरा हो गया है। पाइपलाइन की गुणवत्ता और मापदंडों से जुड़ी इस तरह की अनदेखी न केवल भ्रष्टाचार को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में जल आपूर्ति में गंभीर संकट भी उत्पन्न कर सकती है।

### छात्र संघ चुनाव की मांग व कथित वोट चोरी को लेकर प्रदर्शन

# कलेक्ट्रेट घेरने जा रहे एनएसयूआई छात्र नेताओं पर लाठी चार्ज



**जबलपुर।** मप्र के कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराये जाने की मांग एवं कथित वोट चोरी के खिलाफ एनएसयूआई के मप्र अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे छात्र नेताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया और वॉटर केनन से खदेड़ा इसके बाद भी छात्र नहीं माने तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने विरोध करते हुए पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। उन्होंने कहा कि छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों की बात भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ो छात्र कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बल पूर्वक गिरफ्तार किया। दरअसल एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट का घेराव करने की घोषणा की थी, पुलिस ने घंटाघर के पास बैरीकेटिंग कर रखी थी। इसके बाद छात्र कलेक्ट्रेट जाने के लिए अड़े रहे। आधा घंटा तक पुलिस ने समझाईश दी, उसके बाद वह नहीं माने तो पुलिस ने बल प्रयोग किया।

शहर के टाउन हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट की ओर निकले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घंटाघर में बैरिकेडिंग लगाकर रोक लिया। कार्यकर्ता आगे बढने के लिए बैरिकेड पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें खींचकर नीचे उतारा। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई।

करीब आधा घंटे की समझाइश के बाद भी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट का घेराव करने पर अड़े रहे तो पुलिस ने गिरफ्तारी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने लाठी भी चलाई। आशुतोष चौकसे का कहना है कि भाजपा सरकार छात्र संघ चुनाव नहीं होने देना चाहती है। जबकि प्रदेश के सभी महाविद्यालय और कॉलेज छात्रों से चुनाव का शुल्क वसूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का संवैधानिक अधिकार है। इसे दबाना लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार करने जैसा है।

### 8 साल से नहीं हुए छात्र संघ चुनाव

मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में बीते 8 साल से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था। कोर्ट ने पूछा था कि छात्र संघ चुनाव कराने में आखिर समस्या क्या है। याचिका में हाईकोर्ट को यह भी बताया है कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्येक छात्र से 250 रुपए शुल्क लेता है। फिर भी चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया 2017 से ही बंद है। जिला अध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश महासचिव नीलेश माहर, प्रतीक गौतम, राष्ट्रीय सचिव करण तामसेवार, अर्पित मिश्रा, अमित मिश्रा, सागर शुक्ला, साहिल यादव, सक्षम यादव, अपूर्व केशरवानी, अमन कुशवाहा, ध्रवु पासी, राधे श्रीपाल, रीतेश सिंह, हर्ष लोधी, मोह।अली, अनुज यादव, राहुल रजक, राहुल यादव, अदनान अंसारी, मोह।एजाज, अचलनाथ, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।




## श्री राम मंदिर, मदन महल में मास पारायण का भव्य समापन

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के संरक्षण में ब्रह्मऋषि मिशन समिति एवं श्री राम मंदिर मदन महल के संयुक्त तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर दिनांक 02 अगस्त 2025 को प्रारंभ किए गए श्री रामचरित मानस के मास पारायण पाठ का समापन दिनांक 31 अगस्त रविवार 2025 को साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी एवं साध्वी मैत्रेयी दीदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस सुअवसर पर साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी द्वारा आशीर्वचन दिए गए एवं श्री राम मंदिर महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया। अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इस आयोजन में मंदिर की गीता पांडे, नीरा मखीजा, प्रेम गुलाटी, संगीता शर्मा, सुदेश खुराना, विजया अरोड़ा, सविता भाटिया, भावना मल्होत्रा, मंजू वर्मा, गुलशन मखीजा, मनोज शर्मा, अनिल जग्गी, मनीष पोपली, शैलू कपूर, जितिन नारंग, पंकज गुलाटी, राहुल सहगल, योगेश अबरोल, नवीन हांडा, नीरज नारंग, रमन पांडे, दीपक विरमानी, रामजी अग्रवाल, शरद दुबे, आशीष बैनर्जी की उपस्थिति रही।

## सिहोरा में एक सैकड़ा से अधिक प्रतिमाएं स्थापित

# चहुंओर हो रही बप्पा की जय जयकार



**सिहोरा।** नगर उपनगर में दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व की चहुंओर धूम मची है एक से बढ़कर एक विघ्न विनाशक मंगलमूर्ति भगवान गणेश की एक सैकड़ा से अधिक छोटी बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। सार्वजनिक स्थानों में शिवमंदिर बाबाताल,काल भैरव चौक,हरदौल मंदिर,झंडा बाजार,गढ़िया मोहल्ला, नया बस स्टेंड,गड़बड़ समिति अनाज गोदाम के पास,गौरैया मोहल्ला, सिविल कोर्ट के सामने,जय ज्योति समिति आजाद चौक,रामजनकी मंदिर समिति मैना कुआं, खितौला,बरा मोहल्ला खितौला,महागौरी समिति, सहित अन्य स्थानों में स्थापित गणेश प्रतिमाएं आकर्षक का केन्द्र बनी है। समिति सदस्यों ने गणेश पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया है। इसी तरह करीब करीब सभी घरों में पार्वती नंदन की छोटी छोटी प्रतिमाएं स्थापित की गई है।


सिविल कोर्ट के सामने सिहोरा


गौरैया मोहल्ला सिहोरा


जय ज्योति आजाद चौक सिहोरा



कटरा मोहल्ला सिहोरा


हरदौल मंदिर समिति सिहोरा


गड़बड़ समिति अनाज गोदाम के पास सिहोरा


बाल गणेश उत्सव समिति कोस्टा मोहल्ला मझौली।


बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति मझौली।



### श्री दिगंबर पारसनाथ जैन बड़ा मंदिर हुआ अभिषेक

**पाटन।** 10 लक्षण महापर्व के अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों में श्रद्धा भक्ति समर्पण आस्था के साथ भक्ति भाव से पूजन अर्चन एवं प्रवचन रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं इसी क्रम में उत्तम संयम धर्म पर स्वर्गीय कमल नायक परिवार की ओर से बड़े बाबा भगवान पारसनाथ जी का अभिषेक एवं जिन शासन रक्षक देव क्षेत्रपाल बाबा की पूजन अर्चन भक्ति भाव से किया गया।



### श्री गणेश उत्सव समिति के द्वितीय स्थापना वर्ष पर महाआरती आज

**जबलपुर।** श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा अपने सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज गुरुवार को एक महा आरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रात्रि 8 बजे से शुरू होगा। यह महा आरती पुराना कंचनपुर, बीजेपी कार्यालय के सामने, अधारताल, जबलपुर स्थित स्थल पर संपन्न होगी। समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का पूर्ण लाभ प्राप्त करें। महाआरती में अंकित, धीरज, रामकरण, अंशु, अंकुश, हिमांशु, यश, मोहित, गुलशन, आकाश (करिया), साहिल, सत्यम, शुभम आदि उपस्थित रहेंगे।


जय मानस गढ़िया मोहल्ला


महाआरती 5 को।
जबलपुर। श्री छोटी खेरमाई गणेश उत्सव समिति झामनदास चौक।

## हर घर दस्तक अभियान का शुभारंभ



**पाटन।** सिविल अस्पताल पाटन के बीएमओ डॉक्टर आदर्श बिश्नोई के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 14 पार्षद महेंद्र ठाकुर ए एन एम दीदी मनु भारती ठाकुर द्वारा बाढ़ के सभी शून्य से लेकर 5 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी रश्मि तिवारी सहायिका अनीता ने बच्चों के इस अभियान में सहयोग प्रदान किया एवं निशुल्क जांच की गई बच्चों को स्वस्थ और निरोगी बनाए रखने के लिए पाटन अस्पताल द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## सिहोरा की शैवी दुबे प्रयागराज में सम्मानित



**सिहोरा।** विगत दिनों उत्तरप्रदेश और बिहार लोक सेवा आयोग (PSC) में चयनित म प्र श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे की बिटिया सिहोरा नगर का गौरव शैवी दुबे को प्रयागराज में PW द्वारा आयोजित सेमीनार में हिन्दुस्तान की सेलेब्रिटी अलख पाण्डे सर (फिजिक्स वाले) द्वारा सम्मानित किया गया। नगर के समस्त पत्रकार साथी राजकुमार तिवारी,प्रवीण कुररिया,नरेश चौहान,सत्येन्द्र तिवारी,अनिल अग्रवाल,सुनील तिवारी,अंकुर गुप्ता,राहुल श्रीवास,प्रशांत बाजपेयी, चन्द्रमणि त्रिपाठी,जगदीश ठाकुर, गंगा पटेल,अंबर गुप्ता,पवन गुप्ता,सुभाष साहू,मनोरंजन साहु ,कृष्णकुमार साहू,पवन नामदेव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

### शिक्षक दिवस के दिन मुख्यमंत्री शिक्षकों को दें गुरु दक्षिणा

## सहायक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक को 35 वर्षीय चतुर्थ वेतनमान आदेश जारी करने की मांग

**बरेला।** मध्य प्रदेश से मध्य प्रदेश शासन से सहायक शिक्षा एवं उच्च श्रेणी शिक्षकों को 35 वर्ष पूर्ण होने पर चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ दिए जाने की मांग मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ में संयुक्त रूप से माननीय मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जनजाति कार्य मंत्री से मांग करते हुए बताया कि शासन के वित्त विभाग द्वारा 14 अगस्त 2023 को जारी आदेशानुसार सभी शासकीय कर्मचारियों को 35 वर्ष पूर्ण होने पर चतुर्थ समयमान का लाभ दिया गया है किंतु स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के सहायक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक इस लाभ से वंचित रह गए हैं। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, तहसील अध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय, अजाक्स संघ के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी, जिला सचिव डालचंद पासी, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश मेहरा, शुभ संदेश सिंगौर, अंशुल साहू, रामदास वरकडे आदि ने 5 सितंबर शिक्षक दिवस तक आदेश जारी न होने पर आंदोलन की राह अपनाएंगे। प्रथम चरण में शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे इसके बाद अन्य माध्यम से आंदोलन तेज किया जाएगा।




**श्री भीम बहादुर थापा-** शक्तिनगर नब्बे क्वाटर्स निवासी श्री भीम बहादुर थापा (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती खिलौना बाई ठाकुर-** गुप्तेश्वर निवासी श्री जय सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती खिलौना बाई ठाकुर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आदित्य ठाकुर-** एलआईजी 387, मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री कृष्णभान ठाकुर के पुत्र श्री आदित्य ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भरत जैसवाल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री भरत जैसवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इन्द्रा सिंह-** शारदा कॉलोनी शक्तिनगर निवासी श्री राम अवतार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती इन्द्रा सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ग्यारसी रैकवार-** साठिया कुआं हनुमानताल निवासी श्री शंकर लाल रैकवार के पुत्र श्री ग्यारसी रैकवार (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रतिमा दत्ता-** मस्ताना चौक रांझी निवासी श्री एनएम दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिमा दत्ता (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी तिवारी-** शक्तिनगर जैन मंदिर के पीछे गुप्तेश्वर निवासी श्री विष्णु प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी तिवारी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कालिका प्रसाद तिवारी-** उर्दुआ मोड़ परियट निवासी श्री कालिका प्रसाद तिवारी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सविता जाट-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री धनपत जाट की धर्मपत्नी श्रीमती सविता जाट (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हीरा लाल-** कच्ची बस्ती पोलीपाथर बड़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री हीरा लाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोर सरखेल-** शास्त्री नगर तिलवारा रोड निवास श्री किशोर सरखेल (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चौबी बाई चौधरी-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गली नं. 1 पोलीपाथर निवासी श्री शंभू प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती चौबी बाई चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्रराज लालवानी-** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री इंद्रराज लालवानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती फूल बाई गोलिया-** गणेश नगर कछपुरा निवासी श्री मुरारी लाल गोलिया की धर्मपत्नी श्रीमती फूल बाई गोलिया (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
डिस्प्ले साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362180

# मारुति ने मध्यम आकार का नया एसयूवी मॉडल 'विक्टोरिस' बाजार में उतारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी नई मिडसाइज विक्टोरिस एसयूवी को पेश कर दिया है। इस एसयूवी को कुल 6 ट्रिम में खरीद पाएंगे। इस एसयूवी को मारुति सुजुकी एरिना डीलरशिप नेटवर्क से बेच जाएगा।

■ 5-स्टार सेफ्टी से लैस, कीमतों का खुलासा नहीं

वर्ष 2023 की ग्रैंड विटारा के बाद विक्टोरिस एक लोकप्रिय मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में कंपनी की दूसरी दावेदार है। इसलिए, विक्टोरिस का मुकाबला हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर, एमजी एस्टर, होंडा एलिवेट के साथ मारुति की ही ग्रैंड विटारा से होगा।

## 10.25-इंच का इंफोटेनमेंट और 360 डिग्री कैमरा दिया

### ज्यादा टेक-फोकस्ड डैशबोर्ड

विक्टोरिस के इंटीरियर की बात करें तो अपने ज्यादा टेक-फोकस्ड डैशबोर्ड डिजाइन के कारण ग्रैंड विटारा से काफी अलग है। डैशबोर्ड के ऊपर एक बड़ा 10.25-इंच का इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन, राइट साइड में एक डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और थ्री-स्पोक स्टीयरिंग व्हील है। गौरतलब है कि मारुति की इस विक्टोरिस एसयूवी में 5 पैसेंजर्स आसानी से बैठ सकते हैं।



### इंजन ऑप्शन

विक्टोरिस लगभग ग्रैंड विटारा जैसी ही है। इसमें 3 मुख्य पावरट्रेन के ऑप्शन मिलते हैं। इसमें पहला 103एचपी पावर वाला 1.5-लीटर, 4-सिलेंडर माइल्ड हाइब्रिड पेट्रोल इंजन, दूसरा 116एचपी पावर वाला 1.5-लीटर, 3-सिलेंडर स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सेटअप और तीसरा 89एचपी पावर वाला 1.5-लीटर पेट्रोल-सीएनजी विकल्प शामिल है। गौरतलब है कि मारुति सुजुकी ने सीएनजी टैंक को अंडरबॉडी में ट्रांसफर कर दिया है, जिससे बूट स्पेस में काफी जगह मिलती है। गियरबॉक्स ऑप्शन में पेट्रोल इंजन के लिए 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटो, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड के लिए ई-सीवीटी और सीएनजी वैरिएंट के लिए 5-स्पीड मैनुअल शामिल हैं।

*विक्टोरिस का एक्सटीरियर और इंटीरियर : विक्टोरिस में एक नई डिजाइन लेंग्वेज देखने को मिलती है, जो अपकमिंग मारुति सुजुकी ई-विटारा इलेक्ट्रिक एसयूवी से प्रेरित है। आगे की तरफ, विक्टोरिस में क्रोम स्ट्रिप, मोटी प्लास्टिक क्लैडिंग और सिल्वर स्किड प्लेट के साथ एक पतली ग्रिल कवर से जुड़े बड़े एलईडी हेडलाइट्स हैं। साइड में इस एसयूवी में 18-इंच के एलॉय व्हील, ब्लैक कलर्स के पिलर, सिल्वर रूफ रेल और ज्यादा चौकोर बॉडी क्लैडिंग दी गई है।*

*मारुति विक्टोरिस के फीचर्स : विक्टोरिस में वायरलैस एपल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो, डॉल्बी एटमॉस्ट के साथ 8-स्पीकर साउंड सिस्टम, वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, एम्बिएंट लाइटिंग, कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जर, 8-वे इलेक्ट्रिकली एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, हेड्स-अप डिस्प्ले, केबिन एयर फिल्टर, पावर्ड टेलगेट और बहुत कुछ शामिल किए गए हैं।*

## खबर संक्षेप

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने की आईपीपीबी से साझेदारी





**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लि. और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने देश के ग्रामीण इलाकों और उभरते क्षेत्रीय बाजारों में बीमा की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एक साझेदारी की है। देशभर में फैली 650 बैंक शाखाओं और लगभग 1.64 लाख डाकघरों के माध्यम से लोगों तक उनकी जरूरत के हिसाब से जीवन बीमा के विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।

### अर्बन कंपनी का आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** मोबाइल ऐप आधारित सौंदर्य एवं घरेलू सेवा मंच अर्बन कंपनी ने अपने आगामी 1,900 करोड़ रुपये के आईपीओके लिए 98 से 103 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी का मूल्यांकन 14,790 करोड़ रुपये आंका गया है। आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा और 12 सितंबर को बंद होगा।

### पार्श्वनाथ डेवलपर्स को 347 करोड़ रुपए का घाटा




**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड को 2024-25 में कम आय के कारण 347.27 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। वित्त वर्ष 2023-24 में उसका शुद्ध घाटा 594.13 करोड़ रुपये था। कंपनी की 2024-25 में कुल आय घटकर 303.45 करोड़ रुपये रह गई जो 2023-24 में 493.72 करोड़ रुपये थी।

### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से नौ पैसा उबरा



**मुंबई।** रुपया बुधवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबर गया और नौ पैसे की बढ़त के साथ 88.06 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और कमजोर अमेरिकी डॉलर से भारतीय मुद्रा को बल मिला।

### श्रृंगार हाउस का आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** आभूषण कंपनी श्रृंगार हाउस ऑफ मंगलसूत्र लि. ने अपने 401 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 155 से 165 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि आईपीओ 10 सितंबर को खुलकर 12 सितंबर को बंद होगा। यह 2.43 करोड़ नए शेयरों का निर्गम है, जिसमें कोई बिक्री पेशकश शामिल नहीं है।

### केंद्र ने वेदांता के प्रस्ताव पर हस्तांतरण का फैसला टाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने ओडिशा के रायगढ़ और कालाहांडी जिलों में सिजिमाली बॉक्साइट खदानों के लिए 700 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को हस्तांतरित करने के वेदांता लिमिटेड के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है। मंत्रालय ने सामुदायिक सहमति, प्रतिपूरक वनरोपण और पारिस्थितिक जोखिमों से जुड़े अनसुलझे मुद्दों का हवाला देते हुए यह फैसला टाल दिया। मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (एफएसी) की बैठक 25 अगस्त को हुई थी। एफएसी ने कहा कि ओडिशा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में ग्रामीणों एवं याचिकाकर्ताओं द्वारा ओडिशा उच्च न्यायालय के समक्ष उठाई गई।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# अप्रैल-जून तिमाही में असंगठित उद्यमों में कामगारों की संख्या घटकर हुई 12.85 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले लोगों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 12.85 करोड़ रह गई है, जबकि इससे पिछली तिमाही (जनवरी से मार्च) में यह 13.13 करोड़ थी। बुधवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बुधवार को असंगठित क्षेत्र के उद्यमों का पहला तिमाही बुलेटिन' जारी किया, जिसमें जनवरी-मार्च, 2025 और अप्रैल-जून, 2025 के आंकड़े शामिल हैं। यह बुलेटिन 'असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण' का ही एक तिमाही संस्करण है।

इससे पिछली तिमाही में यह 13.13 करोड़ था

विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार दो फीसदी घटा

यह पिछले सभी सालाना आंकड़ों से ज्यादा था

### रोजगार में उतार-चढ़ाव बना हुआ

सर्वेक्षण के अनुसार, अप्रैल-जून 2025 के दौरान रोजगार के अनुमानों में यह उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या में कमी और असंगठित विनिर्माण क्षेत्र के मध्यम प्रदर्शन से जुड़ा है। इस तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार की हिस्सेदारी पिछली तिमाही की तुलना में दो प्रतिशत से अधिक घट गई।

### काम करने वाले पहली बार 13 करोड़ के पार

*बयान में कहा गया कि जनवरी से मार्च, 2025 के बीच असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले लोगों की संख्या पहली बार 13 करोड़ से ऊपर पहुंचकर 13.13 करोड़ हो गई थी। यह पिछले सभी सालाना आंकड़ों से ज्यादा था। लेकिन अप्रैल से जून 2025 के दौरान यह संख्या थोड़ी घटकर 12.86 करोड़ हो गई। फिर भी दोनों तिमाहियों के आंकड़े 2023-24 के वार्षिक सर्वेक्षण के मुकाबले काफी बेहतर हैं, जो इस क्षेत्र में रोजगार के स्तर में वृद्धि को दर्शाते हैं।*



### महिला कामगार बढ़े

इसी अवधि में, असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में काम करने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या जनवरी-मार्च में 7.85 करोड़ थी, जो अप्रैल-जून में बढ़कर 7.94 करोड़ हो गई। महिलाओं का हिस्सा भी इस क्षेत्र में बढ़कर 28 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जो लैंगिक समावेशन और महिला उद्यमिता के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

### इंटरनेट का उपयोग करने वाले उद्योग बढ़े

अप्रैल-जून तिमाही में इंटरनेट का उपयोग करने वाले असंगठित क्षेत्र के उद्यमों की संख्या भी बढ़कर 36.03 प्रतिशत हो गई, जो पिछले तिमाही के 34.20 प्रतिशत से ऊपर है, जिससे डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाने की गति का पता चलता है। इस दौरान वेतनभोगी कर्मचारियों की संख्या में गिरावट आई है, जो जनवरी-मार्च में 26.86 प्रतिशत थी, वह अप्रैल-जून में घटकर 24.38 प्रतिशत रह गई।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यबल बढ़ा

वहीं, स्व-रोजगार और उद्यमशीलता की ओर रुझान बढ़ा है, क्योंकि काम करने वाले मालिकों का हिस्सा 58.29 प्रतिशत से बढ़कर 60.18 प्रतिशत हो गया है। खासतौर पर विनिर्माण क्षेत्र में यह बदलाव स्पष्ट नजर आया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यबल भी बढ़ा है, जो जनवरी-मार्च में 5.97 करोड़ था और अप्रैल-जून में बढ़कर 6.25 करोड़ पहुंच गया, जिससे यह क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### बिना वेतन वाले कामगारों की संख्या बढ़ी

इसके अलावा, परिवार के बिना वेतन वाले कामगारों की संख्या भी बढ़ी है। इस सर्वेक्षण में देश भर के 5,885 प्रथम चरण इकाइयों का जनवरी-मार्च और 5,893 इकाइयों का अप्रैल-जून तिमाही में सर्वेक्षण किया गया।

### जीएसटी में राहत की उम्मीद से चमका शेयर बाजार चढ़ा

**एजेंसी : मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 410 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 135 अंक की तेजी आई। धातु शेयरों में लिवाली और जीएसटी परिषद की बैठक के नतीजों को लेकर उम्मीद से बाजार बढ़त में रहा।

# सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग की स्थिति में पर्याप्त सुधार के बीच नए ऑर्डर एवं उत्पादन में तेज वृद्धि से प्रेरित रही। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई के 60.5 से अगस्त में 62.9 पर आ गया। यह जून 2010 के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार ने नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की वृद्धि को 15 वर्ष में अपने उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' सेवा गतिविधि की वृद्धि दर 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए



ऑर्डर में बढ़ोतरी के दम पर यह जुलाई के 60.5 से बढ़कर अगस्त में 62.9 हो गई। कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की दर नौ महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस बीच, मांग में उछाल ने जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्क में सबसे तेज वृद्धि को संभव बनाया। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक जुलाई के 61.1 के मुकाबले अगस्त में 63.2 रहा। यह 17 वर्ष में विस्तार की सबसे तीव्र गति को दर्शाता है।

### विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में वृद्धि के संकेत

भंडारी ने कहा, '' अगस्त में समग्र पीएमआई 63.2 के 17 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया जो विनिर्माण एवं सेवा दोनों क्षेत्रों में मजबूत व्यापक-आधारित उत्पादन वृद्धि का संकेत देता है।'

# कार्ल्सबर्ग ने भारत में पहला आईटी वैश्विक क्षमता केंद्र खोला

- बीयर बनाने वाली दुनिया की प्रमुख कंपनी
- कंपनी भारत में डिजिटल बाजार में कर रही प्रवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीयर बनाने वाली दुनिया की प्रमुख कंपनियों में से एक कार्ल्सबर्ग ग्रुप ने बुधवार को भारत में अपने पहले आईटी वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) शुरू किये जाने की घोषणा की। यह कदम भारत जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने और डिजिटल बदलाव की प्रक्रिया को तेज करने की उसकी योजनाओं का हिस्सा है। यह केंद्र कार्ल्सबर्ग की वैश्विक डिजिटल यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत, विशेष




रूप से गुरुग्राम को प्रौद्योगिकी, नवाचार और भविष्य के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है।

गुरुग्राम में नया केंद्र दुनिया भर में कंपनी के संचालन के लिए प्रबंधित आईटी सेवाएं, बुनियादी ढांचा संचालन और अनुप्रयोग समर्थन प्रदान करेगा।

### नई क्षमता जोड़ने में मदद करेगा

*कार्ल्सबर्ग ग्रुप मुख्य सूचना अधिकारी एस्थर वू ने कहा, ''भारत की बेहतरीन तकनीकी प्रतिभा और जीएसपीएएनएन के सहयोग से, यह केंद्र हमारे आईटी ढांचे को मजबूत बनाने, डिजिटल बदलाव को गति देने और हमारी वैश्विक कार्यप्रणाली में नई क्षमताओं को जोड़ने में मदद करेगा।''*

# भारत में टिकाऊ विमान ईंधन का निर्यातक बनने की क्षमता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि भारत के पास टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) का निर्यातक बनने की क्षमता है क्योंकि देश में 75 करोड़ टन से अधिक बायोमास और करीब 23 करोड़ टन अतिरिक्त कृषि अवशिष्ट उपलब्ध हैं। बायोमास की श्रेणी में ऐसे प्राकृतिक संसाधन आते हैं जिनका इस्तेमाल ऊर्जा एवं ईंधन उत्पादन के लिए किया जा सकता है। इनमें कृषि अवशिष्ट, वानिकी उपज, पशु अपशिष्ट और अन्य जैविक पदार्थ शामिल हैं। बायोमास, कृषि अवशिष्ट और इस्तेमाल हो चुके ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि. / 2025/1016 — रिसाली, दिनांक 03/09/2025

नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. (2nd call) | 174750 | 18587180.00 | 18-09-2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं संभागीय प्रबंधक, उमरिया परियोजना मण्डल, उमरिया**

E-mail : dmmprvvnumr@gmail.com, Phone/Fax : 07653-222218, GSTIN - 23AACCM1081CEZS
CIN : U02001MP1975SGC001341

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि उमरिया परियोजना मण्डल उमरिया अन्तर्गत परियोजना परिक्षेत्र चंदिया में दिनांक 19.01.2025 को वाहन टाटा 407 मिनी ट्रक क्रमांक MP20GA4116 को सागौन लट्ठा 49 नग (3.323 घ.मी.) का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किया गया। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) (च) (41) एवं मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5(1)(ग) का उल्लंघन करने के फलस्वरूप वन अपराध प्रकरण क्रमांक 016/023 दिनांक 19.01.2025 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में वाहन के चेचिस नम्बर एवं इंजन नम्बर को मिटाया जाना पाया गया। प्रकरण में आरोपी सुरजीत महार पिता संजय महार ग्राम बरौदा जिला उमरिया द्वारा पंजीबद्ध वाहन स्वामी एवं वाहन से संबंधित अभिलेख के संबंध में कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। जिला परिवहन उमरिया से वाहन स्वामी की जानकारी प्राप्त करने पर उक्त वाहन लखन प्रजापति पिता कल्लू प्रजापति 180 द्वारिका नगर जबलपुर का होना बताया। उक्त पते पर पूछताछ करने पर वाहन मालिक की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 अन्तर्गत राजसात कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष विचाराधीन है।

अत: वन अपराध प्रकरण क्रमांक 016/023 दिनांक 19.01.2025 में जप्त वाहन टाटा-407 मिनी ट्रक क्रमांक MP20GA4116 संबंध में कोई संस्था या व्यक्ति वैधानिक हित रखता हो तो वह **सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर** अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्तशुदा वाहन ''क्यों न शासन पक्ष में राजसात किया जाए'' के संबंध में अपना पक्ष एवं लिखित आपत्ति मय अभिलेख के साथ प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय अवधि के उपरांत किसी भी तरह की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा जप्त वाहन के संबंध में एकतरफा कार्यवाही कर शासन पक्ष में राजसात कर दिया जावेगा, जिसके लिए पंजीकृत/वैधानिक वाहन स्वामी स्वयं जिम्मेदार होगा।

म.प्र. माध्यम/121884/2025 — **प्राधिकृत अधिकारी एवं संभागीय प्रबंधक**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**लोककर्म विभाग द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Date-03/09/2025 PRO-483 2025_UAD_448021_1 Date-08/09/2025 | शीतलामाई वार्ड अंतर्गत गोपाल मंदिर बाई का बगीचा पहली गली के पास नाला कवर्ड सीमेंटीकरण एवं नाले मे जाल लगाने का कार्य। | 04 माह 7.62 लाख | 2000/- 7622/- | 23/09/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर पालिक निगम जबलपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में CTR (P) से सम्बंधित कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:
**निविदा सूचना क्रमांक:** ST-G-CAF-Section-5CTR-25 दिनांक: 26.08.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में एस एंड टी कार्य का निष्पादन - (ए) गोंदिया - चांदाफोर्ट सेक्शन के MME, AWH & SNV स्टेशन पर EI परिवर्तन को शामिल करते हुए PQRS साइडिंग के साथ CTR(P) कार्य।
(बी) गोंदिया - चांदाफोर्ट सेक्शन में CTR(P) - 30.760 Tkm (कि.मी. 1182.379 से कि.मी. 1213.139 तक) और CTR(P) - 32.761 Tkm (कि.मी. 1149.618 से कि.मी. 1182.379 तक)।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,86,42,339/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,93,200/-
**समापन अवधि:** 12 महीने
**ई-निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **19.09.2025** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत कर सकेंगे।
निविदा सम्बंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
FL/22-108

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK)
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

**सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (54 का 2002) के तहत धारा 13(2)**

सेवा में,
**स्व. वेद प्रकाश शिवहरे के सभी कानूनी उत्तराधिकारी (ऋणी)**
**श्रीमती परवीन बानो पत्नि स्व. वेद प्रकाश शिवहरे (सहऋणी)**
पता : प्रगति विहार कालोनी आमखेडा रोड वार्ड नं. 74, जबलपुर (म.प्र.) 47000

आपने और स्वर्गीय वेद प्रकाश शिवहरे ने अपनी निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों को गिरवी रखकर हमारी शाखा से आवास ऋण लिया है। अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज सहित तक कैन फिन होम्स लिमिटेड को आपकी ओर से दिनांक 01.09.2025 को **₹ 32,24,680/- (बत्तीस लाख चौबीस हजार छह सौ अस्सी रुपये मात्र)** की राशि देय है।

**बंधक संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति स्थित खसरा नं. 255/1 का भाग, म्यूटेशन के पश्चात खसरा नं. 255/47, एनबी संख्या 4/6, प.ह.नं. 22/24, मौजा-आमखेड़ा, आरएन.एम. महाराजपुर, पंचायत ग्राम-आमखेड़ा, तहसील आधारताल और जिला जबलपुर (म.प्र.)-482004, प्लाट क्षेत्रफल-840 वर्गफिट (78.06 वर्गमीटर) चर्तुसीमाएं- पूर्व- साइड रोड, पश्चिम: गणेश पटेल की संपत्ति, उत्तर: खत्री जी की संपत्ति, दक्षिण: अधिवक्ता राजेश तिवारी जी की संपत्ति।**

SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के तहत आप नंबर 1 और 2 को पंजीकृत मांग नोटिस भेजा गया था, लेकिन इसे बिना तामील किए वापस कर दिया गया। अतः, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम के अनुसार उक्त उधारकर्ता/ओं के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में ये नोटिस चिपकाए हैं। इसलिए यह पत्र प्रकाशन किया जा रहा है। चूंकि आप मंजूरी की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं, इसलिए खाते को एनएचबी दिशानिर्देशों के अनुसार 28-09-2024 को गैर निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। आपको इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर से अनुबंधित ब्याज दर के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त सुरक्षा को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। इसके अलावा, उधारकर्ताओं/जमानतदारों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उनके पास उपलब्ध समय के संबंध में है।

दिनांक : 03-09-2025 — (हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जबलपुर — केन फिन होम्स लि.

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। (1) **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/एल/टी नं. 19/2025, दिनांक: 26.08.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर मंडल में FOB का विद्युत कार्य (i) खुरई -KYE – बीना–कटनी खंड के खुरई स्टेशन पर पुराने FOB का पुनर्निर्माण (ii) पिपरिया–PPI–पिपरिया स्टेशन पर इटारसी छोर पर आउटर को आउटर से जोड़ने के लिए FOB (अप और डाउन) की ओर का विस्तार (iii) सोहागपुर में 3.0 मीटर चौड़ा नया FOB प्रदान करके पुराने एफओबी को बदलना (iv) बांदकपुर में 3.0 मीटर चौड़ा नया FOB प्रदान करके पुराने एफओबी को बदलना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 2207634.98/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** निल **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 44200/- **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 19.09.2025 (15.30 बजे तक). निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

(हस्ता.)
वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001**

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241377 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक/एफ-/लो.नि.वि./2025/7006 — बालाघाट, दिनांक 03/09/2025

**// निविदा-सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_448735_1 | वार्ड क्रं. 02 में नानी बाई डोहरे के घर से बाहेश्वर जी के घर तक आर.सी.सी. नाली निमार्ण कार्य। | 30 दिवस 2,41,723=00 | 4,835=00 एवं 2,000=00 | 19/09/2025 |
| 2 | 2025_UAD_448642_1 | वार्ड क्रं. 14 में मुलना गॉर्डन में बॉउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 45 दिवस 6,88,394=00 | 13,768=00 2,000=00 | 19/02/2025 |
| 3 | 2025_UAD_438805_2 | वार्ड क्रं. 27 में रेखलाल राहंगडाले जी के मकान के सामने सी.सी. रोड़ का बेरिंग कोट निर्माण कार्य। | 30 दिवस 2,70,173=00 | 5,404=00 2,000=00 | 19/02/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट

# मुख्यमंत्री ने कहा, सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य 2027 तक करें पूर्ण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 महापर्व के सुव्यवस्थित संचालन के लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। संबंधित विभाग उनके कार्यक्षेत्र में जारी गतिविधियों की निरंतर समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि सभी निर्माण कार्य दिसम्बर 2027 तक अनिवार्यतः पूर्ण हों। साथ ही भीड़ प्रबंधन तथा समस्त प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक समन्वय भी इस अवधि तक सुनिश्चित कर लिया जाए।

डॉ. यादव ने मंत्रालय में सिंहस्थ-2028 के लिए गठित मंत्रीमंडलीय समिति की चतुर्थ बैठक में बोल रहे थे। बैठक में कुल 2675 करोड़ रुपए लागत के 33 कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किए गए। इनमें 25 कार्य उज्जैन, 3 खण्डवा, 2 मंदसौर और 3 खरगोन में होने हैं। इनमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग के 21, लोक निर्माण के 6, रेलवे के 2 एवं पर्यटन, गृह, एमपीआरडीसी और जल संसाधन विभाग के एक-एक कार्य शामिल हैं।

**सिंहस्थ-2028 के लिए 2675 करोड़ रुपए के 33 कार्य स्वीकृत**

**डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक**



**स्थानीय निवासियों को बनाएं सहभागी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ संबंधी निर्माण कार्यों तथा नगर के भीतर के मार्गों के चौड़ीकरण कार्य व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय निवासियों को सहभागी बनाया जाए और उनके अभिमत को भी महत्व दिया जाए। सिंहस्थ के दौरान पदयात्रियों की सुविधा और वाहनों की पार्किंग का विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन को सात जोन में विभाजित करते हुए पेयजल, स्वच्छता, आवागमन, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, आवास आदि का प्रबंधन किया जाए। नगर निगम और विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित संस्थाओं की क्षमता विकास के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### 12 किमी लंबे 6 लेन मार्ग से जोड़े जाएंगे सभी घाट

बैठक में क्षिप्रा नदी के पश्चिमी भाग पर सिंहस्थ बायपास से मेला क्षेत्र को आने वाले सभी मार्गों को कनेक्ट करते हुए नदी के पास स्थित मंदिरों और सभी घाटों को जोड़ने वाले एमआर-22 को स्वीकृति प्रदान की गई। लगभग 194 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 12 किमी लंबे 6 लेन मार्ग से सभी घाटों को जोड़ा जाएगा और सिंहस्थ के दौरान इसका बस रैपिट ट्रांजिट के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इसी प्रकार सिंहस्थ बायपास से रामघाट तक पहुंचने के लिए बड़नगर रोड के विकल्प के रूप में कार्तिक मेला ग्राउंड से नईखेड़ी मार्ग को अनुमोदन प्रदान किया गया। इंदौर उज्जैन रोड से क्षिप्रा नदी के पश्चिम भाग को जोड़ने के लिए शनि मंदिर से जीवनखेड़ी रोड, इंदौर रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को त्रिवेणी घाट और शनि मंदिर तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग किए जाने वाले शांतिधाम चौराहा से शनि मंदिर रोड और महाकाल मंदिर को रामघाट से सीधे जोड़ने व महाकाल आने वालों को चौड़ा मार्ग उपलब्ध कराने के लिए महाराज वाडा चौराहा से हरसिद्धि मंदिर चौराहा क्षिप्रा नदी तक के रोड का अनुमोदन किया गया।

### पर्यटन विभाग को सौंपा जाएगा ग्रांड होटल परिसर

बैठक में क्षिप्रा नदी पर 122 करोड़ रुपए लागत से लगभग 9 किमी लंबाई के घाटों के उन्नयन कार्य, छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज पर पार्किंग, प्लाजा व दुकानों के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही होटल परिसर को पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने के उद्देश्य से अधिकारियों और स्टाफ क्वार्टर निर्माण तथा शहर के प्रमुख मार्गों के सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों के लिए पंवासा में भूखंड आवंटन के लिए अधोसंरचना विकास के उद्देश्य से आवश्यक अधोसंरचना सुविधाएं विकसित करने के लिए 10 करोड़ 34 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सिंहस्थ-2028 के दौरान महेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं को मां अहिल्या द्वारा कराए गए कार्यों से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे अहिल्या लोक के निर्माण के लिए 110 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### शर्मा बने दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**भोपाल।** दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के नियमितीकरण के रास्ते बंद कर उन्हें स्थाईकर्मी, विनियमित सेवाकर्मी एवं श्रमिक बनाकर शोषण किया जा रहा है। राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुढ़ीर द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की लंबित मांगों और ज्वंलत समास्याओं के निराकरण के लिए दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ का गठन किया है। राहुल शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय को अध्यक्ष पद पर मनोनित किया है।

### शाहिद मछली ने बुखारी से खरीदी थी राइफल

**भोपाल।** राजधानी के शूटर्स द्वारा कारतूस के हेरफेर की आशंका के चलते पुलिस और प्रशासन की टीम उनके रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस की जांच में ये बात भी सामने आई है कि शाहिद अहमद ( मछली ) के पास शूटर का खिताब था। इसके लिए उसने अवैध शूटिंग रेंज चलाने वाले शारीक बुखारी से विदेशी राइफल खरीदी थी। बुखारी की बेटी भी शूटर है। उसको ये गन खरीदे हुए पांच साल हो गए थे। इसलिए उसने ये राइफल शाहिद को बेच दी थी।

### 25 पुलिस अधिकारियों के किए गए तबादले

**भोपाल।** राज्य शासन ने मंगलवार देर रात एडिशनल एसपी स्तर के 25 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आदेश के अनुसार अनिल कुमार पाटीदार को एआईजी भोपाल ग्रामीण, गीतेश कुमार गर्ग को जोनल एसपी स्पेशल ब्रांच ग्वालियर, राजेश कुमार शर्मा को एआईजी ग्वालियर, मनीषा पाठक को एसपी पीटीएस उज्जैन, संदीप मिश्रा को एडिशनल एसपी रीवा पदस्थ किया गया है। लिस्ट के मुताबिक पल्लवी त्रिवेदी को एसपी पीटीएस भौंरी, बिट्टू सहगल को एडिशनल एसपी खरगोन, अभिषेक राजन को एडिशनल एसपी नर्मदापुरम, विवेक कुमार लाल को एडिशनल एसपी रतलाम बनाया गया है। जय राज कुबेर को एएसपी ग्वालियर, यासमीन जेहरा को एएसपी पुलिस अकादमी भौरी, स्टेला सुलिया एएसपी इंटेलिजेंस भोपाल नगर, लवली सोनी एसपी पीटीएस सागर सहित 25 पुलिस अफसर के तबादले किए गए हैं।

### होम्योपैथी चिकित्सालय में होगा मोटापे का इलाज

**भोपाल।** शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में हाइपोथायरायडिज्म वह ओबेसिटी के लिए विशेषज्ञ इकाई की स्थापना की गई है। इकाई की स्थापना का उद्देश्य थायराइड ग्रंथि की अनियमितताएं और उससे होने वाले मोटापे में होम्योपैथी की कारगर दावों के माध्यम से अनुसंधान एवं उपचार किया जाना है। नोडल अधिकारी जूही गुप्ता ने बताया कि यदि समय रहते प्राकृतिक एवं होम्योपैथी उपचारों से इसका नियंत्रण किया जाए तो व्यक्ति दीघार्यु होता है।

### कैबिनेट बैठक: पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रुपए वृद्धि का अनुमोदन

# जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए केंद्र ने मना किया, राज्य सरकार अपनी मद से कराएगी पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नल जल योजनाओं का काम पूरा नहीं हुआ है। इस वजह से केंद्र सरकार ने बजट अलाटमेंट करने से मना कर दिया है। अब राज्य सरकार अपने मद से राशि खर्च कर इन एकल नल जल योजनाओं को पूरा कराएगी। काम में देरी की वजह से जल जीवन मिशन की पुनरीक्षित योजनाओं में 2,813 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को इस बढ़ोतरी हुई राशि का अनुमोदन कर दिया।

दरअसल, मप्र में 27 हजार 990 योजनाओं में से 15 हजार 947 ग्रामों की योजनाएं पूर्ण हो चुकी है। जबकि 12 हजार 43 योजनाओं के कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं। अभी तक कुल 8 हजार 358 योजनाओं के पुनरीक्षण की आवश्यकता हुई है। जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में अब तक 20 हजार 765 करोड़ रुपए लागत की 27 हजार 990 एकल ग्राम नल जल योजनाओं और 60 हजार 786 करोड़ रुपए लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि नल जल योजनाओं के लिए केंद्र सरकार ने पैसे देने से मना कर दिया है। इस स्थिति में सरकार अपने मद से राशि खर्च करेगी।

### उज्जैन में नवीन रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए 371 करोड़ 11 लाख स्वीकृत

**इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग के लिए 2,935 करोड़ 15 लाख स्वीकृत**



**उज्जैन मे नवीन रेलवे ओवर ब्रिज की स्वीकृति**

*कैबिनेट ने आगामी सिहंस्थ-2028 के मद्देनजर उज्जैन शहर में हरिफाटक रेलवे क्रॉसिंग पर 4 लेन और हरिफाटक चौराहे से नीलकंठ द्वार तक 980 मीटर लंबाई के नवीन रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 371 करोड़ 11 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति सिहंस्थ मद अंतर्गत प्रदान की गई।*

**राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाने का अनुमोदन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से प्रदेश में 'जल जीवन मिशन अंतर्गत पुनरीक्षित योजनाओं में प्रस्तावित लागत में वृद्धि राशि 2,813 करोड़ 21 लाख रुपए राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाने का अनुमोदन किया, जो लगभग 13.55 प्रतिशत है।

### इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग निर्माण की स्वीकृति

कैबिनेट ने इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड (एक्सेस कंट्रोल) मार्ग, लंबाई 48.10 किमी का 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर एवं दोनों ओर दो लेन सर्विस रोड सहित, हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल योजनांतर्गत निर्माण कार्य के लिए भू-अर्जन सहित 2935.15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। परियोजना को हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल पर किए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई परियोजना के तहत 34 अंडर पास, 2 फ्लाई ओवर, 1 आरओबी, 7 मध्यम पुल एवं 2 वृहद जंक्शन का निर्माण सहित सभी जंक्शन का सुधार, सड़क सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग आदि कार्य किए जाएंगे।

**नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग निर्माण को मंजूरी**

कैबिनेट ने नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग कुल लंबाई 72.18 किमी के दो लेन मय पेव्हड शोल्डर निर्माण के लिए हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएमए) योजनांतर्गत भू-अर्जन सहित राशि 972 करोड़ 16 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना के तहत 2 अंडर पास, 4 बड़े पुल, 37 मध्यम पुल, 14 वृहद जंक्शन एवं 52 मध्यम निर्माण कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जंक्शन सुधार, सुरक्षा उपाय, रोड मार्किंग और रोड फर्नीचर का कार्य भी किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अपील का असर, कार्यकर्ताओं ने हटाए जन्मदिन के पोस्टर-बैनर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए आग्रह किया था कि कोई भी कार्यकर्ता होर्डिंग, बैनर अथवा अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग न करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की इस अपील का असर जमीनी स्तर पर देखने को मिला। भोपाल, बैतूल सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर जहां कार्यकर्ता जन्मदिन पर पोस्टर-बैनर लगाने की तैयारी में थे, उन्होंने तैयारियां रोक दीं।

बैतूल में पहले से लगे कुछ होर्डिंग्स को भी स्वेच्छा से हटा लिया गया। यह कार्यकर्ताओं के अनुशासन, नेतृत्व के प्रति आस्था और संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण है। खंडेलवाल का मानना है कि राजनीति का असली उद्देश्य जनसेवा है। प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने अनुशासन दिखाते हुए प्रदेश अध्यक्ष की मंशा का पालन किया।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स की बैठक में हुए**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को बैतूल में कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक में सहभागिता कर संबोधित किया। बैठक में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल एवं जिला अध्यक्ष मनोज भार्गव उपस्थित रहे।

### शीशे और दीवार तोड़कर लोगों को बाहर निकाला

# बेबीलोन टावर के तीसरे माले पर आग, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



तेलीबांधा इलाके में सोमवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बेबीलोन टावर के तीसरे माले पर अचानक आग भड़क उठी, जिसके बाद पूरे टावर में अफ़रातफ़री मच गई। देखते ही देखते घना धुआं फैल गया और बिल्डिंग के अलग-अलग हिस्सों में 47 लोग फंस गए।

हालात इतने गंभीर थे कि शीशे की इस बहुमंजिला इमारत में धुआं बाहर निकल ही नहीं पा रहा था। मौके पर पहुंचे कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि स्थिति बेहद ख़तरनाक थी। कई जगह शीशे और दीवार तोड़कर धुएं को बाहर निकाला गया, ताकि लोग दम घुटने से बच सकें। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व एसडीएम कुमार चौबे ने किया, जो प्रशासनिक टीम और एसडीआरएफ जवानों के साथ खुद बिल्डिंग के अंदर पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। खास बात यह रही कि टावर के ए विंग के टॉप फ्लोर पर स्थित सांगरिया रेस्टोरेंट में बैठे लोग सबसे ज़्यादा फंस गए थे। वहीं बी विंग में बने दफ्तरों से भी कई लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा। जिला प्रशासन, नगर निगम और एसडीआरएफ की त्वरित कार्रवाई की वजह से किसी की जान नहीं गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और घटना की जांच जारी है।

### केन्द्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली में दी बधाई, सीएम, डिप्टी सीएम रहे मौजूद

# 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' की सफलता पर जवान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने करेंगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की और सम्मानित किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे। शाह ने करेंगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और



पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। शाह ने आगे कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि करेंगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया। अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुंचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े छह करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। आगे कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे।

### मुख्यमंत्री से केंद्र सरकार के अधिकारियों ने की भेंट



# मप्र की ऐतिहासिक विरासत को अवर सचिव दल ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार को मंत्रालय में प्रधानमंत्री कार्यालय के अवर सचिव विनोद बिहारी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों के 38 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत अवर सचिव शामिल थे। यह सभी अवर सचिव इस मिड कैरियर कोर्स के उपरान्त उप सचिव के पद पर पदोन्नत होंगे और अलग-अलग मंत्रालयों में उनकी पदस्थापना की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि वे मध्यप्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक विरासत से प्रभावित हुए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने कहा कि भारत सरकार के यह सभी अधिकारी जनकल्याण की दृष्टि से विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

**देश के हृदय मप्र में सभी का स्वागत**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश में सभी का स्वागत है। मप्र अनेक नवाचारों को अपनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के पैमानों पर कार्य कर रहा है। नागरिकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। आयुष्मान कार्डधारी और अन्य नागरिकों को आपातकाल में जीवन रक्षा के लिए एयर एम्बुलेंस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसीतरह मेडिकल कॉलेजों की स्थापना का कार्य निरंतर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के अधिकारियों को जानकारी दी कि पीपीपी मॉडल के आधार पर जिला अस्पतालों का मेडिकल कॉलेज के रूप में उन्नयन कर आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मॉडल की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के लिए मात्र एक रुपए में 25 एकड़ भूमि के आवंटन, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध करवाने और मेडिकल कॉलेज का प्रबंधन, प्राप्त शुल्क राशि से किए जाने की व्यवस्था की गई है।*

### भीड़ ने चालक को पीटा, पुलिस को सौंपा आरोपी, वाहन जब्त

# गणेश विसर्जन जुलूस में घुसी बुलेरो तीन की मौत, 22 से अधिक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुरुडांड में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गणेश विसर्जन करने तालाब की ओर जा रहे ग्रामीणों की भीड़ पर तेज रफ्तार बोलेरो ने कहर बरपाया।

इस भयावह हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक दर्जन से ज्यादा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**भीड़ को रौंदते हुए हवा में उछाला**

प्रत्यक्षदर्शी टंकेश्वर यादव के मुताबिक, बोलेरो इतनी तेज रफ्तार में थी कि उसने भीड़ को रौंदते हुए कई लोगों को हवा में उछाल दिया। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने चालक की जमकर पिटाई कर दी, वहीं वाहन में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। हालांकि, पुलिस ने चालक और बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है। गाड़ी अंबिकापुर से कुनकुरी जा रही थी। हादसे में अरविंद (19 वर्ष) पिता तोबियस केरकेट्टा, विपिन कुमार प्रजापति (17 वर्ष) पिता देवनारायण, खिरोवती यादव (32 वर्ष) पत्नी हरीश यादव की मौत हो गई। वहीं घायलों में फकीर यादव, नीलू यादव, निरंजन राम, संदीप यादव, नारायण, देवंती, गुलापी बाई, याहूसु लकड़ा, संतोष प्रजापति, हेमंत यादव, उमा यादव, भुवनेश्वरी यादव, चंदा बाई, पिंकी, लीलावती प्रजापति, डमरूधर यादव, गायत्री यादव, आरती यादव, परमानंद यादव, अभिमन्यु, हेमानंद और बोलेरो चालक सुखसागर सहित 25 से अधिक लोग शामिल हैं।

**गंभीर घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा**

*हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां बीएमओ डॉ. सुनील लकड़ा व उनकी टीम ने रातभर उपचार किया। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सीएमएचओ डॉ. जी.एस. जात्रा खुद उपचार की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जशपुर विधायक रायमुनि भगत देर रात अस्पताल पहुंचीं और घायलों व परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशिमोहन सिंह भी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ने बताया कि मेडिकल टीम के साथ नायब तहसीलदार को अंबिकापुर भेजा गया है ताकि घायलों को हर जरूरी सुविधा मिल सके। एसपी शशिमोहन सिंह ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद बुलेरो और चालक को पकड़ लिया गया है। फिलहाल प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

**एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल शिफ्ट करते समय का मामला**

# सिलेंडर की ऑक्सीजन खत्म, मरीज की मौत

**कांकेर।** जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोदल पर लापरवाही का आरोप लगा है। एक मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया था। रास्ते में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हो जाने की वजह से मरीज की मौत हो गई। दरअसल, सांप के काटने के बाद मरीज मोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोदल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने मध्यरात्रि इलाज किया। मरीज की गंभीर हालत देख कांकेर रेफर किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोदल में कोई भी सरकारी वाहन न होने की वजह से निजी वाहन से कांकेर रेफर किया।

जानलेवा होता जा रहा मौसम

# हिमाचल रामपुर में बस पर गिरी चट्टानें, 2 महिलाओं की मौत, अखनूर में फटा बादल

एजेंसी ▶▶ शिमला/ जम्मू

पहाड़ी इलाकों में मौसम जानलेवा होता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में जिला शिमला के रामपुर में बड़ा हादसा पेश आया है। बिथल कालीमिट्टी के पास अचानक पहाड़ी से चट्टानें निजी बस को चीरते हुए सवारियों पर आ गिरीं। हादसा बेहद भयावह रहा। चट्टानें बस का आधा हिस्सा तोड़कर अंदर पहुंच गई। सवारियों में चीख पुकार मच गई। लोगों को संभलने का कतई मौका नहीं मिला।

इस हादसे में लक्ष्मी वीरानी पुत्री राम चरण निवासी जलगांव महाराष्ट्र और एक नेपाल मूल की महिला की मौत हो गई। हादसे में 15 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा व उनकी और प्रशासन की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बस से बाहर निकाला और उन्हें खनेरी अस्पताल पहुंचाया।

*बिथल कालीमिट्टी के पास अचानक पहाड़ी से चट्टानें निजी बस को चीरते हुए सवारियों पर आ गिरीं। हादसा बेहद भयावह रहा। चट्टानें बस का आधा हिस्सा तोड़कर अंदर पहुंच गई*

### किन्नौर में दरकी चट्टानें, चपेट में आए ट्रक

### मंडी में भूस्खलन से अब तक 7 की मौत





**चालक को भनक नहीं**

*एचपी 63ए1891 नंबर की यह निजी बस एनएच 05 पर हादसे का शिकार हुई है। विशाल ट्रेवल नामक निजी बस पर कालीमिट्टी में बिथल के पास अचानक पहाड़ी से चट्टानें आ गिरीं। चालक को इसकी कोई भनक नहीं लग पाई। बस पर चट्टानें गिरने पर ही चालक को हादसे का पता चल पाया। वहीं, सुबह किन्नौर में भी पहाड़ी से दरकी चट्टानों की चपेट में छह से ज्यादा ट्रक आ गए। इस हादसे में छह सवारियां घायल हो गई।*



### 7 सितंबर तक सभी स्कूल बंद

प्रदेश में भारी बारिश के बीच बचाव कर्मियों ने मंडी जिले में भूस्खलन के बाद मलबे से चार और शव बरामद किए, जबकि कुल्लू जिले में दो मकान ढह जाने से एनडीआरएफ के एक जवान समेत दो लोगों की मौत की आशंका है। मंगलवार शाम सुंदरनगर क्षेत्र के बीबीएमबी कॉलोनी के पास भूस्खलन की चपेट में आए चार और लोगों के शव बरामद किए गए, जिससे मृतकों की संख्या सात हो गई। सुंदरनगर के उप-मंडल मजिस्ट्रेट अमर नेगी ने बताया कि सात में से पांच लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। राज्य में सभी सरकारी और निजी कॉलेज व स्कूल सात सितंबर तक बंद रहेंगे।

### अखनूर में 200 से ज्यादा घर जलमग्न

*अखनूर। जम्मू के पास अखनूर के चौकी चौरा में रात लगभग 2 बजे अचानक बादल फटने से सुमाह खड़ (नाला) भर गया, जिससे अखनूर के सुमाह, सुंगल, पंगयाडी, रामनगर कॉलोनी और बोमाल क्षेत्र के कई घरों में पानी घुस गया। इस कारण स्थानीय लोगों को भारी नुकसान हुआ है। अखनूर से गोपाला और पंगयाडी मुख्यमार्ग को जोड़ने वाली दोनों पुलियां भी टूट गई हैं। इस वजह से पंगयाडी और गोपाला गांव का संपर्क कट गया है, जिससे करीब 400 लोग प्रभावित हुए हैं। चिनाब नदी के किनारे स्थित गड़खाल पंचायत के फत्तू कोटली क्षेत्र में फिर से जलमग्नता बढ़ गई है, जहां लगभग 25 लोग फंसे हुए हैं। इसके अलावा, बोमाल, देवीपुर, भोरकैम्प, चक सिकंदर, मैरा और बंधवाल जैसे इलाके चिनाब नदी के किनारे पानी से घिरे हुए हैं।*



**उत्तरकाशी में 5 हजार करोड़ का नुकसान**

*इस साल अब तक उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग समेत अन्य जिलों में बादल फटने व अतिवृष्टि से पांच हजार करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। प्रदेश में बारिश से जिस तरह के हालात बने, उसे देखते हुए नुकसान का आंकड़ा बढ़ सकता है। जिला स्तर पर डीएम के माध्यम से नुकसान के आकलन की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।*

---

## खबर संक्षेप


### 17 साल बाद जेल से बाहर आया गवली

**मुंबई।** 'दगड़ी चॉल का डॉन' कहलाने वाला अरुण गवली 17 साल बाद जेल से बाहर आ गया है। बुधवार को नागपुर सेंट्रल जेल से उनकी रिहाई ने पूरे माहौल को बदल दिया। दोपहर करीब 12:30 बजे जैसे ही जेल के दरवाजे खुले, बाहर खड़े परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, वकील और समर्थकों की भीड़ नारेबाजी करते हुए उनके स्वागत में जुट गई। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते 76 वर्षीय गवली को साल 2007 के चर्चित कमलाकर जामसांडेकर हत्या मामले में जमानत दी थी।



### 300 से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं विदेश भेजीं

**कोलकाता।** उत्तरी कोलकाता में मिट्टी की मूर्तियां बनाने के लिए प्रसिद्ध कॉलोनी कुमारतुली (कुम्हारटोली) से इस वर्ष देवी दुर्गा और अन्य देवी देवताओं की 300 से अधिक मूर्तियां विदेश भेजी गईं। कुम्हारों के एक संगठन ने यह जानकारी दी। कुमारतुली को 2025 में रूस से एक मूर्ति का ऑर्डर मिला, साथ ही अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, जापान, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, इटली और सिंगापुर जैसे देशों से भी एक-एक मूर्ति का ऑर्डर मिला।



---

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की जर्मन समकक्ष के साथ मुलाकात

# द्विपक्षीय सहयोग के नए आयामों पर दिया जोर स्पेस, एआई और साइबर क्षेत्र में करेंगे निवेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*बैठक के दौरान जर्मन विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता आने वाले महीनों में हो सकता है। उन्होंने अमेरिकी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर दूसरे देश व्यापार में बाधाएं डालते हैं, तो हमें उन्हें कम करके जवाब देना चाहिए*

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को अपने जर्मन समकक्ष जोहान वाडेफुल के साथ द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न आयामों पर बैठक कर गहन चर्चा की।

जयशंकर ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच लंबे समय से चला आ रहा बहुपक्षीय सहयोग है जिसे और आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अपने संबंधों को गहरा करने और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता में तेजी लाने के लिए जर्मनी का सहयोग चाहता है।

उन्होंने कहा कि हम 25 वर्षों की रणनीतिक साझेदारी, 50 वर्षों के वैज्ञानिक सहयोग, लगभग 60 वर्षों के सांस्कृतिक समझौतों और एक शताब्दी से भी अधिक के व्यावसायिक संबंधों का जश्न मना रहे हैं। मुझे खुशी है कि इस यात्रा के दौरान आपको बेंगलुरु जाने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमारे सहयोग की अपार संभावनाओं को देखने का अवसर मिला।

### जर्मनी बोला- भारत नवाचार का पावरहाउस

**» भारत-ईयू के बीच एफटीए जल्द ही**

**» दोनों देश व्यापार को दोगुना करेंगे**



### भारत हर चिंता का खास ख्याल रखेगा

जयशंकर और वाडेफुल ने भारत-जर्मनी के बीच व्यापार को और मजबूत करने पर जोर दिया। पिछले साल दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब 50 बिलियन यूरो का था। वाडेफुल ने कहा कि जर्मनी इस व्यापार को दोगुना करने के लिए पूरी ताकत लगाएगा। जयशंकर ने भी इस लक्ष्य के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। जयशंकर ने भरोसा दिलाया कि जर्मन कंपनियों को भारत में कारोबार करने में किसी भी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार उनकी हर चिंता का खास ख्याल रखेगी।

### » तकनीक की नई राह

वाडेफुल ने बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान और इसरो का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत की तकनीकी ताकत को करीब से देखा। उन्होंने भारत को 'नवाचार का पावरहाउस' बताया। दोनों देशों ने अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), और साइबर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। जयशंकर ने कहा कि 50 साल पुराने वैज्ञानिक सहयोग को अब उद्योगों से जोड़ने का वक्त है। खास तौर पर सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में जर्मनी की रुचि को भारत ने खुलकर स्वागत किया।

**भारत के साथ घनिष्ठ संबंध:** जोहान वाडेफुल ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। हमारे संबंध राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से घनिष्ठ हैं। सुरक्षा सहयोग से लेकर नवाचार और तकनीक, और कुशल श्रमिकों की भर्ती तक हमारी रणनीतिक साझेदारी के विस्तार में बहुत संभावनाएं हैं।

### बाधा डालने वालों को जवाब दें

*दोनों नेताओं ने वैश्विक चुनौतियों पर भी गहरी चर्चा की और भारत-जर्मनी के बीच व्यापार को दोगुना करने का भरोसा जताया। इस बैठक के दौरान जर्मन विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता आने वाले महीनों में हो सकता है। उन्होंने अमेरिकी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर दूसरे देश व्यापार में बाधाएं डालते हैं, तो हमें उन्हें कम करके जवाब देना चाहिए।*

---

सिंगापुर के पीएम की वित्त मंत्री से भेंट

# निवेश, स्वास्थ्य सहित क्षेत्रों में बढ़ाएंगे द्विपक्षीय व्यापार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। यह मुलाकात नई दिल्ली में हुई, जहां दोनों नेताओं ने भारत और सिंगापुर के बीच रिश्तों को और मजबूत करने पर बातचीत की। इस बातचीत का मकसद व्यापार, निवेश, डिजिटल तकनीक, कौशल विकास, स्वास्थ्य, कनेक्टिविटी और पर्यावरण जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना था। इस दौरान दोनों नेताओं ने इन सभी क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करने पर जोर दिया। बता दें, सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग की यह भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है।

### आज पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

*सिंगापुर के पीएम लारेंस वोंग आज पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी मिलेंगे। इस दौरे के दौरान वित्त, डिजिटल नवाचार, कौशल विकास, नागरिक उड्डयन, समुद्री सहयोग और अंतरिक्ष तकनीक सहित कई अहम क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सिंगापुर भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है, खासकर हमारी 'एक्ट ईस्ट' नीति में। प्रधानमंत्री मोदी के सितंबर 2024 में सिंगापुर दौरे के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदला गया था।*


### महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

*उन्होंने कहा कि उन्हें वित्त मंत्री सीतारमण से दोबारा मिलकर खुशी हुई। उन्होंने हाल ही में हुए भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के नतीजों और सीमा पार डेटा और पूंजी बाजारों में सहयोग पर चर्चा की। इससे पहले पीएम वोंग ने अपनी पत्नी के साथ राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।*



---

## चीन ने आर्मी परेड में दिखाई ताकत



### हाइपरसोनिक मिसाइलें दिखाईं

*बीजिंग। चीन ने अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड आयोजित कर दुनिया को अपनी ताकत दिखाई है। परेड में चीन ने हाइपरसोनिक, लेजर और लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों सहित अपने अत्याधुनिक नए हथियारों का पहली बार सैन्य प्रदर्शन किया है। द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चीन ने यह सैन्य परेड आयोजित की।*

रूस ने यूक्रेन पर हमले बढ़ाए

## 500 से अधिक ड्रोन लॉन्च किए मिसाइलें भी दागीं, 5 लोग घायल

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन पर अब तक का बड़ा हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, रूस ने 500 से ज्यादा ड्रोन और करीब दो दर्जन मिसाइलें एक साथ दागीं। इस हमले का सबसे ज्यादा निशाना नागरिक ढांचा, खासतौर पर ऊर्जा संयंत्र बने हैं।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब सर्दियों का मौसम नजदीक आ रहा है और तीन साल से जारी युद्ध ने यूक्रेन की बिजली और हीटिंग व्यवस्था को पहले ही बुरी तरह प्रभावित कर रखा है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि हमले का केंद्र पश्चिमी और मध्य यूक्रेन रहा। इस दौरान कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यह हमला रूस की दम दिखाने की कोशिश है। उन्होंने चेतावनी दी कि व्लादिमीर पुतिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह दिखाना चाहते हैं कि उन पर कोई अंकुश नहीं है।



## आईएनएस त्रिकंड मिस्र पहुंचा

**काहिरा।** भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस त्रिकंड एक सितंबर को मिस्र के अलेक्जेंड्रिया बंदरगाह पहुंचा। यह जहाज भूमध्य सागर में चल रही तैनाती के तहत वहां पहुंचा है। जहाज अमेरिका की मध्य कमान की ओर से आयोजित बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'ब्राइट स्टार 2025' में भाग लेगा, जिसमें भारतीय थल सेना और वायुसेना भी हिस्सा लेंगी।



इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष विराम

## आगे आए फ्रांस और सऊदी अरब 22 सितंबर को करेंगे बड़ा सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ पेरिस

इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष विराम के लिए फ्रांस और सऊदी अरब आगे आए हैं। दोनों देश 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में इजराइल-फिलिस्तीनी संघर्ष के द्वि-राज्य समाधान पर एक हाई-प्रोफाइल सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।

सम्मेलन उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। वहीं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका से फिलिस्तीन अधिकारियों को वीजा देने से इनकार करने के फैसले को वापस लेने की मांग की। मैक्रों ने कहा कि मैंने अभी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात की है। हम दोनों मिलकर 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में द्वि-राज्य समाधान पर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी अधिकारियों को वीजा न देने का अमेरिकी फैसला अस्वीकार्य है।



---

ब्रिटेन में सड़क हादसा

## गणेश विसर्जन कर लौट रहे तेलंगाना के 2 छात्रों की मौत

एजेंसी ▶▶ लंदन

दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के एसेक्स में सोमवार तड़के रेले स्पर गोलचक्कर पर दो कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में तेलंगाना के दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में 23 वर्षीय चैतन्य तारे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 21 वर्षीय ऋषि तेजा रापोलू ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय कार चला रहे पूर्वी लंदन में बार्किंग के 23 और 24 वर्ष के दो अन्य लोगों को खतरनाक ड्राइविंग के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें 20 नवंबर तक जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों के परिवारों की विशेषज्ञ अधिकारी सहायता कर रहे हैं।



### पांच अन्य लोगों को गंभीर चोटें

*पांच अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि हादसे की जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस घटना से जुड़ी सीसीटीवी, डैशकैम या अन्य कोई वीडियो फुटेज उनके साथ साझा करें। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन यूके ने छात्रों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका कहना है कि ये छात्र गणेश विसर्जन समारोह से लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ।*

संघीय अदालत के फैसले से राष्ट्रपति ट्रंप को लगा बड़ा झटका

## 18वीं सदी के कानून से निर्वासित नहीं कर सकते

*सीधे अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकेंगे*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका लगा है।

अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके उन लोगों को निर्वासित नहीं सकते, जिन पर उनकी सरकार वेनेजुएला के एक गिरोह का सदस्य होने का आरोप लगाती है।

इस फैसले से ट्रंप प्रशासन की एक प्रमुख पहल पर रोक लग गई है और अब इस लड़ाई के उच्चतम न्यायालय में पहुंचने की उम्मीद है।

### अदालत सवाल नहीं कर सकती

ट्रंप प्रशासन ने दलील दी थी कि अदालतें राष्ट्रपति के इस निर्धारण पर सवाल नहीं उठा सकतीं कि 'ट्रेन डी अरागुआ' गिरोह वेनेजुएला सरकार से जुड़ा हुआ है और अमेरिका के लिए खतरा है, इसलिए इस अधिनियम का इस्तेमाल उचित है। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को खारिज कर दिया। अब इस फैसले को या तो 5वीं सर्किट अदालत में चुनौती दी जा सकती है या सीधे अमेरिकी उच्चतम न्यायालय में अपील की जा सकती है, जहां इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय होने की संभावना है।



### पीठ ने 2-1 के बहुमत से दिया फैसला

*अमेरिका की सबसे रूढ़िवादी संघीय अदालतों में गिनी जाने वाली 5वीं सर्किट अपीलीय अदालत में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने 2-1 के बहुमत से दिए फैसले में प्रवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और निचली अदालतों की दलीलों से सहमति जतायी। दलीलों में कहा गया था कि 1798 का 'एलियन एनिमीज एक्ट' 'ट्रेन डी अरागुआ' जैसे गिरोहों के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए नहीं बनाया गया था। ट्रंप प्रशासन ने इस साल मार्च में इस कानून का हवाला देते हुए वेनेजुएला के इस गिरोह के कथित सदस्यों को अल सल्वाडोर की एक कुख्यात जेल में निर्वासित करते हुए यह तर्क दिया था कि अमेरिकी अदालतें वहां से उनकी रिहाई का आदेश नहीं दे सकतीं। जुलाई में घोषित एक समझौते के तहत, निर्वासित किए गए 250 से अधिक प्रवासी वेनेजुएला लौट गए। इस कानून का अमेरिकी इतिहास में अब तक केवल तीन बार इस्तेमाल हुआ है और वह भी 1812 के युद्ध और दोनों विश्व युद्धों के दौरान।*


गोहलपुर मालगुजार परिसर नर्मदा नगर


नया मोहल्ला रिछाई में विराजे गजानंद


गणेश उत्सव समिति बरेला रामलीला रंगमंच


सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति बाजार मोहल्ला बरेला


सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कोतवाली मोहल्ला बरेला


श्री सृजन गणेश उत्सव समिति पुरानी पी पीकॉलोनी ग्वारीघाट


नामदेव परिवार में रखे गए गजानन महाराज की प्रतिमा पुरानी पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड।


श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति बावली लाइन पीपी कॉलोनी ग्वारीघाट


सरस्वती गणेशोत्सव समिति ने सरस्वती कॉलोनी चेरीताल वार्ड में स्थापित की प्रतिमा


आंध्र गणेश उत्सव समिति चंडाल भाटा दमोह रोड स्थित दसवां वर्ष का प्रवेश इस वर्ष विशाल प्रतिमा स्थापित।

## खबर संक्षेप

### फैजान कुरैशी प्रदेश सचिव बने

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की सहमति से तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर मप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एड. शेख अलीम ने युवा समाजसेवी मो. फैजान करैशी को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया। नियुक्ति पर विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, कदीर सोनी, भूरे पहलवान, हाजी मुईन खान, अशफाक आरिफ, इरफान कुरैशी, इस्तेयाक अंसारी, तारिक कुरैशी, हाजी अयाज खान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



### डॉ. गोविंद पांडेय प्रेम विद्यावाचस्पति सम्मान से सम्मानित

**जबलपुर।** साहित्यकार, गीतकार एवं पशु चिकित्सा वैज्ञानित डॉ. गोविंद पांडेय प्रेम को हिन्दी लेखन, साहित्य सृजन एवं समाजसेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर भारत सरकार व उत्तरप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, मथुरा द्वारा विगत दिवस विद्यावाचस्पति सारस्वत सममान से विभूषित किया गया। इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, साहित्यकारों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।



### बुंदेली दिवस समारोह में कुलपति डॉ. राजेन्द्र कुररिया सम्मानित

**जबलपुर।** शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में गुंजन कला सदन के बुंदेली दिवस कार्यक्रम में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु डॉ. राजेन्द्र कुररिया को ज्ञानप्रकाश अलंकरण से विभूषित किया गया। डॉ. कुररिया लगभग 32 वर्षों से अध्यापन रिसर्च से जुड़े हुए हैं, वि 114 रिसर्च पेपर, 04 बुक लख चुके हैं। उन्हें संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में संयोजक डॉ. ज्योति तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, मुदित तिवारी ने सेवाभावी शंकर प्रसाद तिवारी की स्मृति में सम्मानित किया।

# गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर उमडे श्रद्धालु

## शहर में आकर्षक साज सज्जा के बीच देर रात तक गणेश प्रतिमाओं के दर्शन कर रहे भक्तगण

**जबलपुर।**

शिव पार्वती के नन्दन प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के जनमोत्सव का महापर्व गणेशोत्सव इन दिनों शहर में पूरी श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का क्रम लगभग पूरा हो चुका है। साज सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 6 सितम्बर शनिवार अनंत चतुर्दशी को इस 11 दिवसीय पर्व का समापन होगा। पर्व का आज 9वां दिन है। शेष बचे 2 दिनों में गजानन के दर्शनार्थ सड़कों पर भीड़ निकलना प्रारंभ होगी। गणेश पंडाल सज धज गये हैं। जगह-जगह समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां भी सजाई गई हैं। बुधवार की शाम से ही शहर में गणेश उत्सव की उत्साह नजर आने लगा था। देर रात तक श्रद्धालुओं की चहल पहल बनी रही। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना भी बड़ी संख्या में की जाने लगी है। सदर और गोरखपुर में गणेशोत्सव की धूमधाम कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। गणेश चौक सदर, गोरखपुर बाजार के साथ-साथ सदर की गलियों में आकर्षक साज सज्जा के साथ गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। गल्ला मण्डी, निवाड़गंज, चेरीताल, अधारताल, आनंद नगर, मदन महल, आमनपुर, लेबर चौक स्थित श्री गजानन समिति, श्री साईं गणेश उत्सव समिति, छोटी मस्जिद, श्री नर्मदा गणेशोत्सव समिति गढ़ाफाटक, उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, पोलीपाथर, व्यौहारबाग, साठिया कुआं, कोतवाली, अंकुर युवा संस्था सराफा बाजार, श्री महाराष्ट्र शिक्षण मंडल महाराष्ट्र हाई स्कूल के पास श्री बालक गणेश उत्सव समिति रामपुर, बरगद मठ गणेश उत्सव समिति कोतवाली थाना के पीछे, विवेक कला मंदिर साठिया कुंआ दरहाई, मलखम गणेश उत्सव समिति साठिया कुंआ, नव आंधी युवा गणेश उत्सव समिति नुनहाई में प्रथम पूज्य भगवान श्री गजानन स्वामी की भव्य व आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गईं। वहीं नगर के प्राचीन श्री सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट में भी गणपति उत्सव धूमधाम के साथ नित्य प्रति विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया जा रहा है। गणेश उत्सव पर सड़कें रंग बिरंगी विभिन्न छटाओं से जगमगा रही हैं। गणेश पण्डालों में प्रथम पूज्य की स्तुति की जा रही है, वहीं गणेश पर्व ही ऐसा है, जिसमें हर घर में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। घर-घर में गणपति की आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है। वहीं नगर के प्राचीन श्री सिद्ध गणेश मंदिर ग्वारीघाट में भी गणपति उत्सव धूमधाम के साथ नित्य प्रति विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मनाया जा रहा है। गणपति पंडालों में सुबह-शाम बुद्धि के दाता विघ्न विनाशक की आरती के स्वर सुनाई देते हैं। शाम ढलते ही आकर्षक विद्युत छटाओं से पंडाल जगमगाने लगते हैं वहीं नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्ध गणेश मंदिर गौरीघाट, सुप्तेश्वर गणेश मंदिर, रतननगर, रामपुर गणेश मंदिर, गणेश मंदिर दीक्षितपुरा में भी धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही हैं।



# विमान में विराजमान होकर भगवान ने जाने भक्तों के हालचाल

**नरसिंह मंदिर सिध्दा घाट कुलौन शहपुरा में डोल ग्यारस पर विमानोत्सव संपन्न**

**हरिभूमि, जबलपुर।** भगवान का विमान जहां से निकलता है वहां की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाती है। राम के काज से जो जुड़ जाता है वो वंदनीय है। उत्सव उत्साह से जो भगवान से जुड़ता है वो ही भक्ति है। जो सनातन धर्म संस्कृति, गुरु, परापंराओ से प्रेम करता है वो श्रेष्ठ है। जो भगवान का हो जाता है वो सर्वश्रेष्ठ हो जाता है। जिसके जीवन में उत्तम विचारों का समावेश होता है वो भगवान से निर्मल मन और धन ऐश्वर्य संपत्ति पाते हैं। भगवान विमान में बैठकर भक्तों पर कृपा आशीर्वाद बरसाते हैं उक्त उद्गार श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने नरसिंह मंदिर सिध्दा घाट कुलौन शहपुरा में जल झूलनी एकादशी डोल ग्यारस पर भव्य दिव्य विमानोत्सव में कहे।

अनंत श्री विभूषित जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, जगतगुरु श्रीराजारामाचार्य जी, महंत प्रकाशानंद, महंत त्यागी जी, भृगुदत जी, रामेश्वरानंद, योगी राजेशदास, आचार्य अनूप देव, ब्रम्हचारी हिमांशु, संत महात्माओं गणमान्य नागरिकों में विश्व हिन्दू परिषद अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुख अशोक तिवारी, विधायक नीरज सिंह, अमित टहनगुरिया, राममूर्ति मिश्रा, संदीप जैन गुड्डा, मुन्ना पांडे, सुभाष सिंह,सुरेन्द्र सिंह, विध्येश भापकर, सहित हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# रजत गणेश के दर्शनों को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## भक्तों ने लगाई मनोकामना पूर्ति की अर्जी



**जबलपुर।** श्री गणेश जन्मोत्सव के अष्टम दिवस, बुधवार को ललपुर रोड स्थित गौरीघाट के श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने रजत गणेश के दर्शन किए और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु अर्जी लगाई।इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्री गणेश जी के १००० नामों का सहस्त्रार्चन विभिन्न हरित सब्जियों द्वारा विधिपूर्वक किया गया। इसके साथ ही श्री गणेश का शर्करा रस से अभिषेक कर पूजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंदिर के संस्थापक महंत स्वामी श्री प्रमोद महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री गणेश पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतवर्ष में श्री गणेश पूजन हर शुभ कार्य से पूर्व आवश्यक माना गया है। चाहे वह ऐहिक कर्म हो या आध्यात्मिक, गणपति पूजन के बिना कार्य सिद्ध नहीं माने जाते। उन्होंने यह भी कहा कि योग साधना में मूलाधार चक्र को गणेश स्थान माना गया है और साधना में सिद्धि प्राप्त करने के लिए श्री गणेश के साक्षात्कार की आवश्यकता होती है। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रकाश रानू कुशवाहा, रामस्वरूप-राजकुमारी तिवारी, कौशल-अंकिता श्रीवास्तव, योगेंद्र-महक सेठी, दीपक अग्रवाल, खुशबू सोनी, संज्ञा सोनी एवं मृदुला चौहान सहित अनेक गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।




# पुस्तक अदभुत जीवन यात्रा का विमोचन

**जबलपुर।** क्लब स्थापना समारोह में क्लब के वरिष्ठ सदस्य इंजीनियर रामकृष्ण चौकसे द्वारा लिखित पुस्तक "अदभुत जीवन यात्रा" का विमोचन रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल व भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन के माध्यम से किया गया। पुस्तक में 50 वर्ष उम्र के बाद आनंदमय रिटायरमेंट लाइफ जीने के उपाय की विस्तृत व्याख्या की गई है और हमें क्या नहीं करना चाहिए जबलपुर शहर के दो हजार वर्षों का विस्तृत इतिहास, कैलाश मानसरोवर की परिक्रमा, यात्रा नर्मदा परिक्रमा का वर्णन दिया है। रामायण, गीता, शुक्रनीति, अष्टावक्र गीता में दिए गए सूत्रों से आदर्श एवं आनंदमय जीवन जीने की कला की व्याख्या की गई है।

# शैल्बी हॉस्पिटल ने किया विष मार्कर (एलूनिपर पर्ल) का सफल प्रत्यारोपण



**जबलपुर।**

महाकोशल में हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में, शैल्वी हॉस्पिटल जबलपुर के वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आशीष तिवारी ने पहली बार एलुनीर 7वीं पीढ़ी की यूएसएफडीए-स्वीकृत स्टेंट विष मार्कर (एलूनियर पर्ल) का सफल प्रत्यारोपण किया। इस प्रक्रिया के बाद रोगी की स्थिति अत्यंत संतोषजनक रही, जो उन्नत कोरोनरी इंटरवेंशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्टेंट के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. आशीष तिवारी ने कहा "एलुनीर स्टेंट पारंपरिक देस से कई मायनों में अलग और बेहतर है। इसमें रेडियो-ओपेक मार्कर लगे होते हैं, जिससे स्टेंट को सटीक स्थान पर स्थापित करना आसान होता है। ब्लून के सिरे पर लगा स्प्रिंग टिप नाड़ी के भीतर सहजता से नेविगेशन में मदद करता है। यह पारंपरिक देस की तुलना में 40% कम धातु का उपयोग करता है और इसकी अभिनव संरचना टिशू प्रोलैप्स और मॉलए पोजिशन को न्यूनतम करती है। इन विशेषताओं के कारण यह स्टेंट अधिक सुरक्षित, सटीक और बेहतर परिणाम देने वाला है।" इस सफल प्रत्यारोपण के साथ, शैल्बी हॉस्पिटल ने महाकोशल क्षेत्र में हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया मापदंड स्थापित किया है।

# सतर्कता बरतने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**जबलपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत 03 सितम्बर को स्काउट सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाटक का मार्गदर्शन अपर मंडल रेल प्रबंधक/ मुख्य जिला आयुक्त स्काउट सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी/ जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ सहा. जिला आयुक्त स्काउट नितेश कुमार सोने, सहा. मंडल कार्मिक अधिकारी/ सहायक जिला आयुक्त स्काउट सचिपति नंदन, मुख्य कल्याण निरीक्षक रविन्द्र त्रिपाठी, जिला सचिव अनिल कुमार चौबे रहे। नाटक की प्रस्तुति रेल कर्मचारियों के समक्ष स्काउट सदस्य द्वारा की गई, जिसमें स्काउट कलाकार रजनीश यादव, अनिल पाली, आत्मानंद श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, विमलेश तिवारी, कृष्णा उपाध्याय, शुभम कुशवाहा, अब्दुल वाजिद आदि उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शपथकर्ता GOUTAM BANSHKAR उम्र लगभग 46 वर्ष पिता MANHGOO LAL BANSHKAR निवासी- म. नं. 1403, लालमाटी, चाँदमारी तलैया, सेठ गोविन्द दास वार्ड, थाना घमापुर, जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ :- 1. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मुझ शपथकर्ता का पुत्र आपके विद्यालय पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, सी.ओ.डी., जबलपुर में कक्षा 10वी का छात्र है। 3. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के शाला के रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम SHREYANSH BANSKAR, मेरा नाम GOUTAM BANSKAR तथा मेरी पत्नि का नाम ANJANA BANSKAR दर्ज हैं, जिसमें हमारे सरनेम BANS_KAR की स्पेलिंग में H दर्ज नहीं हैं। 4. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र का पूरा व सही नाम SHREYANSH BANSHKAR, मेरा पूरा व सही नाम GOUTAM BANSHKAR तथा मेरी पत्नि का पूरा व सही नाम ANJANA BANSHKAR है, जो कि सत्य व सही है। 5. यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के शाला के रिकार्ड में मेरे पुत्र का पूरा व सही नाम SHREYANSH BANSHKAR, मेरा पूरा व सही नाम GOUTAM BANSHKAR तथा मेरी पत्नि का पूरा व सही नाम ANJANA BANSHKAR दर्ज किया जावें।

**आम सूचना**

क...... दिनांक-29/08/2025

मै अपने पक्षकार की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूॅ कि मेरे पक्षकार ने श्री महेश चौरसिया के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मौजा आधारताल न.बं. 06, पह. नं. 22 / 25 नया 1, रा.नि.मं. जबलपुर 01 स्थित भूमि ख.नं. 93 / 1 में से 2400 वर्गफुट (40 बाई 60 ) भूमि भाग जिसका प्लॉट नं. 156 क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने कर लिया है, और शीघ्र ही मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र करवाने हेतु तत्पर है, इसलिये जिस व्यक्ति, संस्था, शासकीय, गैर शासकीय व अन्य संस्थान को यदि कोई आपत्ति है, तो आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति दर्ज करे, अन्यथा विक्रय पत्र हो जाने के उपरांत किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

स्थान-जबलपुर
दिनांक - 29/08/2025

भवदीय
जितेन्द्र कुमार अवस्थी (अधिवक्ता)
ऑफिस/निवासी-पुराना कंचनपुर अधारताल
जिला जबलपुर (म. प्र. )
मो.9300177270

# बोगर के भगवान गणेश 67, तो संबलपुर के विघ्नहर्ता 60 एकड़ खेत के मालिक

अभिषेक पांडेय ▶▶| भानुप्रतापपुर

गणेशोत्सव

तहसील भानुप्रतापपुर अंतर्गत बोगर और संबलपुर में स्थित गणेश मंदिर अति प्राचीन है और मंदिर में स्थापित भगवान गणेश मंदिरों के नाम भी किसान के रूप में दस्तावेज में दर्ज है। बोगर के भगवान गणेश के नाम 67 एकड़ जमीन के मालिक हैं, वहीं संबलपुर के सिद्ध स्वामी गणेश 60 एकड़ जमीन के मालिक हैं। भगवान गणेश की खेती के माध्यम से गांव के लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।तहसील भानुप्रतापपुर से लगभग 10 किमी. की दूरी पर ग्राम बोगर में 85 साल पुराना भगवान गणेश मंदिर है। भगवान गणेश के नाम से क्षेत्र में 67 एकड़ जमीन है।

- भगवान गणेश मंदिरों के नाम भी किसान के रूप में दस्तावेज में दर्ज
- भगवान गणेश की जमीन पर खेती से लोगों को रोजगार भी मिल रहा


संबलपुर

## पुतरवाही में 30, कराठी में 29 और संबलपुर में 1 एकड़ जमीन

तहसील भानुप्रतापपुर से लगभग 07 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम संबलपुर में सिद्ध स्वामी गणेश भगवान का मंदिर है। संबलपुर में सिद्ध स्वामी गणेश भगवान भी किसान हैं और 60 एकड़ जमीन के मालिक हैं। पुतरवाही में 30, कराठी 29 और संबलपुर में 01 एकड़ जमीन है। क्षेत्र के जानकारों के अनुसार संबलपुर में स्थापित सिद्ध स्वामी गणेश भगवान की प्रतिमा को 7 किमी दूर ग्राम बांसला से संबलपुर लाया गया था। इस दौरान बैल गाड़ियों का उपयोग किया गया था ।

## पत्थर लाने टूटी थीं छह बैल गाड़ियां

इस प्रकार बोगर में 37 एकड़ और विनायकपुर में 30 एकड़ जमीन भगवान गणेश के पास है। कुछ में धान उगाया जाता है, तो कुछ टिकरा किस्म की जमीन है। खेतों को गांव के किसानों को किराए पर दिया जाता है। जिससे होने वाली आय से मंदिर का संचालन होता है। बोगर में चबूतरा में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा के ऊपर मंदिर बनाने प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान प्रतिमा के ऊपर एक ही पत्थर को तराश कर लगाने पहाड़ी से पत्थर लाया गया। पत्थर को लाने के लिए छह बैल गाड़ियां टूटी थीं।

बोगर


# शाह से मिले सीएम साय और गृहमंत्री माओवादियों का दिया हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में चल रहे माओवादी विरोधी अभियानों, उनकी उपलब्धियों एवं भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने करेंगुट्टा पहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों से भी मिले एवं उनके साहस और पराक्रम की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया।

- केंद्रीय गृह मंत्री ने कर्रेगुट्टा ऑपहाड़ी पर नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को विशेष सम्मान किया प्रदान





## शाह ने जवानों को दी बधाई

गृहमंत्री शाह ने जवानों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल सुरक्षा के मोर्चे पर बल्कि विकास और शांति की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार माओवादियों के सम्पूर्ण उन्मूलन तक आक्रामक अभियान जारी रखेगी और साथ ही विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार जैसी बुनियादी सुविधाओं को तेज़ी से पहुँचाकर स्थायी शांति की नींव रखी जाएगी।

# कब्र पर पढ़ा गया दोषमुक्त का आदेश

**नागपुर।** मुंबई में 2006 में हुए ट्रेन विस्फोट मामले में 16 साल जेल में रहे मृत आरोपी कमाल अहमद वकील अहमद अंसारी के परिवार के सदस्यों ने उसे बरी किए जाने का मुंबई उच्च न्यायालय का आदेश उसकी कब्र पर जाकर पढ़ा। अंसारी के परिवार और समुदाय के सदस्य रविवार को यहां उसकी कब्र पर गए। उन्होंने मामले में जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने की मांग करते हुए कहा कि अंसारी पर विस्फोटों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया गया था। मुंबई में सात ट्रेन विस्फोट में 180 से अधिक लोगों की मौत के 19 साल बाद उच्च न्यायालय ने अंसारी समेत सभी 12 आरोपियों को पिछले महीने बरी कर दिया था। अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में 'पूरी तरह विफल' रहा और 'यह विश्वास करना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। अंसारी की 2021 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान नागपुर की एक जेल में मौत हो गई थी। उसे शहर के जरीपटका मुस्लिम कब्रिस्तान में दफनाया गया था। 'इनोसेंस नेटवर्क' के महासचिव डॉ. अब्दुल वाहिद शेख, जमीयत-ए-उलेमा नागपुर के अध्यक्ष कारी साबिर और अंसारी के छोटे भाई समेत कई लोग रविवार को अंसारी की कब्र पर गए।



## सीएट ने ओएचटी की रणनीति में प्रगति की

**जबलपुर।** सीएट लिमिटेड ने मिशेलिन ग्रुप के कैमसो कंस्ट्रक्शन कॉम्पैक्ट लाइन बिजनेस को आधिकारिक रूप से हासिल करके अपनी ऑफ-हाईवे टायर्स (ओएचटी) विकास रणनीति में एक महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस अधिग्रहण में उनका श्रीलंका स्थित मिडिगामा प्लांट और कोटुगोडा में कास्टिंग प्रोडक्ट प्लांट शामिल है। यह सौदा सीएट को कैमसो ब्रांड का वैश्विक स्वामित्व भी देता है, जिसे तीन साल की लाइसेंसिंग अवधि के बाद सभी श्रेणियों में स्थायी रूप से सौंपा जाएगा।कैमसो ब्रांड का सीएट द्वारा अधिग्रहण, उच्च-मार्जिन वाले ओएचटी सेगमेंट में एक अग्रणी वैश्विक खिलाड़ी बनने की उसकी यात्रा में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

## ट्रंप के सलाहकार नवारो ने फिर कसा भारत पर तंज


# मोदी, पुतिन और शी के घनिष्ठ होते संबंध चिंताजनक!

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच घनिष्ठता को 'चिंताजनक' बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को रूस के बजाय अमेरिका, यूरोप और यूक्रेन के साथ खड़ा होना चाहिए। उनकी यह टिप्पणी सोमवार को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर तीनों नेताओं द्वारा घनिष्ठता प्रदर्शित किए जाने के बाद आई है। मोदी, शी और पुतिन के बीच 'एकजुटता के प्रदर्शन' के बारे में पूछे जाने पर नवारो ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में पत्रकारों से कहा, 'यह चिंताजनक है।

### भारत पर 50 फीसदी टैरिफ

ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क और रूसी तेल की खरीद के लिए अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इससे भारत पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। भारत ने इन शुल्कों को अनुचित और विवेकहीन बताया है। रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद का बचाव करते हुए भारत का कहना है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की परिस्थितियों से प्रेरित है। यूक्रेन पर हमले के बाद, जब से पश्चिमी देशों ने रूसी कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाए हैं, तब से रूस भारत का शीर्ष ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बन गया है।



### यूक्रेन में शांति लाएं मोदी

नवारो ने कहा, यूक्रेन में शांति लाने में कहीं न कहीं नयी दिल्ली की भूमिका अहम है। और अब वक्त है कि मोदी (प्रधानमंत्री) आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा, मैं मोदी का बेहद सम्मान करता हूं और भारतीय लोगों से बेहद लगाव रखता हूं। यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी वॉर' कहने वाले नवारो ने कहा कि भारत दुनिया के बड़े देशों पर सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है और इस सच्चाई को मानने से इंकार कर रहा है।

### भारत-चीन की गिनाई दुश्मनी

नवारो ने कहा, भारत जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इतिहास पर नजर डालें तो दशकों से भारत और चीन के बीच शीत युद्ध जारी रहा है। उन्होंने कहा कि चीन ने पाक की सेना को धन मुहैया कराया उसे परमाणु हथियार विकसित करने में मदद की है। नवारो ने कहा, चीन ने बार-बार भारत पर खासकर अक्साई चिन में हमला किया है। चीन ने वास्तव में भारत की जमीन पर कब्जा किया और अब भी उस पर कब्जा जमाए हुए है। अब चीनी नौसेना हिंद महासागर के अंदर तक गश्त कर रही है और वहां भारतीय संप्रभुता को चुनौती दे रही है। उन्होंने कहा, 'लेकिन साथ ही हम देख रहे हैं कि चीन के कारोबारी और तेल कंपनियां भारतीय व्यापारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## मुखबिरी के आरोप में वारदात

# नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या, दो को पिटाई के बाद छोड़ा

हत्या से इलाके में दहशत, मौके पर पहुंची पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने मौके पर पर्चा फेंककर दोनों ग्रामीणों को पुलिस का मुखबिर बताया है। वहीं दो अन्य ग्रामीणों को पिटाई कर जाने दिया गया।

जानकारी के मुताबिक केरलापाल थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसेटी नंदापारा में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात नक्सलियों ने सिरसेटी ग्राम में पहुंचकर ग्रामीणों को निशाना बनाया। घटना की पुष्टि होते ही थाना केरलापाल पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। नक्सलियों ने जिन ग्रामीणों की हत्या की, उनके नाम पदाम पोज्जा व पदाम देवेंद्र बताया जा रहा है। जिन पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या की गई। वहीं दो अन्य ग्रामीणों की बेरहमी से पिटाई कर छोड़ देने की खबर भी मिल रही है।

### केरलापाल एरिया कमेटी ने ली हत्या की जिम्मेदारी

सिरसेटी में जिस जगह ग्रामीणों की हत्या की गई, वहां पुलिस को दरभा डिविजन के केरलापाल एरिया कमेटी का पर्चा भी मिला है। दोनों के हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए केरलापाल एरिया कमेटी ने मिले पर्चे में डीआरजी के मल्ला देवा को मौत का जिम्मेदार बताया गया है। पर्चे में बताया गया है कि दोनों मल्ला देवा के मुखबिर थे। अप्रैल-2010 को तथा अन्य दिनों में मल्ला देवा को सूचना देकर हमें नुकसान पहुंचाने की कोशिश किए जाने की बात पर्चे में लिखा है। पर्चे में यह भी लिखा है कि दोनों वर्ष 2022 से मल्ला देवा के सम्पर्क में आकर मुखबिरी का काम कर रहे थे।

# रंगदारी मांगने के आरोप में यूट्यूबर पर मुकदमा दर्ज

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में एक यूट्यूबर पत्रकार पर एक व्यवसायी से कथित तौर पर हर महीने 30,000 रुपए की रंगदारी मांगने और धनराशि न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। व्यापारी दिलीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर संजीव कुमार गुप्ता नामक यूट्यूबर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। संजीव खुद को एक यूट्यूब समाचार चैनल का पत्रकार बताता है।

## दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट जारी

# पासपोर्ट में भारत ने लगाई छलांग, अमेरिका धड़ाम!

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

खास खबर

दुनियाभर के देशों के पासपोर्ट की स्थिति बताने वाले हेन्ले ने अपनी नई रैंकिंग जारी की है। भारत ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया है। भारत 58 गंतव्यों तक वीजा फ्री पहुंच के साथ 76वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत के पासपोर्ट को इससे पहले इस लिस्ट में 80वां स्थान मिला था। ऐसे में भारत ने चार स्थान की छलांग लगाई है। 58 देशों में भारतीय पासपोर्ट पर बिना वीजा के एंट्री मिल रही है। भारत के पासपोर्ट ने छलांग लगाई है, वहीं अमेरिका के पासपोर्ट की स्थिति में गिरावट आई है। अमेरिका का पासोपर्ट आइसलैंड और लिथुआनिया के साथ संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर आ गया है। यह दो दशकों में अमेरिका की सबसे निचली रैंकिंग है। अमेरिकी नागरिकों की वीजा फ्री मॉबिलीटी में कमी देखी गई है।



### टॉप पर सिंगापुर

दुनिया में सबसे ताकतवर पासपोर्ट सिंगापुर का है। वैश्विक स्तर पर सिंगापुर 193 गंतव्यों तक वीजा फ्री मुक्त पहुंच प्रदान करते हुए रैंकिंग में शीर्ष पर है। इसके बाद जापान और दक्षिण कोरिया 190 गंतव्यों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन 189 गंतव्यों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। स्वीडन, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, नॉर्वे, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड और पुर्तगाल 188 गंतव्यों के साथ इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं।

### भारतीय पासपोर्ट कैसे सुधरा

*विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के पासपोर्ट के बेहतर होने का श्रेय अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों के विस्तार, पारस्परिक वीजासमझौतों और जी20, ब्रिक्स, आसियान जैसे मंचों में सक्रिय भागीदारी को जाता है। यह भारत के मजबूत द्विपक्षीय संबंधों, अर्थव्यवस्था और रक्षा सहयोग पर देश के रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। एक्सपर्ट का मानना है कि भारत के पासपोर्ट की बढ़ी हुई ताकत इस बात का संकेत है कि देश को अंतर्राष्ट्रीय मामलों में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इससे उसके नागरिकों और विश्व में उसकी स्थिति, दोनों को लाभ हो रहा है।*

## मणिपालसिग्ना ने किया 94 प्रतिशत दावों का निपटारा

**जबलपुर।** स्वास्थ्य बीमा कंपनियों में से एक, मणिपालसिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने जबलपुर में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का विस्तार किया है। कंपनी ने पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) में प्राप्त 94 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। यह उपलब्धि जबलपुर शहर और साथ ही मध्य प्रदेश राज्य में स्वास्थ्य बीमा की कमी को दूर करने के लिए मणिपालसिग्ना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जहां सामर्थ्य और जागरूकता प्रमुख चुनौतियां बनी हुई हैं।

## युवक ने नानी को मार डाला मां को भी किया घायल

**धमतरी।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बठेनापारा निवासी लोमन ध्रुव पिता दयाराम (21) ने सोमवार की रात्रि अपनी नानी लखंतीन बाई ध्रुव (56) व मां पूर्णिमा ध्रुव (45) से खर्च के लिए पैसे की मांग की। नानी व मां ने पैसे देने से मना कर दिया। आक्रोशित लोमन ने लकड़ी के बत्ते से नानी लखंतीन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बचाव कर रही अपनी मां पूर्णिमा की भी युवक ने बत्ते से बेदम पिटाई कर दी। घायल मां-बेटी को मोहल्लेवासी उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान नानी लखंतीन की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल पूर्णिमा ध्रुव का आईसीयू में उपचार जारी है। कोतवाली पुलिस ने रात्रि में ही आरोपी लोमन ध्रुव को घर से ही गिरफ्तार कर लिया है।

## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितंबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** - मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** - आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** - किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** - जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** - जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** - पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** - मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** - मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** - आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** - क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** - मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** - पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


# घर में घुसे नकाबपोश वृद्ध की हत्या कर ले गए जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

आधी रात को लूट की नीयत से घर में घुसे तीन नकाबपोश बदमाशों ने दंपति को बंधक बनाकर वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद घर से सोने के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए।अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम किरीतराम किरण साहू पिता बिशालराम (65) अपनी पत्नी रश्मि किरण के साथ दो मंजिला भवन में रहता था। उसकी एक बेटी है, जो शादी के बाद गांव में ही ससुराल गई है। घर के प्रथम तल को वृद्ध ने एक परिवार को किराए पर दिया हुआ है। घर में वृद्ध दंपति अकेला रहता है। सोमवार की रात्रि दंपति खाना खाकर घर में सो रहा था। इसी दौरान आधी रात के सन्नाटे में तीन अज्ञात नकाबपोश बाड़ी के रास्ते पीछे गेट से घर में घुसे और दंपति को जगाकर दोनों के हाथ-पैर बांध दिए। उसके बाद एक नकाबपोश ने वृद्ध से रुपए-जेवर निकालने के लिए कहा। वहीं दूसरा नकाबपोश बंधक वृद्धा के गले में चाकू रख शोर करने पर गला काट देने धमकाता रहा।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5978


मंगल सैणचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाए-**
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

### शब्द पहेली -5977 का हल



## सूडोकु नवताल - 5988

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5987 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |



# जब ना जा पाएं जिम घर पर ऐसे करें एक्सरसाइज

लगातार हो रही बारिश की वजह से अगर आप वॉक करने या एक्सरसाइज करने नहीं जा पा रहे हैं, तो इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। अपने वर्कआउट के तरीके में थोड़ा बदलाव करके अपनी फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

**फिटनेस**
किरण भास्कर



बारिश के मौसम में अकसर जिम जाकर वर्कआउट करने या पार्क में जाकर वॉक करने में परेशानी होती है। इस कंडीशन में आप कुछ आसान तरीके अपनाकर घर में ही अपनी फिटनेस को मेंटेन कर सकते हैं।

**टाइम पीरियड:** घर में ही रोजाना एक्सरसाइज के लिए कम से कम 30 मिनट जरूर निकालें। इसके लिए आप एक टाइम फिक्स कर सकते हैं। सुबह या शाम जो भी समय हो, उस टाइम एक्सरसाइज करें। बारिश की वजह से यदि जिम नहीं जा पाते, तो स्पॉट रनिंग और डांसिंग जैसी इंडोर एक्सरसाइज कर सकते हैं। घर के अंदर रहकर भी आप 10 से 15 मिनट की वॉक कर सकते हैं।

**उम्र का रखें ख्याल:** घर में एक्सरसाइज करने के दौरान अपने परिवार से कम आयु के सदस्यों से किसी तरह की प्रतिस्पर्धा करने के चक्कर में ज्यादा और कठिन एक्सरसाइज न करें। 50 और 60 पार के पुरुष और स्त्रियों को हल्के-फुल्के योगासन घर के भीतर ही रहकर करने चाहिए।



**सीढ़ियों पर चढ़ना-उतरना:** अपनी सोसायटी के भीतर वॉकिंग करने के अलावा घर की सीढ़ियां चढ़ने और उतरने का व्यायाम भी आपको फिट बनाए रखता है। बस कुछ मिनटों के लिए सीढ़ियां चढ़ना और उतरना करके भी आप फिट रह सकते हैं।

**योगासन करें:** मानसून के दौरान स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां अपना असर दिखाना शुरू कर देती हैं। इन दिनों अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने और सांस संबंधी समस्याओं को कम करने में योगासन अच्छी भूमिका निभा सकता है। घर के भीतर रहकर ऑनलाइन क्लासेस के जरिए भी आप एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**डांसिंग है बेस्ट:** डांस भी एक बेहतरीन वर्कआउट है। यह जरूरी नहीं कि आपको डांस आता ही हो। जब घर के भीतर रहकर वर्कआउट करना है, तो हाई एनर्जी गाने चलाकर या टीवी की स्क्रीन पर मशहूर गानों में नृत्य करने वाले को देखकर उसके जैसे नृत्य करने से आप इंडोर वर्कआउट कर सकते हैं। यंगस्टर्स के लिए तो यह बेस्ट ऑप्शन है।

**घर में बनाएं जिम:** यदि आपके घर में पर्याप्त स्थान है तो घर का एक कोना या एक कमरा इसके लिए निर्धारित करें और कुछ बेसिक एक्सरसाइज के उपकरण जैसे डंबल, योगा मैट, रजिस्टेंस बेल्ट वगैरह का इस्तेमाल करते हुए वर्कआउट करें। स्क्वैस या बैडमिंटन, टेबल टेनिस जैसे इंडोर स्पोर्ट्स के द्वारा भी वर्कआउट किया जा सकता है। खेल-कूद हमारी कैलोरीज को बर्न करने के साथ साथ शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए भी हमें मोटिवेट करता है।

**वार्मअप करें:** घर में रहने के दौरान अगर एक्सरसाइज कर रहे हैं तो किसी भी तरह की कठोर एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले खुद को वार्मअप करना जरूरी है। घर में रहकर रस्सी कूदना, जंपिंग, स्टेबल जॉगिंग जैसे व्यायाम किए जा सकते हैं। इसके अलावा स्ट्रेचिंग या शरीर को अपनी ओर खींचना और फिर मांसपेशियों को ढीला छोड़ना भी एक ऐसा व्यायाम है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। यह एक किस्म का ऐसा व्यायाम है, जो संगीत सुनते-सुनते उसकी तर्ज पर कदमताल करते हुए आसानी से किया जा सकता है।

**एरोबिक्स:** एरोबिक्स, मांसपेशियों को मजबूत बनाने, वजन कम करने वाला तो होता ही है, योगासन की तरह यह भी एक अच्छा वर्कआउट है। यह जिम जाए बिना फिट रहने का एक अच्छा तरीका है।

**घरेलू काम:** हालांकि गृहिणियों के लिए भी माना जाता है कि घर के काम करना एक बेहतरीन वर्कआउट है। इसके बावजूद उनके लिए यह पर्याप्त व्यायाम नहीं होता। घर के कामों के अलावा भी उन्हें योगासन, वाकिंग या अपनी रूचि के अनुसार कोई न कोई वर्कआउट करने की जरूरत पर बल दिया जाता है। अब जब रेग्युलर जिम में जाकर सब एक्सरसाइज करना संभव न हो तो घर पर ही रहकर पौधों की अच्छी सी देखभाल करें, घर की साफ-सफाई करें, अपनी अलमारियों को रि-अरेंज करें। कपड़ों को हाथ से धोएं यानी घर के कामों को ही अपना वर्कआउट बना लें।

**बारिश को एंज्वॉय करें:** अगर बाहर हल्की बूंदा-बांदी हो रही है, तो अपनी बिल्डिंग के जॉगिंग ट्रैक या पड़ोस के पार्क में ही जाकर वॉक कर सकते हैं। बाहर जाते समय अपने रनिंग शूज जरूर पहनकर जाएं ताकि फिसलकर गिरने का खतरा न रहे। पार्कों में आजकल एक्सरसाइज करने के लिए काफी अच्छी व्यवस्था होती है, उन्हीं में जाकर बारिश की फुहारों का मजा लेते हुए एक्सरसाइज का फायदा उठाएं। *

साठ की उम्र पार करने के बाद धीरे-धीरे बोंस और मसल्स वीक होने लगती हैं। पैरों पर इसका सबसे अधिक असर दिखता है। इससे बचने के लिए ओल्ड एज के लोगों को पर्याप्त मात्रा में कुछ जरूरी विटामिंस और मिनरल को अपनी डेली डाइट में शामिल करना चाहिए। इस बारे में आपको यहां दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# बुजुर्गों की बोंस-मसल्स स्ट्रेंथ बढ़ाएं ये विटामिंस-मिनरल







**डाइट एडवाइस**
डॉ. रचना कटारिया
आहार विशेषज्ञ, दिल्ली

उम्रदराज लोगों को अकसर पैरों में बहुत कमजोरी और थकावट महसूस होती है। डॉक्टर्स मानते हैं कि ऐसा शरीर में एसेंशियल विटामिन-मिनरल की कमी से होता है। इसके लिए उनके खान-पान का समुचित ध्यान रखना और जरूरत हो तो डॉक्टर के परामर्श से संबंधित सप्लीमेंट देना जरूरी है। इन दिनों चल रहे इंटरनेशनल न्यूट्रीशन वीक (1-7 सितंबर) के अवसर पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारी।

## जरूरी हैं विटामिंस-मिनरल्स

विटामिन डी, कैल्शियम और विटामिन के-2 मिलकर हमारी हड्डियों को मजबूत बनाए रखते हैं। जबकि विटामिन बी12, विटामिन सी, मैग्नीशियम और विटामिन ई मसल्स की फंक्शनिंग और रिकवरी में सपोर्ट देते हैं। यहां अब आपको विस्तार से बताते हैं कि कौन सा विटामिन किसलिए जरूरी है?

## विटामिन डी

विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहते हैं। यह बोंस और मसल्स दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह कैल्शियम को हड्डियों में अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं। न्यूरोमस्कुलर फंक्शन को भी सपोर्ट करता है, जिससे मसल्स-फंक्शन इंप्रूव होता है। विटामिन डी के लिए रोजाना सुबह या शाम धूप में 20 से 30 मिनट इस तरह बैठना चाहिए कि बैठते समय शरीर के अधिकांश अंग सीधे सनलाइट के एक्सपोजर में हों। खासकर कमर और पैरों पर डायरेक्ट धूप जरूर पड़नी चाहिए। धूप के अलावा मछली, अंडे की जर्दी और दूध में भी विटामिन डी होता है। इन्हें आहार में शामिल कर सकते हैं। आमतौर पर बुजुर्गों को रोजाना 800 से लेकर 1000 इंटरनेशनल यूनिट्स विटामिन डी की जरूरत होती है। डॉक्टर के परामर्श से उनको विटामिन डी सप्लीमेंट्स भी दे सकते हैं।




## विटामिन बी12

यह विटामिन पैरों की मसल स्ट्रेंथ और कोऑर्डिनेशन को मेंटेन रखने और बॉडी का बैलेंस बनाने में मदद करता है। अध्ययनों से भी साबित हुआ है कि उम्रदराज लोगों में विटामिन बी12 का अच्छा लेवल होने से उनकी मसल स्ट्रेंथ और फिजिकल फंक्शन बेहतर होता है। विटामिन बी12 अधिकतर नॉन-वेजिटेरियन फूड्स में पाया जाता है जैसे- अंडे, मटन, चिकन, फिश और दूध। वेजिटेरियन लोग बी12 फर्टिफाइड सीरियल्स ले सकते हैं या फिर इसके सप्लीमेंट्स लेना शुरू कर सकते हैं। हमारी बॉडी को रोजाना 2.4 माइक्रो ग्राम बी12 की जरूरत होती है। लेकिन शरीर में बी12 का अब्सॉर्प्शन रेट तकरीबन 1 प्रतिशत ही होता है। इसलिए डॉक्टर बुजुर्गों के लिए 500-1000 माइक्रो ग्राम के सप्लीमेंट लेने की हिदायत देते हैं।

## विटामिन सी

विटामिन सी मसल्स को प्रोटेक्ट करता है और कोलेजन बनाता है। कोलेजन मूल रूप में प्रोटीन होता है, जो हमारे जोड़ों और मांसपेशियों के कनेक्टिव टिश्यूस को मजबूत बनाता है। जिससे पैरों की ओवरऑल स्ट्रेंथ और ज्वाइंट स्टेबिलिटी मेंटेन रहती है। साथ ही यह विटामिन बॉडी मसल्स को ऑक्सिलेटिव डैमेज से बचाता है, जिससे मसल मास ज्यादा उम्र तक मेंटेन रहता है। जिसकी कमी से बुजुर्गों का चलना-फिरना, उठना-बैठना मुश्किल हो जाता है। आंवला, संतरा, नीबू, अमरूद और शिमला मिर्च विटामिन-सी के अच्छे स्त्रोत हैं। बुजुर्गों के लिए रोजाना 75 से 90 मिलीग्राम विटामिन सी लेना पर्याप्त होता है। डॉक्टर की सलाह पर इसके सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं।

## विटामिन के

विटामिन के, फैट सॉल्यूबल विटामिन है, जो ब्लीडिंग रोकने और हड्डियों में कैल्शियम पहुंचाने में मदद करता है। के-1 हरी सब्जियों में मिलता है और के-2 फर्मेंटेड फूड्स और एनिमल फूड्स में पाया जाता है। विटामिन के-2 बुजुर्गों के पैरों की मजबूती में अहम भूमिका निभाता है। इससे बोन डेंसिटी इंप्रूव होती है और ऑस्टियोपोरोसिस या फ्रेक्चर्स का रिस्क कम होता है। यह एग यॉर्क, पनीर, दही, पालक और सरसों के साग में मिलता है। रोजाना 90 से 120 माइक्रो ग्राम विटामिन के-2 लेना पर्याप्त है। विटामिन के की आपूर्ति प्राकृतिक स्त्रोतों से या फिर सप्लीमेंट के माध्यम से सिर्फ डॉक्टर की सलाह से ही करना उचित है। विटामिन के सप्लीमेंट लंबे समय तक लेना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।


## विटामिन-ई

विटामिन ई, पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट विटामिन है, जो बुजुर्गों की मसल हेल्थ को प्रोटेक्ट करता है। यह उम्र के साथ मसल्स के कमजोर होने के प्रोसेस को स्लो कर सकता है। ब्लड सर्कुलेशन और इम्यूनिटी को इंप्रूव करता है। विटामिन ई बादाम, सनफ्लावर सीड्स, तिल, वीट जर्म ऑयल, पालक और एवोकेडो में मिलता है। रोजाना 15 मिलीग्राम विटामिन ई लेना काफी होता है। हाई डोज सप्लीमेंट्स लेना अवॉयड करना चाहिए क्योंकि यह एक फैट सॉल्युबल विटामिन है इसकी अधिकता शरीर में जमा हो जाती है और टॉक्सिसिटी भी पैदा कर सकता है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### जरूरी मिनरल है मैग्नीशियम

मैग्नीशियम कोई विटामिन नहीं बल्कि शरीर के लिए जरूरी मिनरल है। हमारे शरीर के 300 से भी ज्यादा बायोकेमिकल रिएक्शंस में इसकी जरूरत होती है। बुजुर्गों के लिए मसल फंक्शन और पैरों की ताकत बनाए रखने के लिए बहुत फायदेमंद है। शरीर में मैग्नीशियम लेवल ठीक न होने पर मसल्स अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं कर पाती और इनमें क्रैंप्स पड़ने लगते हैं। मैग्नीशियम, कैल्शियम के साथ मिलकर बोन डेंसिटी को बनाए रखने में भी मदद करता है। बादाम, काजू, पंपकिन सीड्स, चिया सीड्स, दालें, पालक और डार्क चॉकलेट इसके अच्छे स्रोत हैं। डॉक्टर की सलाह पर 200 से 300 मिलीग्राम का मैग्नीशियम सप्लीमेंट भी डेली ले सकते हैं।



**आयुर्वेदिक उपचार / डॉ. कैलाश द्विवेदी, प्राकृतिक चिकित्सक**

# दूषित पाचन से उपजता है आंव

भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में खासतौर से आयुर्वेद में आंव को कई शारीरिक और मानसिक रोगों की जड़ माना गया है। यह कोई बीमारी नहीं बल्कि एक स्थिति है, जो शरीर में बिना पचे भोजन, कमजोर पाचन तंत्र और अनुचित जीवनशैली के कारण उत्पन्न होती है। आजकल भाग-दौड़ भरे जीवन में जब अधिकतर लोगों का खान-पान अनियमित हो गया है, तब आंव एक आम समस्या बन चुकी है। आंव कोई रोग नहीं, बल्कि धीरे-धीरे शरीर को अंदर से कमजोर करने वाला एक छिपा हुआ हानिकारक पदार्थ होता है। आधुनिक जीवनशैली में यह तेजी से बढ़ रही समस्या है, जिसे नजरअंदाज करना कई बीमारियों को आमंत्रण दे सकता है।



**कब होती है समस्या:** जब शरीर की पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, तो भोजन पूरी तरह से पचता नहीं है और एक तरह का चिपचिपा पदार्थ उत्पन्न होता है, जिसे आंव कहा जाता है। यह आंव धीरे-धीरे शरीर के विभिन्न हिस्सों में फैलकर खून, धातु और अंगों को दूषित करता है। भविष्य में यह कई रोगों की जड़ बन सकता है, जैसे गठिया, एलर्जी, अपच, त्वचा रोग, सिरदर्द, कब्ज और थकान।

**आंव के लक्षण:** शरीर में भारीपन और सुस्ती रहना, जीभ पर सफेद परत, गैस, अपच या पेट फूलना, भूख की कमी, मल त्याग में परेशानी, सिरदर्द या चक्कर, सांस में दुर्गंध, त्वचा पर मुंहासे या खुजली, बार-बार थकावट महसूस होना इत्यादि।

**आंव बनने के कारण:** बार-बार भोजन करना। खाना हजम हुए बिना फिर खाना। ठंडे, तले हुए, भारी या बासी खाद्य पदार्थों का सेवन। खाने के बाद तुरंत सोना। चिंता, तनाव और नींद की कमी, मौसम के अनुसार आहार-विहार का पालन न करना आदि इस समस्या के कारण हो सकते हैं। आंव के उपचार के लिए आप यहां बताए जा रहे प्राकृतिक तरीकों को आजमा सकते हैं।

**उपवास और फलाहार:** उपवास करने या केवल फलाहार से पाचन शक्ति को आराम मिलता है और आंव खत्म होने लगता है।

**गर्म पानी-हर्बल चाय:** दिन भर गर्म पानी या हर्बल चाय पीने से आंव पिघलकर बाहर आता है।

**बचाव के उपाय:** आंव से बचाव के लिए कुछ बातों पर ध्यान दें।

- एक बार में सीमित मात्रा में भोजन करें।
- खाना चबा-चबाकर और शांत मन से खाएं।
- सुबह गर्म पानी पीने की आदत डालें।
- ताजे, गर्म, हल्के और मौसमी भोजन को प्राथमिकता दें। *

प्रस्तुति: संध्या रानी






# दलीप ट्रॉफी : श्रेयस, जायसवाल और ठाकुर पर टिकी उम्मीदें, सेमीफाइनल में होगा असली टेस्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बेंगलुरु। श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे।

अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे।

अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा।



### जायसवाल को करना पड़ सकता है इंतजार

जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है।

### पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार ठाकुर

दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए



थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है।



### नार्थ-साउथ में मुकाबला

एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी, जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

## खबर संक्षेप



### आईओसी ने फिर से शुरू की आईओए की फंडिंग

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने आंतरिक विवादों और प्रशासनिक मुद्दों को सुलझाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उठाए 'सुधारात्मक उपायों' के बाद ओलंपिक एकजुटता कार्यक्रम के तहत भारत को वित्त पोषण फिर शुरू करने का फैसला किया है, जिसे एक साल पहले रोक दिया गया था। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल खिलाड़ी विकास कार्यक्रमों के लिए 15 करोड़ रुपए का वार्षिक अनुदान रोक दिया था। यह अनुदान आईओए के कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों के रघुराम अय्यर के उच्च वेतन का हवाला देते हुए संस्था के सीईओ के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार करने के लंबे अंदरुनी विवाद के बाद रोका गया था।

### कालीरमन पर लगा दो साल का बैन


**नई दिल्ली।** भारत की 2021 विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले कांस्य विजेता टीम की सदस्य सुम्मी कालीरमन को 2024 में किए गए उनके डोपिंग अपराध के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 22 वर्षीय सुम्मी को पिछले वर्ष तब अस्थायी तौर पर निलंबित किया था जब



उनका प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। नाडा के नवीनतम अपडेट के अनुसार उन पर प्रतिबंध की अवधि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है। उन्होंने भुवनेश्वर में 2024 फेडरेशन कप में रजत पदक जीता था और उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 53.18 सेकंड है। नाडा के एडीडीपी द्वारा प्रतिबंधित किए गए ट्रैक एवं फील्ड के अन्य खिलाड़ियों में लंबी दूरी के धावक श्रीराग एएस और रेशमा दत्ता केवटे हैं, जिन पर क्रमशः पांच और चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है।

### काफा नेशंस कप : डिफेंडर झिंगन बाहर

**हिसोर।** भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है, जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी



मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है, जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढ़ने की उम्मीदें

## यूएस ओपन

### टेलर फ्रिट्ज को 11वीं बार दी शिकस्त, अब सामना अल्कराज से

# जोकोविच ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 53वां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेलने वाले बनेंगे पहले खिलाड़ी

### नोवाक और कार्लोस के बीच होगा कड़ा मुकाबला



एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के क्वार्टरफाइनल में 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के ही टेलर फ्रिट्ज पर अपना दबदबा बनाए रखा। जोकोविच ने अपने करियर में टेलर के सामने बिना हारे कुल 11वीं बार जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाने के साथ ओपन एरा में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। जोकोविच अपने करियर का 53वां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेलने उतरेंगे और इसके साथ ही वो सबसे अधिक सेमीफाइनल खेलने वाले ओपन एरा के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। वहीं टेलर फ्रिट्ज की हार के साथ मेंस सिंगल्स में मेजबान अमेरिका की चुनौती भी समाप्त हो गई। अब जोकोविच के 25वें ग्रैंडस्लैम की राह में सेमीफाइनल में उनके सामने वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज होंगे।

### टेलर को चार सेट में हराया

क्वार्टरफाइनल मैच की बात करें तो नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज के सामने शानदार शुरुआत करते हुए पहले सेट को 6-3 से अपने नाम किया। लेकिन टेलर ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए उसे 7-5 से जीत लिया था। जोकोविच ने फिर से वापसी करते हुए लगातार दो सेट और जीते और चार सेट के मुकाबले में वर्ल्ड नंबर चार टेलर को 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से हार का स्वाद चखाया,जिससे जोकोविच ने टेलर के सामने जीत के-हार के रिकॉर्ड को 11-0 कर लिया।




**अल्कराज जोकोविच हेड टु हेड**

अल्कराज और जोकोविच के बीच हुए आठ मुकाबलों में से पांच जोकोविच ने जीते हैं। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के हारने के साथ ही 2003 के बाद से किसी ग्रैंडस्लैम पुरुष एकल वर्ग में अमेरिकी खिलाड़ियों के खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी रहा। एंडी रॉडिक ने 2003 में अमेरिकी ओपन

### अल्कराज ने लेहेका को हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। दो साल पहले यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने के बाद से अल्काराज हार्डकोर्ट पर पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में हराया था। अगर अल्काराज अमेरिकी ओपन खिताब जीतते हैं तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे। जोकोविच ने टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को क्वार्टर फाइनल में हराया और जीतने के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी।




### भांबरी पहली बार ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

युकी भांबरी अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जिन्होंने माइकल वीनस के साथ अमेरिकी ओपन पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई। भारत के भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज की जोड़ी को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना क्रोएशिया के निकोला मेकटिच और अमेरिका के राजीव राम से होगा। चोटों से प्रभावित अपने एकल करियर में 33 वर्ष के युकी कभी पहले दौर से आगे नहीं जा सके थे। युगल में वह इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन के तीसरे दौर तक पहुंचे।

### एक्स को देखकर रोने लगीं टेनिस स्टार

यूएस ओपन में एक अनोखा पल तब आया जब चेक गणराज्य की स्टार कैरोलिना मुचोवा अपने दूसरे दौर के मैच में सोराना क्रिस्टिया के खिलाफ खेलते हुए अचानक भावुक हो गईं। 1-4 से पीछे चल रही मुचोवा ने बीच खेल में रुककर दर्शकों की ओर इशारा किया और अपनी आंखों से



आंसू पोंछे। बाद में उन्होंने बताया कि उनके एक्स प्रेमी के कोर्ट के पास बैठने के कारण वह परेशान हो गई थीं। इस घटना के बावजूद मुचोवा ने शानदार वापसी करते हुए मैच जीता और अगले दौर में जगह बनाई। उन्होंने लिंडा नोस्कोवा और मार्ता कोस्त्युक को भी हराया। अब उनका मुकाबला पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।

### पेगुला जीती, अब सबालेंका से सामना

महिला वर्ग में जेसिका पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपने करियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में एरिना सबालेंका से हार गई थी। इस बार सबालेंका से उनका सामना सेमीफाइनल में होगा क्योंकि मार्केटा वोंड्रूसोवा ने चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया।

*रंगभूमि ओपन स्कूल स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न*

## अमृतांश कपूर ने जीते 3 पदक, हृदान चोरडिया व आराध्या गुप्ता ने जीते 2-2



**जबलपुर।** रंगभूमि बैडमिंटन अकादमी में आयोजित रंगभूमि ओपन स्कूल स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल परिणाम विजेता, उपविजेता क्रमशः इस प्रकार रहे- अंडर 9 (बालक) हिमांशु गौड़, अवीर जीवानी, अंडर 9 (बालिका), अनया बंथिया, अरिष्का खंडेलवाल, अंडर 11 (बालक) विशेष बाशानी, रीयांश कुकरेले, अंडर 11 (बालिका) ओजस्वी पचौरी, अनया बंथिया, अंडर 13 (बालक) अंश दहके, अभिराज सिंह, अंडर 13 (बालिका) आहाना श्री, रॉय वान्या, अंडर 15 (बालक) हृदान चोरडिया, अमृतांश कपूर, अंडर 15 (बालिका) ऐश्वी मिश्रा, आराध्या गुप्ता, अंडर 15 (डबल्स बालक) अमृतांश कपूर, धैर्य मिश्रा, जलज अग्रवाल, अथर्व जैन, अंडर 17 (बालक), आकशत कुमार मौर्य, हृदान चोरडिया, अंडर 19 (बालक) आकशत कुमार मौर्य, अमृतांश कपूर, अंडर 19 (बालिका) इश्वी नायडू, आराध्या गुप्ता।

आयोजन की मुख्य अतिथि पलक नेब रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलकित नेब और सोम उपस्थित रहे। रोहित खन्ना, सचिव क्राइस्ट चर्च स्कूल्स पूर्व छात्र संगठन ने भी उपस्थिति दर्ज की। अंडर 9 व 11 वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार लेफ्टिनेंट कर्नल नंदकिशोर, डॉ. शमिक रज़ा और शब्बीर सैफी द्वारा प्रदान किए गए।

आयोजन सचिव रजनीश जैन, जबलपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव एन. सुब्रमणि, रंगभूमि डायरेक्टर अशुतोष मिश्रा तथा एली स्पोर्ट्स प्रबंधन एवं विकास कंपनी के हेड कोच अशुतोष तिवारी ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट बेहद सफल रहा और इसने जबलपुर में बैडमिंटन प्रतिभाओं को निखारने तथा उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान किया है।

### हॉकी एशिया कप...




**राजगीर।** जापान और चीनी ताइपे के बीच हॉकी एशिया कप मैच के दौरान चीनी ताइपे के गोलकीपर एचएसयू टिंग-शुओ गोल बचाने के लिए संघर्ष करते हुए।

## अफगानिस्तान स्पिनरों का कमाल, पाकिस्तान को 18 रन से हराया

**शारजाह।** इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के अर्धशतकों के बाद स्पिनरों के कमाल से अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करते हुए टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में 18 रन से जीत दर्ज की। कप्तान राशिद खान, मोहम्मद नबी और टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और पाकिस्तान को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया।



पाकिस्तान अगर 150 रन तक पहुंच पाया तो इसका श्रेय दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रऊफ को जाता है, जिन्होंने 16 गेंद पर चार छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। इससे पहले जादरान (65) और अटल (64) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। इन दोनों के बीच 113 रन की साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 169 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से फहीम अशरफ ने चार विकेट लिए।

### विश्व चैंपियनशिपः पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले होंगे एक साथ

# भारतीय मुक्केबाजों को करना होगा कड़ी चुनौती का सामना

एजेंसी ▸▸| लिवरपूल

भारतीय मुक्केबाज गुरुवार से शुरू हो रही विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पिछली बार के प्रदर्शन में सुधार या उसकी बराबरी करने के उद्देश्य से रिंग पर उतरेंगे लेकिन उनकी राह आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें दुनिया के शीर्ष स्तर के मुक्केबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्व मुक्केबाजी की नई शासी संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में किया जाएगा और इसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग के मुकाबले एक साथ होंगे। भारत ने 2023 में नई दिल्ली में आयोजित की गई महिला चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते थे। पुरुष टीम ने इसी साल ताशकंद में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक हासिल किए थे।



- पहली बार वर्ल्ड बॉक्सिंग के तत्वावधान में आज से शुरू होगी स्पर्धा

इसके बाद हालांकि बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसमें उसी वर्ष खेले गए एशियाई खेल और 2024 में पेरिस ओलंपिक का प्रदर्शन भी शामिल है। भारतीय मुक्केबाज इस वर्ष के शुरू में विश्व मुक्केबाजी कप से अच्छा प्रदर्शन करके लौटे हैं, लेकिन विश्व चैंपियनशिप का स्तर काफी ऊंचा होता है, जिसमें 65 से अधिक देशों के 550 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। इनमें पेरिस ओलंपिक के 17 पदक विजेता भी

### जरीन-लवलीना करेंगी 1 साल बाद वापसी

प्रतियोगिता से दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन और तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन एक साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगी। दोनों ही सीमित तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इस जोड़ी को शुरुआती दौर में शीर्ष मुक्केबाजों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इस साल तीनों विश्व मुक्केबाजी कप में भाग न लेने के कारण उनके गैरवरीय होने की संभावना है। निकहत विश्व चैंपियनशिप में पहली बार 51 किग्रा वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेगी। इससे पहले उन्होंने 52 किग्रा (2022) और 50 किग्रा (2023) में विश्व खिताब जीते।

### हाईकोर्ट ने चार सप्ताह का दिया समय

# ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती केंद्र सरकार को जवाब के लिए मोहलत

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन गेमिंग एक्ट 2025 को चुनौती के मामले पर जवाब देने के लिए मोहलत मांगी गई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच के समक्ष बुधवार को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखने के लिए समय मांगा। आग्रह स्वीकार कर कोर्ट ने चार सप्ताह का समय दे दिया। अगली सुनवाई 28 अक्टूबर तय की गई। रीवा की क्लबूबम 11 स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ पुष्पेंद्र सिंह ने याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि यह कानून युवाओं के मौलिक अधिकारों का हनन करता है। फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे कौशल-आधारित खेलों को भी यह कानून अवैध बता रहा है। अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट पहले ही फैंटेसी स्पोर्ट्स को कौशल-आधारित खेल बता चुके हैं। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा यह बिल लाया गया और कानून बनाया गया। यह नया ऑनलाइन गेमिंग कानून उस अंतर को खत्म करता है और पूरे सेक्टर को अवैध बताने की कोशिश कर रहा है। यह न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि युवाओं के मौलिक अधिकारों को भी छीन रहा है।



### लोक स्वास्थ्य विभाग से जल निगम भेजे जाने का प्रकरण

## हाई कोर्ट ने बिना सहमति जारी प्रतिनियुक्ति आदेश पर लगाई रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लोक स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ सहायक अभियंता को प्रतिनियुक्ति पर जल निगम भेजे जाने के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य शासन सहित अन्य से जवाब-तलब किया। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया गया। याचिकाकर्ता छतरपुर निवासी सुचि जैन की ओर से दलील दी गई कि सात अगस्त, 2025 को एक आदेश जारी कर प्रतिनियुक्ति का निर्णय ले लिया गया। नियमानुसार इससे पूर्व याचिकाकर्ता की अनिवार्य सहमति प्राप्त नहीं की गई। आपत्ति का बिंदु यह भी है कि जल निगम एक स्वतंत्र निगम है, जो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीन नहीं आता। इससे साफ है कि प्रतिनियुक्ति का आदेश नियमों एवं विधि के अनुरूप नहीं है। इसके अतिरिक्त याचिकाकर्ता के पति लोक निर्माण विभाग में शासकीय सेवक हैं व उसी जिले में पदस्थ हैं, ऐसे में प्रतिनियुक्ति आदेश से पारिवारिक कठिनाइयां एवं असुविधाएं उत्पन्न हो रही हैं। इस संबंध में याचिकाकर्ता द्वारा विभाग को प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया गया था, किंतु उस पर विचार नहीं किया गया।

### दिव्यांग अभ्यर्थी के अधिक अंक होने के बावजूद दरकिनार करने का मामला

## कर्मचारी चयन आयोग की नियुक्ति अंतिम निर्णय के अधीन

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन आयोग की नियुक्ति विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दी। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने इसी के साथ भारत शासन व कर्मचारी चयन आयोग से जवाब मांगा। चार सप्ताह का समय दिया गया। कोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में साफ किया कि कर्मचारी चयन आयोग अपने जोखिम पर पद भर सकता है। यदि याचिका का अंतिम निर्णय याचिकाकर्ता के पक्ष में हुआ तो वह नियुक्ति पाने का हकदार होगा। याचिकाकर्ता सतना निवासी अच्युत कुमार पांडे की ओर से अधिवक्ता नीलेश कोटेचा व नम्रता कोटेचा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता 40 प्रतिशत लोकोमोटिव दिव्यांगता से ग्रसित है। उसने कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा दी। पोस्टर असिस्टेंट पद की परीक्षा में उसके प्राप्तांक उस अभ्यर्थी से अधिक थे, जिसे चयनित कर लिया गया। लिहाजा, अभ्यावेदन दिया गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।

## विधायक द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष को हटवाने के आरोप पर हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने विधायक बृज बिहारी पटेरिया पर नगर परिषद, देवरी, सागर की अध्यक्ष नेहा जैन को हटवाने की साजिश के आरोप संबंधी मामले में सुनवाई पूरी कर ली। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। याचिकाकर्ता नेहा जैन की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि वे नगर परिषद देवरी की निर्वाचित अध्यक्ष हैं। याचिका में राज्य सरकार के बीते 25 अगस्त, 2025 को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत उन्हें अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। याचिका में आरोप है कि स्थानीय विधायक बृज बिहारी पटेरिया की राजनीतिक साजिश और असंतुष्ट पार्षदों की मिलीभगत से उन्हें बेबुनियाद आरोपों के आधार पर हटाया गया, जो अवैधानिक है। दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित होकर की गई, जो लोकतांत्रिक जनादेश पर सीधा प्रहार है। निर्वाचित अध्यक्ष नेहा जैन ने 25 अगस्त के आदेश को रद करने और अपने पद पर बहाली की मांग याचिका में की थी। हाईकोर्ट ने विगत सुनवाई में पूरा रिकार्ड पेश करने के निर्देश दिये थे। मामले में बुधवार को आगे हुई सुनवाई में उभयपक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

## लक्ष्य से कम वसूली करने पर विनोद धुर्वे को कारण बताओ नोटिस जारी

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 की राजस्व वसूली की समीक्षा लगातार की जा रही है। उनके द्वारा समीक्षा के दौरान सभी संबंधितों को बकाया करों की राशि के अनुसार वसूली के लिए लक्ष्य भी निर्धारित किये गए हैं परन्तु लक्ष्य के अनुरूप वसूली की कार्रवाई नहलृ की जा रही है। इसी तारतम्य में आज संभाग क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 17 के कर संग्रहिता विनोद धुर्वे को अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू ॠसह द्वारा कार्य के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही करने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर वसूली के कार्यो में सुधार लाने के निर्देश दिये गए है। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठकों में सभी संभागीय कार्यालयों को वसूली एवं रसीदों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये गए थे। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अगस्त 2025 की समीक्षा की गयी थी, जिसमें वार्ड क्रमांक 17 कर संग्रहिता विनोद धुर्वे द्वारा वसूली एवं रसीदें कम पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन खराब रहा है, इनको तीन दिवस के अंदर कम रसीदों, वसूली के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### लंबित शिकायतों का निराकरण करने निर्देश

# कप्तान ने किया चरगवां थाने का औचक निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।



कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बुधवार को चरगंवा पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, जब्त हथियारों, बलवा ड्रिल सामग्री के रख रखाव और हवालात का निरीक्षण करते हुए थाने में संधारित किए जाने वाले रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस अवसर पर चरंगवा थाना प्रभारी के एसआई अभिषेक प्यासी उपस्थित थे। कप्तान ने निरीक्षण के दौरान सी.एम. हैल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना स्टाफ को निर्देशित किया कि महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये तत्काल राहत पहुंचाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये।

### एम.पी. ट्रांसको में चाय संग चर्चा पर एम.डी. सुनील तिवारी

# सीनियर कार्मिक दूसरी पीढ़ी को अनुभव बांटें



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्यालय जबलपुर में आयोजित चाय संग चर्चा के अगले चरण में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मुख्यालय में कार्यरत कार्यालयीन कार्मिकों से दो सत्रों में संवाद किया। इस अवसर पर कुल 81 कार्मिक उपस्थित रहे।

संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि सीनियर कार्मिकों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी बहुआयामी सोच के साथ अपने अनुभव, ज्ञान और विशेषज्ञता नई पीढ़ी के साथ साझा करें, ताकि युवा कार्मिक कंपनी की कार्यप्रणाली को गहराई से समझ सकें। उन्होंने युवा कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखने की पहल स्वयं करनी चाहिए और वरिष्ठों से अधिक से अधिक ज्ञान, कौशल और कार्य की बारीकियां आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि कंपनी इस समय संक्रमण काल से गुजर रही है, निकट भविष्य में बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्मिक सेवानिवृत्त होंगे। ऐसे में नई पीढ़ी को दायित्व संभालने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सम्मान उसी को मिलता है जो स्वयं कार्य करता है, और इसके लिए जरूरी है कि समय के अनुरूप खुद को बदलें और प्रो-एक्टिव सोच अपनाएं।

### प्रशिक्षण और डिजिटल दक्षता पर जोर

प्रबंध संचालक ने कार्मिकों से ई.आर.पी. सिस्टम में दक्ष बनने का आग्रह किया ताकि वे डिजिटल युग की चुनौतियों का बेहतर सामना कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी वर्तमान ई.आर.पी. सिस्टम को अपग्रेड कर मोबाइल से इंटीग्रेट करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे कार्यप्रवाह और तेज होगा। उन्होंने सभी कार्मिकों से समय के साथ डिजिटल फ्रेंडली बनने, लगातार सीखते रहने और कार्य में निपुणता बढ़ाने की सलाह दी। संवाद के दौरान कार्मिकों ने प्रशिक्षण, स्किल डेवलपमेंट और ई-ऑफिस कार्यशैली सीखने की इच्छा जताई। श्री तिवारी ने इन सुझावों की सराहना की और भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन्हें अमल में लाने की कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता सुनील यादव एवं राजेश शर्मा ने किया।

### किसानों का आरोप, ओरिजनल कार्ड जमा कराकर फेंके गए

# मक्के के खेत में पड़े थे किसानों के आधार कार्ड



**जबलपुर।** जिले के पाटन के गुरु पिपरिया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब भारी मात्रा में आधार कार्ड मक्के के खेत में मिले। किसानों ने अपने आधार कार्ड यहां पर पड़े देखे तो हंगामा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। दरअसल खाद और यूरिया वितरण को लेकर बनाई गई व्यवस्था के तहत कि किसानों को आसानी से खाद और यूरिया मिल जाए इसके लिए जिला कलेक्टर ने एक व्यवस्था बनाई थी कि टोकन के लिए आधार कार्ड को डबल लॉक सेंटर में जमा कर दिए लाए। फिर खाद व यूरिया का मैसेज आए तो ले जाएं। 100 से अधिक किसानों को यूरिया दी जानी थी, जिसके लिए उनके आधार कार्ड जमा कराए जा रहे थे। किसानों का कहना है कि गोदाम प्रभारी दबाव बनाकर ओरिजिनल कार्ड जमा करवा रहे थे। सैकड़ों किसानों के आधार कार्ड जमा करवाने के बाद उसे फेंक देना ये गोदाम प्रभारी और अन्य कर्मचारियों की चाल है। जिससे कि किसानों को खाद और यूरिया न देना पड़े और उसे ब्लेक किया जा सके।

गौरतलब है कि शासन के निर्देश पर एक आधार कार्ड से 10 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी खाद देनी है। जबलपुर की पाटन तहसील स्थित गुरु पिपरिया गांव में डबल लॉक सेंटर बनाया गया है। जहां से पाटन सहित आसपास के सैकड़ों किसानों को खाद और यूरिया वितरित की जाती है। सेंटर के पीछे मक्के के खेत में जो आधार कार्ड पड़े हुए थे।

### शराब के पैसे नहीं देने पर युवक को तलवार मारी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत बड़ी इमली करोंदी खैरी के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने पर एक बदमाश ने एक युवक के साथ मारपीट कर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर टोला महाराजपुर निवासी 18 वर्षीय कुनाल कोल को गत रात लगभग 11 बजे साहिल गोस्वामी ने फोन कर बड़ी इमली करोंदी खैरी के पास बुलाया। वह बड़ी इमली करोंदी खैरी के पास पहुंचा तभी साहिल उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा, उसने रुपए देने से मना किया तो साहिल ने गालीगलौज कर उस पर तलवार से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नालबंद मोहल्ले में पुलिस की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

# ब्रांडेड कंपनी की नकली बीड़ी जब्त

**जबलपुर।** गोहलपुर पुलिस ने न्यू कैल्कुलेटर कंपनी के नाम से नकली बीडी बनाकर पैक कर बेचने वालें आरोपी को गिरफ्तार कर 275 पैकेट में बीडी के 5 हजार 500 छोटे बंडल एवं 5 किलो की पन्नी में रखी बिना पैक की हुई बीड़ियां, न्यू कैल्कुलेटर बीडी के खाली पैकिट तथा दो पंचिग मशीन जप्त किए है।

गोहलपुर थाना प्रभारी रीतेश पाण्डे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नालबंद मोहल्ला स्थित शाहनवाज हुसैन के घर में छापा मारा गया। तलाशी के दौरान घर के अन्दर कमरे में नकली कैलकुलेटर बीडीं रखी मिली है, कमरे में न्यू कैलकुलेटर बीडी के 40 खाली पैकेट्स तथा 7 बैग/बोरी में कुल 275 पैकेट बीडी प्रत्येक पैकेट में 20 छोटे बीडी के बडंल एवं एक लगभग 5 किलो की पालिथिन में बिना पैक की हुई खुली बीडी रखी मिली। मौके से 7 बैग/बोरी के अंदर 275 पैकेट में 5 हजार 500 छोटे बंडल बीडी के एवं 5 किलो की पन्नी में रखी बिना पैक की हुई बीडियॉ,। कैल्कुलेटर बीडी के खाली पैकिट तथा दो नारंगी पंचिग मशीन जप्त करते हुये आरोपी शाहनवाज हुसैन के विरुद्ध धारा 63, 65 कापी राईट एक्ट 1957, एवं 103 ड्रेड मार्क अधिनियम 1999 के तहत कार्यवाही की गयी।






# जुए के फड़ पर छापा 8 जुआड़ी गिरफ्तार

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने आयशा नगर में एक जुए के फड़ पर छापा मारकर 8 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8 हजार 700 रुपए जब्त किए है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आयशानगर में जमे जुआ के फड़ पर छापा मारा गया, यहां मोह। माजिद, ओम कुशवाहा, नौशाद अली, रोहित विश्वकर्मा, सोयेब मंसूरी, मोह। नदीन, आसिफ इकबाल, मोह। आसिफ मन्ना जुआ खेलते हुए पकड़े गए, जिनके पास से ताश के पत्ते एवं नगद 8 हजार 700 रूपये जप्त किया है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 13 एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## कार की टक्कर से बाईक सवार तीन मजदूर घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत नहर के पास हाईवे रोड पर एक कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार तीन मजदूर घायल हो गए। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कालीमठ मदन महल निवासी 28 वर्षीय भगुन सिंह लोधी गत दिवस अपने साथी मनजीत सिंह के साथ अपनी मोटर साईकल में तथा अमरजीत सिहं के साथ रामसिंह लोधी एवं माहल सिंह लोधी अपनी मोटर साईकल में ग्राम मनेरी से मजदूरी करके वापस अपने घर मदन महल जा रहे थे अमरजीत सिंह अपने साथियों के साथ मोटर साईकल में आगे चल रहा था रात लगभग 8 बजे कैनाल के पास हाईवे रोड पहुंचे तभी एक कार क्रमांक एमपी- 20-सीएच2773 के चालक ने अमरजीत सिंह की मोटर साईकल में टक्कर मार दी, जिससे अमरजीत सिंह और रामसिंह लोधी, माहल सिहं लोधी तीनों मोटर साईकल सहित रोड पर गिर गए और तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटे आ गई। वहीं कार का चालक इलाज कराने की बोलकर वहां से कार लेकर भाग गया, भगुन ने अपने साथी मनजीत सिहं की मदद से तीनों को जबलपुर इलाज हेतु भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240